रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹75800 10 ग्राम

₹95000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,901.41 | 86.524 |
| +535.23 | +0.174 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ कृष्ण पक्ष 30, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 29 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 354, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द...

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 23.0° | अधिक. 24.6° |
| न्यून. 05.0° | न्यून. 07.6° |

## झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार (29 जनवरी) को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से मंगलवार को सूचित किया गया है कि कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## नहीं रहे सरना समाज के वरिष्ठ नेता सनिका मुंडा

**खूंटी।** अखिल भारतीय सरना समाज के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्व जिला कार्यवाह सनिका मुंडा का मंगलवार को रेफरल अस्पताल तोरपा में निधन हो गया। 80 वर्षीय सनिका मुंडा सरना समाज के सर्वमान्य नेता के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। सनिका मुंडा के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जन मुंडा, तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, डॉ निर्मल सिंह, आरएसएस के शशि कुमार पांडेय, संतोष जयसवाल, विनोद भगत, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, आनंद राम, दीपक तिग्गा, संजय नाग, नारायण साहू, निखिल कंडुलना सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। सनिका मुंडा का अंतिम संस्कार 29 जनवरी को उनके पैतृक गांव चंपाबाहा, तपकारा में होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि उनक निधन से भाजपा के साथ ही सरना समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा

# अल्पसंख्यकों के लिए हो पूरे बजट का 10 प्रतिशत प्रावधान

**काजल मेहता**

विशेष बातचीत

**रांची।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड के अल्पसंख्यकों के लिए किन-किन योजनाओं पर काम कर रहा है, कितने अल्पसंख्यक इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं आदि मुद्दों पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू से बात की। उन्होंने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी अल्पसंख्यकों तक पहुंचाने के लिए आयोग लगातार प्रयास कर रहा है।

राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने स्पष्ट किया कि अल्पसंख्यक में सिर्फ मुस्लिम समुदाय के ही लोग नहीं आते। ईसाई, सिख बौद्ध, पारसी समुदाय के लोग भी अल्पसंख्यक हैं। अल्पसंख्यकों के लिए जो भी योजनाएं हैं, उसका लाभ सभी अल्पसंख्यकों को मिलेगा, चाहे वे किसी भी समुदाय से हों। लेकिन, कई ऐसे भी लोग हैं, जो जानकारी के आभाव में योजनाओं से वंचित रह जा रहे हैं। आयोग के उपाध्यक्ष मथारू ने योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा, अल्पसंख्यकों के लिए कई योजनाएं हैं। लेकिन, सबसे विशेष, जिससे झारखंड के अल्पसंख्यक पलायन नहीं करते हैं, 25 लाख रुपए तक का लोन और गाड़ी की सुविधा देने वाली योजना है। यह योजना झारखंड के उन अल्पसंख्यकों के लिए है, जो यहां अपना कारोबार शुरू करना चाहते हैं। इस योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक संबंधित प्रक्रिया पूरी करने के बाद लोन प्राप्त कर सकते हैं। मथारू ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजट के अनुसार 51



करोड़ 20 लाख की धनराशि अल्पसंख्यक विभाग को दिया गया था। उन्होंने कहा, इसमें पूरे 51 करोड़ 20 लाख रुपए दिसंबर महीने तक दिए जा चुके हैं। वहीं, 162 लोगों को वाहन का लाभ दिया जा चुका है।

### अल्पसंख्यकों को मिले माइनोरिटी स्टैटस, सरकार से करेंगे मांग

### वीसी पोर्टल से नामांकन में हो रही विद्यार्थियों को परेशानी

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने कहा कि विश्वविद्यालयों में अपने नामांकन के लिए विद्यार्थी वीसी पोर्टल का इस्तेमाल करते हैं। इसमें उन्हें कई तरह की परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, अक्सर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क उपलब्ध नहीं हो पाता है, फिर भी विद्यार्थी किसी तरह से नामांकन करने के लिए अर्जी डाल देते हैं। लेकिन, उसमें भी पोर्टल पर सारी जानकारी नहीं होने के कारण विद्यार्थी द्वारा दिए गए आवेदन के रुपए व्यर्थ हो जाते हैं। ज्योति मथारू कहा, या तो पोर्टल पर दी जा रही जानकारी अपडेट की जाए, या फिर दूसरा पोर्टल बनाने की इजाजत दी जाए।

हालांकि, अब भी विभाग के पास लोन के लिए लगभग 2000 आवेदन और वाहन के लगभग 817 आवेदन लंबित हैं। अब बजट पास होने के बाद लंबित आवेदनों को को पूरा किया जाएगा। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में अल्पसंख्यक कुल आबादी के 18 प्रतिशत हैं। उन्होंने कहा, झारखंड में अल्पसंख्यकों की जितनी आबादी है, उसके अनुसार अल्पसख्यंकों के लिए पूरे बजट का 10 प्रतिशत प्रावधान होना चाहिए। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद वर्ष 2001 में राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन हुआ था। लेकिन, अलग राज्य बनने से पहले वाले ही तौर तरीकों से आयोग का संचालन हो रहा है। उन्होंने कहा, झारखंड निर्माण के बाद से अल्पसंख्यकों को माइनोरिटी स्टैटस नहीं मिल पा रहा है। माइनोरिटी स्टैटस प्राप्त करने की राह में कई बाधाएं सामने आ रही हैं। लेकिन, इसे सरल बनाने के लिए झारखंड सरकार से हम मांग करेंगे। वहीं, संवैधानिक अधिकार देने की भी मांग की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने की बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता, बोले

# सतत एवं समावेशी विकास के बजट के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बजट के जरिए एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सके। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में 'अबुआ बजट 2025-26' की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही।

सीएम सोरेन ने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिए हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। ऐसे में जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे, राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण की संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठाएं। मुख्यमंत्री सोरेन ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं। ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिए। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है । अगर नींव मजबूत होगी, तो भविष्य में बिल्डिंग भी ऊंची बनाई जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है, ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। लेकिन, इसके बाद भी राज्य ने कई नए आयाम गढ़े हैं। इस बार हेल्थ इंडेक्स में झारखंड ने बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। पर, हमें सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि इससे प्रेरणा लेते हुए पूरे उत्साह के साथ अन्य क्षेत्र में उच्च मानक पर खरा उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ना है।

शेष पेज 11 पर



**सीएम ने कहा**

- सर्वांगीण विकास की राह पर ले जाने वाला बजट हो
- लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिए
- राजस्व संग्रहण की संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम
- खर्च के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए

### झारखंड में 70% लोगों के पास कोई बजट प्लानिंग नहीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज भी झारखंड में 70 प्रतिशत आबादी के पास अपना कोई बजट नहीं होता है। कहां से आय होगी और कहां खर्च होगा, उनके पास इसकी कोई योजना नहीं हो पाती है। इस वजह से वे पीछे रह जाते हैं। लेकिन, हमारी सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से उन्हें कई संसाधन उपलब्ध कराए हैं, जिनके जरिए वे सशक्त हो रहे हैं।

### हमारी योजनाओं को मिली है देशभर में पहचान

सीएम ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के इरादे से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की जो शुरुआत की है, उससे देश भर में इस राज्य की अलग पहचान बनी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस योजना की वजह से किसी भी व्यक्ति विशेष पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इसके लिए राशि आंतरिक संसाधन से जुटाए जाएंगे।

### बजट में रोजगार सृजन पर विशेष फोकस हो

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसके जरिए रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध होने चाहिए। इसके लिए रोजगार से जुड़ी समस्याओं के निदान के साथ रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

**अबुआ बजट पोर्टल पर सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले हुए पुरस्कृत**

सीएम ने अबुआ बजट पोर्टल के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले अनीश मुरारका, नीतीश कुमार और आरपी राम को पुरस्कृत किया। बेहतर सुझाव देने वालों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### झारखंड पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## लातेहार में दो लाख का इनामी उग्रवादी गिरफ्तार



- गिरिडीह में भाकपा माओवादी से जुड़े पति-पत्नी को धर दबोचा

**नवीन मेल डेस्क**

**लातेहार/गिरिडीह।** नक्सलियों और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के खिलाफ मंगलवार को झारखंड पुलिस को बड़ी सफलता मिली। लातेहार पुलिस ने जहां दो लाख के इनामी उग्रवादी जितेंद्र सिंह को दबोचा, वहीं गिरिडीह जिले में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के लिए काम करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। लातेहार के एसपी कुमार गौरव ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि जितेंद्र सिंह प्रतिबंधित संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) का एरिया कमांडर है। वह कम से कम 12 आपराधिक मामलों में वांटेड था और उसके ऊपर पुलिस ने दो लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। वह लातेहार सदर थाना क्षेत्र के सेमरीताड़ गांव का निवासी है।

एसपी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जितेंद्र सिंह के साथ एक हथियारबंद दस्ता इलाके में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने डीएसपी अरविंद कुमार और थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित की। इस टीम ने एक ईंट भट्ठे के पास घेराबंदी कर जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक देसी बंदूक और चार गोलियां भी बरामद की हैं। वहीं, गिरिडीह में सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने भाकपा माओवादी

शेष पेज 11 पर

### लातेहार में उग्रवादी कमांडर को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला


- पुलिस ने दो अन्य उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

लातेहार। लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात एक इंट भट्ठे पर रंगदारी वसूलने पहुंचे झारखंड जन संघर्ष मुक्ति मोर्चा नाम के उग्रवादी संगठन के कमांडर किशोर नायक उर्फ अभय को मजदूरों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर पिटाई की। बाद में इलाज के दौरान उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उग्रवादियों और ग्रामीणों के बीच संघर्ष की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि झारखंड जन संघर्ष मुक्ति मोर्चा के उग्रवादियों का हथियारबंद दस्ता सोमवार की देर रात चंदवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में संचालित एक एंट भट्ठे पर पहुंचा।

शेष पेज 11 पर

### पीएम ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया उद्घाटन, बोले

## स्पोर्ट्स भारत के सर्वांगीण विकास का प्रमुख माध्यम



**बोले प्रधानमंत्री**

- इस वर्ष कई स्वदेशी पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है
- इस बार राष्ट्रीय खेल ग्रीन गेम्स गेंदें-ट्रॉफी ई-कचरे से बनी हैं

**देहरादून (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेलों में आगे बढ़ने से देश की साख भी बढ़ती है। पीएम मोदी ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि देवभूमि आज युवा ऊर्जा से और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार, बद्रीनाथ जी, मां गंगा के शुभाशीष के साथ आज नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। इस साल उत्तराखंड के गठन का 25वां साल है। देश के कोने-कोने से हजारों युवा इस युवा राज्य में अपना पराक्रम दिखाने जा रहे हैं। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की बहुत ही सुंदर तस्वीर यहां दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय खेलों में कई स्वदेशी पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के राष्ट्रीय खेल भी ग्रीन गेम्स हैं। सभी गेंदें और ट्रॉफी ई-कचरे से बनाई गई हैं। जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम पर एक पेड़ लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हम स्पोर्ट्स को भारत के सर्वांगीण विकास का एक प्रमुख माध्यम मानते हैं। जब कोई देश स्पोर्ट्स में आगे बढ़ता है, तो देश की साख भी बढ़ती है, देश का प्रोफाइल भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले की तुलना में केंद्र सरकार का

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# एक देश एक विधान लागू तो हुआ, पर कांटे भी हैं राह में

भाजपा बहुत पहले से एक देश दो विधान दो संविधान का विरोध करती रही है और इसी समान नागरिक संहिता धर्म की परवाह किए बिना सभी नागरिकों के



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने के लिए कानूनों का एक सेट है, जो यह सुनिश्चित करती है कि उनके मौलिक और संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हैं। यूसीसी का मतलब समान नागरिक संहिता है। उत्तराखंड में सोमवार 27 जनवरी से लागू यह कानून देश में पहली बार लागू हुआ है । यूसीसी के मुख्य प्रावधान हैं - शादी, तलाक, उत्तराधिकार और विरासत के नियम सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान होंगे। इससे हलाला जैसी कुप्रथाओं का अंत होगा और महिलाओं के समान अधिकार सुनिश्चित किए जाएंगे।विवाह और लिव-इन संबंधों का पंजीकरण अनिवार्य होगा।बिना पंजीकरण के लिव-इन संबंध एक महीने से अधिक चलने पर तीन महीने की कैद या 10,000 रुपये जुर्माने का प्रावधान है।विवाह पंजीकरण न होने पर 25,000 रुपये जुर्माना का प्रावधान किया गया है।विवाह और लिव-इन संबंधों का पंजीकरण ऑनलाइन करने के लिए एक डिजिटल पोर्टल उपलब्ध कराया गया है।बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र सात दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना होगा।यूसीसी के तहत एक पत्नीत्व को सुनिश्चित किया गया है। विवाह के समय किसी व्यक्ति का अन्य जीवनसाथी जीवित नहीं होना चाहिए ।वसीयतनामे में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आधार आधारित दस्तावेजीकरण और गवाहों की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य किया गया है।अब लड़कियों और लड़कों को उत्तराधिकार में समान अधिकार मिल गया है।उत्तराखंड सरकार के इस निर्णय को महिलाओं को समान अधिकार दिए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हलाला जैसी प्रथाओं को समाप्त करने और लड़कियों को समान विरासत अधिकार देने के प्रावधानों को महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। यूसीसी लागू करने के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है और अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए नियमों को मंजूरी दी गई है। यह कदम राज्य को समता और न्याय की ओर अग्रसर करेगा।सीएम धामी ने कहा कि यूसीसी से प्रदेश की सभी महिलाओं को एक समान अधिकार मिल गया है। बहु विवाह, हलाला




जैसी कुप्रथाओं पर रोक लगेगी। शादी और तलाक का सर्टिफिकेट लेना होगा। प्रदेश में यूसीसी लागू होने के बाद पोर्टल के जरिए सीएम धामी ने अपनी शादी का सर्टिफिकेट लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के बाद यूसीसी पोर्टल पर अपने विवाह का पंजीकरण कर सर्टिफिकेट प्राप्त किया। जनमानस को ध्यान में रखते हुए पोर्टल को यूजर फ्रेंडली बनाया गया है, ताकि कोई भी नागरिक बिना किसी कठिनाई के पंजीकरण कर सके और शीघ्र अपना प्रमाण पत्र प्राप्त कर सके। गोवा में एक समान पारिवारिक कानून है, इस प्रकार यह पूर्व से एकमात्र भारतीय राज्य था, जहां समान नागरिक संहिता है और 1954 का विशेष विवाह अधिनियम किसी भी नागरिक को किसी विशेष धार्मिक व्यक्तिगत कानून के दायरे से बाहर शादी करने की अनुमति देता है।ब्रिटिश सरकार ने 1840 में लेक्स लोकी की रिपोर्ट के आधार पर अपराधों, सबूतों और अनुबंधों के लिए एक समान कानून बनाए थे, लेकिन हिंदुओं और मुसलमानों के व्यक्तिगत कानूनों को उन्होंने जानबूझकर कहीं छोड़ दिया था। दूसरी ओर ब्रिटिश भारत न्यायपालिका ने ब्रिटिश न्यायाधीशों द्वारा हिंदू, मुस्लिम और अंग्रेजी कानून को लागू करने का प्रावधान किया। साथ ही उन दिनों सुधारक महिलाओं द्वारा मूलतः धार्मिक रीति-रिवाजों जैसे सती आदि के तहत किये जाने वाले भेदभाव के विरुद्ध कानून बनाने के लिए आवाज उठा रहे थे।संविधान सभा की स्थापना की गई थी, जिसमें दोनों प्रकार के सदस्य शामिल थेः वे जो समान नागरिक संहिता को अपनाकर समाज में सुधार चाहते थे जैसे डॉ. बी. आर अंबेडकर और अन्य मुस्लिम प्रतिनिधि थे, जिन्होंने व्यक्तिगत कानूनों को कायम रखा।साथ ही समान नागरिक संहिता के समर्थकों का संविधान सभा में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा विरोध किया गया था। परिणामस्वरूप, डीपीएसपी (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) के भाग IV में अनुच्छेद 44 के तहत संविधान में केवल एक पंक्ति जोड़ी गई थी । इसमें कहा गया है कि "राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा"। चूंकि, इसे डीपीएसपी में शामिल किया गया है, इसलिए वे न तो अदालत में लागू करने योग्य हैं और न ही कोई राजनीतिक विसंगति इससे आगे बढ़ पाई है। अनुच्छेद 25 में अंतरात्मा की स्वतंत्रता और धर्म के मुक्त पेशे, अभ्यास और प्रचार की स्वतंत्रता बताई गई है। इसलिए, यूसीसी को लोगों पर जबरदस्ती नहीं थोपा जा सकता। क्योंकि, तब यह स्पष्ट रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन होगा।इसलिए, यूसीसी और पर्सनल लॉ का सह-अस्तित्व होना चाहिए। यूसीसी और कुछ नहीं, बल्कि सभी मौजूदा व्यक्तिगत कानूनों के लिए आधुनिक और प्रगतिशील पहलुओं का समावेश है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। चार खंडों और 740 से अधिक पृष्ठों वाली एक मसौदा रिपोर्ट एक समूह द्वारा बनाई गई थी जिसे अब न्यायालयों में चुनौती मिलेगी।

## सीएम हेमंत से झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने की भेंट



**रांची।** मुख्यमंत्री से मंगलवार को उनके आवासीय कार्यालय में झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस वर्ष 10 से 13 जनवरी तक जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड के जिमनास्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक हासिल किए। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स के ऐरो डांस इवेंट के लिए झारखंड के पांच खिलाड़ियों की टीम ने क्वालीफाई किया है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को पदक जीतने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के एडमिन सेक्रेटरी दीपक कुमार साहू के साथ जिमनास्ट विकास कुमार गोप, चाहत कुमार केरकेट्टा, दीपिका लामा, आयुष, टोनू गोपाल, अमित गोप, अनुराग कुमार, हेमा कुमारी तथा प्रिया यादव शामिल थीं।

## कर्मचारी संगठनों ने सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने की मांग की

**रांची।** नेपाल हाउस सचिवालय परिसर में सचिवालय सेवा संघ, झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ, झारखंड वित्त सेवा संघ, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में राज्यहित में राज्य सरकार के कार्यों की सराहना की गई। उक्त सभी संगठनों के कर्मचारियों ने झारखंड सरकार से सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग की। कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा कि लगातार राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति और राज्य में सरकारी कर्मियों की कमी को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इस मांग को पूरा करने का आग्रह किया गया। इस बैठक में अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय कुमार बरनवाल, अमित कुमार उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना प्रगति रिपोर्ट पर मंत्री ने जताई नाराजगी

# 20 तक मुख्यमंत्री पशुधन योजना का 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें : नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना की सुस्ती पर नाराजगी जाहिर की है। बैठक में विभागीय अधिकारियों को 20 फरवरी तक लक्ष्य का 80 प्रतिशत पशु वितरण का निर्देश दिया है। ये आंकड़ा जिला स्तर पर हर हाल में हासिल करने को कहा गया है। पशुपालन विभाग के निदेशालय के साथ समीक्षा बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के जिलावार रिपोर्ट से विभागीय मंत्री



असंतुष्ट दिखी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि समय पर लाभुकों का चयन और सूची तैयार नहीं होने से विभाग अपने तय लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रही है। इसके लिए जरूरी है कि समय सीमा के अंदर योग्य लाभुक का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए ।मुख्यमंत्री पशुधन योजना में त्रुटियों को समय रहते दूर करने पर भी चर्चा की गई है। इसके लिए राज्यादेश में सुधार किया जाएगा। ताकि लाभुकों को पशुधन योजना का लाभ देने को कोई अड़चन पैदा ना हो। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित फार्म्स के अगले 5 साल के विजन डॉक्यूमेंट्स की को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के समक्ष रखा गया।

### रि-इमेजिनिंग आईसीडीएस फॉर 2030 पर कायार्शाला

## नवाचार पर विचार विमर्श के लिए अवसर मिला : अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और नीति आयोग ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में रि-इमेजिनिंग आईसीडीएस फॉर 2030 विषय पर नीति-एसएसएम राष्ट्रीय कायार्शाला का आयोजन किया गया। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यशाला में मुख्य अतिथी थी। अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि रि-इमेजिनिंग आईसीडीएस फॉर 2030 विषय पर आयोजित की गई इस कार्यशाला के माध्यम से आईसीडीएस योजना की ऐतिहासिक यात्रा और उसमें अपेक्षित नवाचार पर विचार विमर्श का अवसर प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया।



## सीएम हेमंत सोरेन से मिले राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति के सदस्य



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मोरहाबादी में 31 जनवरी से आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महोत्सव में झारखंड की सभी 32 जनजातीय समुदायों की भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति की मती नीलम बिरुली, अमित तिर्की, कमिश्नर मुंडा और बादल मुंडा समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैंड टीम से कहा

# आप सभी ने देश में झारखंड का नाम किया है रौशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्स्पोजर के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

### नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले का किया प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था, जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद रहे।

# केंद्रीय इस्पात मंत्री पहुंचे धनबाद

### टासरा परियोजना का निरीक्षण और विकास पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी और इस्पात राज्यमंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने मंगलवार को झरिया के चासनाला स्थित सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) की टासरा परियोजना का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने उन्हें अंडरग्राउंड खदान और टासरा परियोजना में कोयला उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। सेल के अधिकारियों ने मानचित्र और चार्ट की मदद से खदान और परियोजना की पूरी प्रक्रिया को समझाते हुए कोयला उत्पादन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। इस मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन, सेल के जीएम, परियोजना प्रबंधक और



अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कोयला उत्पादन और नई तकनीकों पर जोर

मंत्रियों ने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए उत्पादन बढ़ाने और नई तकनीकों के इस्तेमाल पर बल दिया। उनका कहना था कि यह दौरा केवल उत्पादन की समीक्षा के लिए नहीं था, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भी था। इससे पहले, केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के चिटाही गांव स्थित आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने रामराज मंदिर में पूजा-अर्चना की और भगवान राम के दर्शन किए। सांसद आवास पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने शॉल और गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मंत्री ने इस अवसर पर सबका आभार व्यक्त किया। यह दौरा न केवल कोयला उत्पादन की प्रगति की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण था, बल्कि नई तकनीकों के माध्यम से उत्पादन और क्षेत्रीय विकास को गति देने की प्रतिबद्धता भी दर्शाता है।

## डोर टू डोर सर्वे को फरवरी के पहले हफ्ते तक पूरा करने का निर्देश

**रांची।** नगर निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए किए जा रहे डोर टू डोर सर्वे के काम को फरवरी माह के पहले हफ्ते तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग की मंगलवार को हुई रिव्यू बैठक में यह निर्देश सभी निकायों को मिला है। रांची नगर निगम ने अपने यहां भारी मतदाताओं को संख्या की बात कह 10 फरवरी तक समय देने की मांग की। इस पर निकाय ने आदमी बढ़ाकर इस पर फैसला लेने का निर्देश दिया। यह जानकारी आयोग के सदस्य नंद किशोर मेहता ने दी है। उन्होंने बताया कि रिव्यू बैठक में गुमला और सिमडेगा की तरह ही सभी निकायों को अपनी फाइनल रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। बैठक में गुमला की फाइनल रिपोर्ट पर नोडल पदाधिकारी के हस्ताक्षर पर आपत्ति जताई गई।

# झारखंड में छात्र अनिश्चितता के शिकार : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में सरकार ने 8वीं बोर्ड की होनेवाली परीक्षा को स्थगित कर दिया है। अब 10वीं बोर्ड की परीक्षा पर भी अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे। कहा कि जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 21 लाख छात्र, जिनकी मैट्रिक-इंटर और अन्य बोर्ड परीक्षाएं तय समय पर होनी चाहिए थीं, वो जैक अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से बाधित हो सकती है। कहा कि यदि समय पर परीक्षाएं नहीं हुईं, तो छात्रों को अगले शिक्षण सत्र में नामांकन लेने में भी काफी परेशानी होगी। श्री मरांडी ने कहा कि इसी तरह जेपीएससी अध्यक्ष का पद भी पिछले वर्ष अगस्त से रिक्त है, जिससे कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं लंबित हैं। हजारों अभ्यर्थी मानसिक और आर्थिक दबाव में हैं। वर्षों की मेहनत और तैयारी के बावजूद ये अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। कहा कि छात्रहित और रोजगार सृजन किसी भी सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन, यह झारखंड का दुर्भाग्य है कि राज्य के छात्रों को ऐसी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि वे छात्रहित में इन रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करें।



## राज्य के 22 लाख छात्रों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़ : धर्मेंद्र तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की ढुलमुल नीति के कारण एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा होने वाली परीक्षाएं अधर में लटकी। जनता दल यूनाइटेड के नेता धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सरकार 22 लाख विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। 18 जनवरी को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हुआ। पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई। पूर्व के अध्यक्ष ने विशेष कार्य तैयारी का हवाला नहीं दिया। फरवरी माह में परीक्षा है एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं हो रहा है। 11वीं हो या 12वीं के विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय दिखता है। समय पर परीक्षाएं नहीं होगी रिजल्ट प्रकाशित नहीं होगा तो अन्य राज्यों में बच्चे दाखिला नहीं ले पाएंगे। साथ ही बहुत सारी ऐसी परीक्षाएं होती हैं जिनका डेट टकराने की संभावना बढ़ जाती है। नुकसान विद्यार्थियों को होता है। राज्य सरकार को जागना होगा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करें, जैक बोर्ड के साथ-साथ बहुत सारे आयोग के भी पद खाली चाहे वह बाल आयोग हो, महिला आयोग हो, सूचना आयोग सब खाली पड़े है। सरकार का ध्यान नहीं है पता नहीं सरकार किसी और ध्यान दे रही है। माननीय मुख्यमंत्री को अलग-अलग विभागों के मंत्रियों और सचिवों से बात करनी चाहिए। अजीम प्रेम जी विश्वविद्यालय के पास जमीन है पर नक्शा आज तक पास नहीं हो पाया। यहां के युवा विद्यार्थी लाभ नहीं ले पा रहे हैं। रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ती। श्री तिवारी ने कहा दूसरी तरफ सेंट्रल यूनिवर्सिटी में लड़कियों ने लॉ एंड ऑर्डर पर भी प्रश्न उठाया था सभी विश्वविद्यालय में शिक्षक की नियुक्ति होनी चाहिए और रेगुलर परीक्षाएं होनी चाहिए। बोर्ड निगम के जो सदस्य हैं उनका भी समय पर चयन हो। सरकार अपनी जवाब देही समझे। राज्य की जनता, युवा, महिला, विद्यार्थी, बेरोजगार, उद्यमी, किसान, मजदूर किसी को दिक्कत नहीं हो।

# शिक्षा व स्वास्थ्य में गुणात्मक सुधार लाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : चमरा लिंडा

- *चमरा लिंडा ने शिक्षा कैलेंडर जारी किया*
- *आवासीय विद्यालयों में वर्ग 6 से 8 तक का नामांकन परीक्षा 9 मार्च को*
- *गृह जिले के विद्यालय में स्थानांतरित करने का विकल्प देने का निर्देश*



**शिक्षा कैलेंडर इस प्रकार है**

| | |
|---|---|
| ▶▶ 1, 8 एवं 15 फरवरी 2025-विज्ञापन प्रकाशन | ▶▶ एक से 10 अप्रैल 2025-काउंसलिंग |
| ▶▶ 5 से 28 फरवरी 2025-इएमआरएस नामांकन फॉर्म भरा जाएगा | ▶▶ 10 से 20 अप्रैल 2025-नामांकन प्रक्रिया पूरी करना |
| ▶▶ 9 मार्च 2025-प्रवेश परीक्षा | ▶▶ 25 अप्रैल 2025-सभी विद्यार्थियों का स्कूल में प्रवेश |
| ▶▶ 28 से 25 मार्च 2025-रिजल्ट प्रकाशन | 1 मई 2025 - कक्षा (सत्र) प्रारंभ |

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को शिक्षा कैलेंडर जारी किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर संचालित कराएं। मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन और विद्यार्थियों के अध्ययन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने आदिवासी कल्याण आयुक्त को निर्देश दिया कि 1 मई 2025 से झारखंड में कुल 59 एकलव्य मॉडल विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के जनजातीय बच्चों का नामांकन कार्य पूर्ण करते हुए अध्यापन कार्य सुनिश्चित करें।

मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि पहले झारखंड में मात्र 7 एकलव्य मॉडल विद्यालय संचालित थे। इसमें पूरे राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन किया जाता था। ऐसी व्यवस्था से बड़ी संख्या में जनजातीय वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय बच्चे-बच्चियों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार का लक्ष्य है।

मंत्री चमरा लिंडा ने पूर्व के नामांकित छात्र-छात्राएं, जो अपने गृह जिला से दूर के विद्यालय में अध्ययनरत हैं (वर्ग-09 एवं 10 को छोड़कर), उन्हें उनके गृह जिले के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में स्थानांतरित करने का विकल्प देने का निर्देश दिया। मंत्री ने यह विकल्प 15 से 25 फरवरी 2025 तक प्राप्त कर लिए जाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने विकल्प के आधार पर उत्पन्न होने वाली रिक्तियों का समायोजन कक्षावार अप्रैल 2025 के लिए नामांकन के क्रम में पूरे कर लिए जाने का निर्देश दिया। मौके पर कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, प्रोजेक्ट निदेशक संजय भगत, उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह, उपसचिव बिनोद बिहारी बांके एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जमशेदपुर महिला कॉलेज की कुलपति ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अंजिला गुप्ता ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल को विश्वविद्यालय के 'द्वितीय दीक्षांत समारोह' में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित भी किया।

### फुटपाथ दुकानदारों को परेशान कर रहा नगर निगम : संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ ने रांची नगर निगम प्रशासन पर फुटपाथ दुकानदारों को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि क्या रांची में फुटपाथ दुकानदारों को जीने का अधिकार नहीं है। वे अपने बच्चों का कैसे पालन पोषण करेंगे? अतिक्रमण हटे परंतु ऐसे छोटे दुकानदार जिनकी जीविका फुटपाथ पर दुकान चला कर चल रही हो, बिना व्यवस्थित किए इनको हटाना गलत है। उनके सामने परिवार चलाने का संकट उत्पन्न हो गया है ' आखिर यह कहां जाएंगे। रांची नगर निगम एवं रांची प्रशासन को इस पर विचार करना चाहिए। संजय सेठ ने मंगलवार को कहा कि नगर निगम को सभी क्षेत्रों का सर्वे करके एक सुनिश्चित जगह तय कर इन फुटपाथ दुकानदारों को जगह उपलब्ध कराए ताकि यह अपना जीवन यापन कर सकें। इन्हें व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी नगर निगम और रांची प्रशासन की है। 2016 में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें रांची के विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किए गए थे। सर्वे के मुताबिक जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं, वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराया जाएगा लेकिन प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर दुकान उजड़ रही है। यही नहीं बिना नोटिस के दुकानदारों की दुकान उजाड़ दी जा रही हैं जो बिल्कुल ही गलत है। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि प्रशासन और नगर निगम अतिक्रमण के नाम पर दुकानों को क्षतिग्रस्त ना करे।

### कुंभ के लिए झारखंड सरकार का विशेष प्रबंधन नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना सनातन विरोधी चेहरा दिखा दिया। प्रतुल ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन प्रयागराज के कुंभ में हो रहा है। लगभग 40 करोड़ सनातनी देश-विदेश से कुंभ में डुबकी लगाने के लिए आएंगे। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड सरकार ने कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है। प्रतुल ने कहा कि अनेक राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। साथ ही साथ अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है। कई राज्यों ने स्पेशल बस को रवाना किया है। राज्यों ने अपने यहां से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने, खाने-पीने ,भोजन आदि की व्यवस्था का भी ध्यान रखा है। लेकिन झारखंड सरकार इस मामले में बिल्कुल ही असंवेदनशील रही। अलग-अलग राज्यों ने अपने यहां के समाचार पत्रों में प्रयागराज में हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। कांग्रेस के दबाव में हेमंत सरकार ने कुंभ मेला से हाथ खींचा?

### आजसू पार्टी में जेबीकेएसएस के संजय मेहता हुए शामिल



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेताओं डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर एवं राजेंद्र मेहता ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में बताया कि सोमवार को धनबाद के भाटिनदह जलप्रपात स्थल पर हुई। केंद्रीय सभा की बैठक में संगठन और आम जनता के मुद्दों पर भावी रणनीति तय की गई। जिसके तहत अब पार्टी जनहित के लिए मुखर होकर आवाज बुलंद करेगी और विपक्ष की भूमिका में झारखंडी जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। पार्टी जनता के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। आजसू पार्टी संघर्ष से उपजी पार्टी है और आम जनता का हित इसके लिए चुनाव से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसी लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए आजसू पार्टी तीन माह में झारखंड के सभी 32,623 गांवों में ग्राम कमेटियों का गठन करेगी। आजसू नेताओं ने बताया कि केंद्रीय सभा के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया कि पूरी पार्टी एकजुट है और आजसू को हाशिए पर देखने का सपना देखने वालों को कुछ भी हाथ लगने वाला नहीं। कल की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक लंबोदर महतो समेत पूरे राज्य से आए केंद्रीय सदस्य, जिला पदाधिकारी, अनुषंगी संगठन और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हरिओम टावर में बिना ट्रेड लाइसेंस के 18 दुकानदार कर रहे कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम की ओर से मंगलवार को सरकुलर रोड स्थित हरिओम टावर में कारोबार करने वालों के ट्रेड लाइसेंस की जांच की गई। इसमें 18 दुकानदार बिना ट्रेड लाइसेंस के कारोबार करते पाए गए, जिन्हें नोटिस थमाया गया। जानकारी के अनुसार, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में चले जांच अभियान में 45 में से 18 दुकानदार बिना ट्रेड लाइसेंस के कारोबार का संचालन करते पाए गए। कई दुकानदारों द्वारा प्रस्तुत पूर्व के लाइसेंस की या तो मियाद समाप्त हो गई थी या फिर किसी वजह से लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। इसके अलावा कई प्रतिष्ठान के संचालक बिना लाइसेंस के व्यापार कर रहे हैं। ऐसे सभी कारोबारियों को नोटिस थमाया गया और तीन दिन के अंदर ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। तय समय सीमा के अंदर लाइसेंस नहीं लेने पर निगम की ओर से दुकान को सील करने की कार्रवाई को चेताया गया। निगम के सहायक प्रशासक दिलीप कुमार के नेतृत्व में जांच करने वाली टीम ने सभी कारोबारियों से दुकान के बाहर लाइसेंस प्रदर्शित करने को कहा। बताया गया कि किसी भी आवासीय एवं व्यावसायिक परिसर में बिना ट्रेड लाइसेंस के प्रतिष्ठान का संचालन गैर कानूनी है। इसमें भारी अर्थदंड के साथ ट्रेडर के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई का प्रावधान है। गड़बड़ी पकड़ में आने पर निगम की ओर से अतिरिक्त दंड अधिरोपित किए जाने के अलावा लाइसेंस शुल्क के साथ व्यवसाय को बंद भी किया जा सकता है।



### निगम की चार टीमें चला रही जांच अभियान

निगम की चार टीम शहर के विभिन्न इलाकों के व्यावसायिक क्षेत्रों के होल्डिंग एरिया, उपभोग की प्रकृति, ट्रेड लाइसेंस, रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं सड़क की चौड़ाई की जांच कर रही है। निगम के कर संग्रहकर्ता के स्तर पर गठित चार टीम वार्ड संख्या 14, 15, 17, 18, 19, 20, 22, 23 और 24 के व्यावसायिक क्षेत्र में सप्ताह में दो दिन और शनिवार को सघन रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है।



## सदर अस्पताल में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल रांची में जरूरतमंदों और मरीजों के बीच कंबल वितरण किया गया। क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सर्दी के प्रकोप से जूझ रहे जरूतमंदों लोगों को राहत प्रदान करना था। उन्होंने कहा, यह हमारा कर्तव्य है कि हम समाज के हर वर्ग की मदद करें। ठंड के इस मौसम में ऐसे प्रयास जरूरतमंदों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, कंबल प्रोजेक्ट चेयरपर्सन मोनिका गोयंका की ओर से 500 कंबल वितरित किए गए। अस्पताल प्रबंधन ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से जरूरतमंदों को न केवल भौतिक सहायता मिलती है, बल्कि समाज में एकजुटता का भी संदेश जाता है। पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि हमारे क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कंबल वितरण में मदद की।हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम अस्पताल में भर्ती मरीजों और जरूरतमंदों के लिए एक छोटा सा सहारा बन पाएगा।कार्यक्रम में मरीजों और उनके परिजनों ने इस सहयोग के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस महानिरीक्षक ने श्री राधा कृष्ण मंदिर का किया दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग के श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम सेवा धाम में स्थित श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा (आईपीएस) ने अपनी धर्म पत्नी पूजा झा के साथ मंदिर पहुंचे तथा भगवान राधा कृष्ण का माथा टेका एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी अरविंद पाण्डे ने उन्हे अंग- वस्त्र दुपट्टा ओढ़ा कर अभिनंदन किया। वहीं ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, सुरेश अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ ने उन्हे भगवान राधा-कृष्ण का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आईजी अखिलेश कुमार झा ने मंदिर की सुंदरता भव्यता एवं कलाकृति देखकर मंत्र-मुग्ध हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं की समुचित सुविधा के लिए सुरक्षा विधि व्यवस्था के साथ-साथ श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम तक की सड़कों- नालियों एवं पार्किंग की सुचारु व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल पवन कुमार पोद्दार विशाल जालान आदि उपस्थित थे।

## धोखाधड़ी वाले एपीके ऐप से बचें : डीजीपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



एपीके एप्लिकेशन से संबंधित साइबर अपराध रोकने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता समीक्षा बैठक किए। मंगलवार को डीजीपी ने झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस ऐप से बचने और सुरक्षित रहने के लिए समीक्षा बैठक किए। इस बैठक में जिले के एसपी शामिल हुए। बैठक में अनजाने और धोखाधड़ी वाले एपीके ऐप से संबंधित विभिन्न सुरक्षा नीतियों की व्यापक रूप से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मे एसपी जामताड़ा द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम से संबंधित पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुती दी गयी। साथ ही साथ बताया गया कि साईबर अपराधी असली ऐप्स की तरह दिखने वाली नकली एपीके फाइल्स में मैलवेयर और वायरस छिपाकर यूजर्स के डिवाइस में इंस्टॉल करवाते हैं। जिससे लोगों का निजी डाटा चोरी कर बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर डिवाइस को रिमोट कंट्रोल में ले लेते हैं।

### डीजीपी ने जारी किए दिशा निर्देश

- आधिकारिक ऐप स्टोर से ऐप्स डाउनलोड करें।
- फोन में विश्वसनीय एंटी वायरस ऐप इस्टॉल करें।
- अनजान स्रोतों से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें।
- सिस्टम को हमेशा अपडेट रखना सुनिश्चित करें।
- सार्वजनिक स्थलों पर ब्लूटूथ और वाई-फाई प्रयोग करने पर विशेष ध्यान दें।
- संदिग्ध कॉल्स, विज्ञापनों, लिंक, गतिविधि, मुफ्त ऑफर को नजरअंदाज करें।
- सिस्टम में ऑटोमैटिक डाउनलोड मोड को बद रखना सुनिश्चित करें।
- साईबर अपराध की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में निश्चित रूप से भाग लें।

## यूपीएस को लेकर सरकारी कर्मचारियों में रोष : विक्रांत

**रांची।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने केंद्र द्वारा लागू एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के फैसले का विरोध किया है। संगठन की झारखंड इकाई के अध्यक्ष विक्रांत सिंह ने मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर इसकी निंदा की और इसे सरकारी कर्मचारियों के हित के विपरीत बताया। उन्होंने कहा है कि केंद्र ने कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को लेकर उसी पैसे को वापस देने की योजना बनाई है। यह नई पेंशन योजना (एनपीएस) का ही बदला हुआ स्वरूप है। प्रांतीय महासचिव उज्ज्वल कुमार तिवारी ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को सबसे बेहतर बताया। उन्होंने झारखंड में लागू होने के बाद अब इसे देश के सभी राज्यों एवं केंद्रीय कर्मचारियों पर भी लागू करने की मांग की।

### आज / कल




## संस्कृत विभाग की दो छात्राओं को मिला प्रो. भगवती प्रसाद मेमोरियल पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणतन्त्र दिवसपर रांची वीमेंस कॉलेज के संस्कृत विभाग की दो प्रतिभावान छात्राओं को स्वर्गीय डॉ. प्रोफेसर भगवती प्रसाद मेमोरियल पुरस्कार (2024-2025) प्रदान किया गया। कालेज की प्राचार्या डॉ. सुप्रिया ने गोपाल प्रसाद गुप्ता की उपस्थिति में यूजी सेमेस्टर-6 की छात्रा सोनी कुमारी और पीजी की छात्रा कमला देवी को बेस्ट स्टूडेंट्स सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया गया। अवार्ड के तहत दोनों छात्राओं को रजत पदक, 2500/- रुपया नकद और सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि ऐसे पुरस्कारों से छात्राओं का मनोबल बढ़ता है और वे शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा किरण ने जानकारी देते हुए बताया- विगत दो वर्षों से समाजसेवी गोपाल प्रसाद गुप्ता के प्रयास से यह पुरस्कार संस्कृत-विभाग की टॉपर और बेस्ट स्टूडेंट्स को वित्तीय सहायता और पदक प्रदान किया जाता है। ज्ञातव्य है कि स्वर्गीय डॉ. भगवती प्रसाद रांची वीमेन्स कॉलेज के संस्कृत विभाग की भूतपूर्व विभागाध्यक्ष थी, जिनका स्वर्गवास 2023 में हो गया. उन्हीं की स्मृति में यह पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रोत्साहन के रूप में दिया जाता है।

### मास्टर ट्रेनर्स की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

## युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी (श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार) द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षक क्षमतावर्धन कार्यशाला कांके स्थित विश्वा प्रशिक्षण केन्द्र में संपन्न हुआ। मास्टर्स ट्रेनर्स के लिए आयोजित दो दिवसीय आवासीय क्षमतावर्धन कार्यशाला का उद्देश्य मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षकों का कार्यशाला के माध्यम से क्षमतावर्धन करना था, जिससे कि प्रशिक्षणोपरांत युवाओं को टिकाउ रोजगार से जोड़ा जा सके। दो दिवसीय कार्यशाला का प्रथम सत्र प्रतिभागियों के परिचय एवं झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी तथा मुख्यमंत्री सारथी योजना के बारे में संक्षिप्त उन्मुखीकरण के साथ शुरू हुआ। कार्यशाला के दौरान दो दिनों की अवधि में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने एवं प्रशिक्षण परिणाम प्राप्त करने में प्रशिक्षक की भूमिका एवं जिम्मेदारियां प्रभावी संचार कौशल, प्लानिंग एंड बिजनेस, वित्तीय समावेश, रोजगार एवं स्व रोजगार, ई-कामर्स, व्यवसायिक योजना निर्माण, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट जैसे विषयों से प्रशिक्षकों को परिचित कराया गया। साथ ही समूह कार्य के माध्यम से प्रतिभागियों को सत्र से मिली सीख को प्रदर्शित करने एवं चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों पर विमर्श का अवसर दिया गया। मिशन निदेशक, झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में मास्टर्स ट्रेनर्स की अहम भूमिका होती है। प्रशिक्षकों का नेटवर्क तैयार करने का उत्तरदायित्व मास्टर्स ट्रेनर्स का होता है, वे प्रशिक्षक जो प्रतिभावान युवाओं को कौशल कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण देकर कुशल कार्यबल के रूप में तैयार करते हैं। दो दिवसीय कार्यशाला में राज्य भर के विभिन्न जिलों से प्रशिक्षण सेवा प्रदाओं के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रूप में ओरिएंट क्राफ्ट, जेवियर इंस्टीट्यूट आफ सोशल सर्विस, जेएसएलपीएस, एलडीएम, यूएनडीपी एवं झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के प्रबंधक उपस्थित थे।

### व्यवसायी सुदेश केडिया को झटका

## एनआईए की बरामद राशि वापस करने की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एवं जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ ने चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपी व्यवसायी सुदेश केडिया को राहत देने से इनकार किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए) की टीम ने सितंबर 2018 में सुदेश केडिया के यहां छापेमारी में उसके आवास सह कार्यालय से 9.95 लाख रुपए बरामद किया था। उसी बरामद राशि की वापसी को लेकर याचिका दाखिल की थी जिसे खंडपीठ ने अपना फैसला सुनाया है। खंडपीठ ने सुदेश केडिया को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि एनआईए की छापामारी में सुदेश केडिया के आवास से बरामद 9.95 लाख रुपए उनके व्यवसाय का है, यह टेरर फंडिंग का पैसा नहीं है। इस पैसे से कर्मियों को सैलरी दी जानी थी। इसलिए एनआईए द्वारा बरामद 9.95 लाख रुपए को उन्हें वापस दिलाया जाए। बता दें कि टेरर फंडिंग से जुड़े केस में रांची की एनआइए की विशेष अदालत में सुनवाई जारी है। एनआइए ने टंडवा थाना में दर्ज कांड संख्या 2/2016 को फरवरी 2018 को टेकओवर किया था। अनुसंधान के बाद एनआइए ने मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसमें एनआईए की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। मामले में आरोपियों का बयान दर्ज किया जाना है।

### मौनी अमावस्या व्रत व स्नान आज

## प्रयागराज महाकुंभ का स्नान समाज में धार्मिक सौहार्द और एकता का प्रतीक: संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि मौनी अमावस्या का पर्व हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्व रखता है। यह माघ माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इस साल मौनी अमावस्या बुधवार को है। इस दिन मौन व्रत रहकर स्नान करना चाहिए। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान आदि कर पूरे दिन मौन रहकर उपवास करते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के साथ पीपल के पेड़ की पूजा की जाती है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ अमावस्या के दिन संगट तट और गंगा पर देवी-देवताओं का वास होता है। इस समय प्रयागराज में महाकुंभ भी चल रहा है। मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में अमृत स्नान भी होगा। महाकुंभ के अमृत स्नान के समय में गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करना बेहद ही शुभ रहता है। जो व्यक्ति इस समय गंगा स्नान या अन्य पवित्र नदियों में स्नान करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।महाकुंभ के दौरान अमृत स्नान करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। जो आत्म- निर्माण,साधना और मानसिक शांति का प्रतीक है। इस दिन विशेष रूप से मौन व्रत रखने की परंपरा है, जिससे व्यक्ति अपने भीतर की आंतरिक शांति और संतुलन की ओर अग्रसर होता है। वहीं, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला इस दिन और भी विशेष बन जाता है, जहां लाखों श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान करने के लिए जुटते हैं।प्रयागराज जिसे त्रिवेणी संगम के नाम से भी जाना जाता है, यहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का मिलन होता है। यह स्थान हिंदू धर्म के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है, जहां हर 12 वर्षों में महाकुंभ मेला आयोजित होता है। इस दिन लाखों श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान कर अपने पापों से मुक्ति प्राप्त करने का विश्वास रखते हैं। खासकर मौनी अमावस्या के दिन कुंभ मेला अधिक श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में महाकुंभ स्नान का महत्व अत्यधिक है।

## न्यूज बॉक्स

### रिश्वत मामले में इंजीनियर बृज बिहारी सिंह दोषी करार, सजा 31 जनवरी को

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के एसीबी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मंगलवार को 11 साल पुराने रिश्वत मामले में जल संसाधन विभाग के तत्कालीन सहायक अभियंता बृज बिहारी सिंह को दोषी पाया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 31 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। दोषी पाए जाने के बाद इंजीनियर को जेल भेज दिया गया है। इंजीनियर को एसीबी टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते 24 जुलाई 2014 को गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत चेक डैम के निर्माण का बकाया राशि का आवंटन के लिए इंजीनियर ने ठेकेदार कालेश्वर महतो से ले रहा था। उसने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। दोनों के बीच 15 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था जिसकी शिकायत पर एसीबी ने रिश्वत के साथ रंगे हाथ पकड़ा था।

### आरयू का नाम डॉ रामदयाल मुंडा करने की मांग



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच ने रांची विश्वविद्यालय का नाम पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के नाम करने की मांग करते हुए एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कुलपति डॉ अजित सिन्हा को पत्र सौंपा। मंच के अभिषेक शुक्ला बोले, डॉ मुंडा का शिक्षा, साहित्य, समाज सुधार आदि क्षेत्र में बड़ा योगदान रहा है। उनके नाम पर विवि का नाम करना राज्य की सांस्कृतिक और शैक्षिक पहचान को और मजबूती देगा। इस पर कुलपति ने विवि प्रशासन द्वारा पहल करने का भरोसा दिलाया। पत्र सौंपने वालों में बिपन यादव, विक्रम यादव, मनजीत कुमार, अंकित, नेयाज अली, साहिल कुमार, अनुज शामिल थे।

### सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन लेने के मामले में 8 आरोपियों का बयान दर्ज

**रांची।** सूबे के पूर्व मंत्री एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का से जुड़े सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासी जमीन खरीदने के 14 साल पुराने मामले में 8 आरोपियों के बयान अदालत ने दर्ज कर लिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को मामले के आरोपी रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात, राज किशोर सिंह, फिरोज अख्तर, ब्रजेश मिश्रा, अनिल कुमार, मनीलाल महतो, गोवर्धन बैठा एवं ब्रजेश्वर महतो का बयान दर्ज किया गया। वहीं मामले के आरोपी पूर्व मंत्री एनोस एक्का उनकी पत्नी मेनन एक्का और परशुराम केरकेट्टा कोर्ट नहीं पहुंचे जिसके कारण बयान दर्ज नहीं हो सका। अदालत ने अगली तारीख 6 फरवरी निर्धारित की है। एनोस एक्का पर मंत्री रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री में फर्जी पते का इस्तेमाल करने का आरोप है। प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर जमीन की खरीदारी की थी। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 4 अगस्त 2010 को एनोस एक्का समेत अन्य पर प्राथमिकी दर्ज की थी।

### रिश्वत लेने के मामले में सीसीएल के दो कर्मचारियों को तीन साल की सजा




**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के सीबीआई ध्के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मंगलवार को 6 साल पुराने रिश्वत लेने के मामले की सुनवाई करते हुए सीसीएल रामगढ़ के तत्कालीन यूडीसी दिलीप कुमार और सेवानिवृत्त क्लर्क सुरेश कुमार को दोषी पाकर तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ दी दोनों पर 5-5 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर दो माह का अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोनों पर आरोप था कि सीसीएल कर्मचारी की एरियर प्रक्रिया करने के एवज में दिलीप कुमार ने 2500 रुपए रिश्वत की मांग की थी जिसकी शिकायत सीसीएलए के कर्मचारी विदेशिया घासी ने 21 फरवरी 2019 को की थी। उसकी शिकायत पर सीबीआई टीम ने दूसरे दिन रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपियों को ऊपरी अदालत में जाने के लिए तत्काल जमानत की सुविधा प्रदान की है।

### युवक ने एसिड पीकर की आत्महत्या

**रांची।** कांटाटोली वाईएमसीए गली के रहने वाले एक युवक ने एसिड पीकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम मो इमरान है और वह कांटाटोली का रहने वाला था। इमरान के भाई मिराज ने बताया कि उनका भाई मानसिक परेशानी से गुजर रहा था। उसका इलाज भी चल रहा था। सोमवार को इमरान उनके पास आया और जूस पीने के लिए सौ रुपए मांगे। मिराज के अनुसार, इमरान जूस पीने के लिए पैसे लेकर गया था, लेकिन उसने बाजार से एसिड की बोतल खरीद ली और उसे पूरा पी गया। एसिड पीने की वजह से उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे रिम्स में में भर्ती करवाया। लेकिन, इलाज के दौरान देर शाम इमरान की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मेराज ने बताया कि उनका भाई इमरान आर्थिक रूप से कमजोर था। इस वजह से वह डिप्रेशन में था। उसका इलाज भी चल रहा था। लेकिन, उससे कोई विशेष फायदा नहीं हुआ था। इमरान ने अपने बड़े भाई से जूस पीने के लिए पैसे मांगे और एसिड खरीद कर पी गया। उसे तड़पता हुआ देख अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए। इमरान की एक पुत्री भी है। जांच में जुटी पुलिस. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस यह पता कर रही है कि आखिर इमरान ने एसिड क्यों पिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में परिजनों से पूछताछ की जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### पुरुलिया रोड में नो वेंडर जोन में दुकान लगाने देने की मांग

**रांची।** पुरुलिया रोड में शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। इसे लेकर मंगलवार को फुटपाथ दुकानदारों की कमेटी की बैठक हुई। इसमें टाउन वेंडर समिति के सचिव राजकुमार चौरसिया ने बताया कि यह जगह नो वेंडर जोन के अंदर है। लेकिन, लगातार हमें यहां से हटाया जा रहा है। इसे लेकर कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को ही उप नगर आयुक्त से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा और अतिक्रमण को इस क्षेत्र में बंद करने की अपील की। कमेटी के सचिव राजकुमार ने कहा कि जब हमलोग नो वेंडर जोन में दुकान लगा रहे हैं, तब हमलोगों को यहां से क्यों हटाया जा रहा है। इसे लेकर सभी सदस्य उप नगर आयुक्त से मिलकर अपनी समस्याओं को बताया और साथ ही उन्होंने इसे जल्द ठीक करने भी बात कही। लेकिन, जबसे अतिक्रमण हटाया गया है, तब से वेंडर दुकान लगाने में भी डर रहे हैं। उन्हें अभी भी डर है कि कहीं अतिक्रमण वाले आकर फिर उन्हें हटा ना दें। इसी कारण वेलोग दुकान नहीं लागा पा रहे हैं।

### अटल क्लीनिक के आठ डॉक्टरों का हुआ इंटरव्यू

**रांची।** रांची में अटल क्लीनिकों में चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए सदर अस्पताल में मंगलवार को चिकित्सकों का इंटरव्यू लिया गया। सदर अस्पताल में छह एमबीबीएस डॉक्टरों और दो आयुष चिकित्सकों का इंटरव्यू लिया गया। सिविल सर्जन डॉ प्रभात ने बताया कि 18 अटल क्लीनिक हैं। अधिकतर में चिकित्सक पहले से मौजूद हैं। जिन केंद्रों में नहीं हैं, उनके लिए इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। इंटरव्यू के रिजल्ट के बाद उन्हें अटल क्लीनिकों में पदस्थापित कर दिया जाएगा। इससे मरीजों की परेशानी दूर होगी।

## एक नजर

### चान्हो में ट्रक चालक हत्या मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**चान्हो।** खलारी के मोहननगर निवासी 26 वर्षीय अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बजरंग सिंह की बीजूपाड़ा चौक के पास चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। गांजा पीने के दौरान हुए विवाद को लेकर अभिषेक कुमार सिंह की हत्या की गई थी। हत्या के मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में आजाद अंसारी, नसीम अंसारी, राजू राय उर्फ मुस्ताक राय और युनुस राय को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद किया गया है। पूर्व से चली आ रही विवाद के कारण आजाद अंसारी ने अपने दोस्तों के साथ मिल कर हत्या की घटना को अंजाम दिया। कोयला के अवैध धंधा को लेकर पूर्व से विवाद चली आ रही थी.

### खलारी व मैकलुस्कीगंज के थाना प्रभारी हुए सम्मानित

**खलारी।** पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी खलारी पुलिस निरीक्षक विजयकुमार सिंह तथा मैकलुस्कीगंज के थाना प्रभारी गोविन्द कुमार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। इन तीनों को यह सम्मान दो लाख के इनामी पीएलएफआई का जोनल कमांडर सह झारखंड राज्य कमेटी के सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को पकड़ने के लिए दिया गया है। पुलिस उप अधीक्षक खलारी को वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदनकुमार सिन्हा ने खलारी थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमितकुमार अग्रवाल तथा मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी को अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कृष्णा यादव के खिलाफ पुलिस फाइल में कुल 51 संगीन मामले दर्ज हैं।

### संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज बाल सभा का हुआ गठन

**मांडर।** संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में मंगलवार को बाल सभा का गठन किया गया। सब्बू प्रवीण प्रेसिडेंट, साहिल अंसरी और मुस्कान कुमारी वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया। इसके अतिरिक्त अनुशासन विभाग के लिए आलोक उराव , पवन कुमार, अभिषेक कुमार, माही कुमारी, जकिया प्रवीण और तूलिका कुमारी,सांस्कृतिक विभाग के लिए रोडसान कुजूर, समीर ब्रिजिया,नीतू मिंज, शीतल खलखो, प्रिन्सी शर्मा, सृष्टि मानसी कुजूर, खेल विभाग के लिए अंकित उराव, सुयश कुमार ,हर्ष अभिजीत खलखो, निकिता कुमारी, सफाई विभग के लिए उत्तम कुमार महतो, रियांचल उराव, अर्चना उराव, स्वस्थ विभाग के लिए नेहा लकड़ा, राखी कुमारी, सानिया प्रवीण,सी. एल, सी. विभाग के लिए लिसी रिया लकड़ा, तरशीला केरकेट्टा, आयुष टोप्पो, रोनाल्ड केरकेट्टा प्रेयर और न्यूज विभाग के लिए रमेश गोप, सुहानी कुमारी, अंजलि कुमारी आदि को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

खलारी स्टेशन को अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित करने का प्रस्ताव

# मंडलीय सांसद समिति की बैठक में प्रस्तुत हुआ एजेंडा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** मंडलीय सांसद समिति की बैठक में खलारी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह बैठक मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद के सभागार में मंगलवार को हुई। इस बैठक में सांसद के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा खलारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा मौजूद थे। बैठक में उपस्थित पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रपाल सिंह ने शैलेन्द्र शर्मा को रेल इंजन का माडल भेंट किया। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ द्वारा उनके संसदीय क्षेत्र में आने वाले राय, खलारी तथा मैकलुस्कीगंज स्टेशन में नागरिक सुविधाओं से संबंधित एजेंडा प्रस्तुत किया गया। जिसमें खलारी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 और 02 की लम्बाई का विस्तारीकरण एवं इसकी उंचाई में वृद्धि करने, खलारी स्टेशन पर नया फूट ओवरवीज रैंप के साथ बनाने, विकलांगो, बुजुर्गों तथा महिलाओं के लिए लिफ्ट की व्यवस्था करने, राय स्टेशन पर नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण रैंप सहित कराने जिसका विस्तार राय साइडिंग पार राय शहर तक हो, खलारी और राय स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री शेड की संख्या बढ़ाने, खलारी स्टेशन में वेटिंग हाल की व्यवस्था करने की बात कही गई है। इसके अलावा खलारी में रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस 12877/12878, हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन 13025/13026, संतरा गाछी एक्सप्रेस ट्रेन 18009/18010 तथा कोलकाता मंदार एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 19607/19608 का ठहराव सुनिश्चित करने कहा गया है। राय स्टेशन पर संबलपुर, टाटा, जम्मुतवी एक्सप्रेस 18309/18310 और 18311/18312 का ठहराव सुनिश्चित करने, रांची से टोरी वाया मेसरा, बरकाकाना नई मेमू ट्रेन का परिचालन शुरू करने, गोमो-बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन संख्या 03361 अप पैसेंजर का समय पूर्ववत करने, कोरोना काल के समय से बंद 18311/12, 18101/2 टाटानगर-संबलपुर-जम्मूतवी का दुबारा ठहराव सुनिश्चित करने, राय रेलवे स्टेशन पर 18311/12 विशाखापत्तनम वाराणसी इन्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित करने कहा गया है।

# महाकुंभ स्पेशल अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाए : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रयागराज और वाराणसी जानेवाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग के कारण यात्रियों को होनेवाली असुविधा को देखते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची और टाटानगर से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की मांग की। चैंबर भवन में संपन्न हुई एक बैठक में कहा गया कि ट्रेनों में आरक्षित सीट उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाई हो रही है। सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि एक तरफ ट्रेनों में सीट नहीं है दूसरी तरफ फ्लाईट के किराए में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसका भुगतान करना सामान्य लोगों के लिए आसान नहीं है। डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें जरूर चलाई गईं थीं किंतु वह पर्याप्त नहीं है।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि ट्रेनों की कमी के कारण सडक मार्ग से यात्रियों को किराए के रूप में अधिक खर्च करना पड रहा है। रांची से प्रयागराज और बनारस जानेवाली बसों में भी सीटें नहीं मिल रही हैं जिससे लोग परेशान हैं। यात्रियों की असुविधा को देखते हुए जरूरी है कि महाकुंभ मेला चलने तक रांची और टाटानगर से नियमित रूप से ट्रेनों का परिचालन किया जाए। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, आस्था किरण, सदस्य अरूण जोशी, राजीव चौधरी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## न्यूज | बॉक्स

### अशोक लेलैंड ने तीन डीलरशिप आउटलेट का किया उद्घाटन



**रांची।** अशोक लीलैंड ने मंगलवार को झारखंड में साहू एंड संस ट्रकिंग्स के तीन नए एमएंडएचसीवी डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। इनमें रांची में दो और सेरेंगदाग में एक आउटलेट शामिल है। इन आउटलेट के साथ, अशोक लीलैंड के अब राज्य भर में 30 एमएंडएचसीवी टचपॉइंट हैं। रांची में यह 3एस डीलरशिप, एनएच20 (जमशेदपुर को बरही से जोड़ते हुए) पर रणनीतिक रूप से स्थित है, जो 60,000 वर्ग फुट में फैली है और इसमें दस बे हैं। यह नई लॉन्च की गई डीलरशिप रांची, हजारीबाग, गुमला, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, खूंटी और सिमडेगा जिलों में सेवा प्रदान करेगी। यह आउटलेट एम एंड एचसीवी वाहनों की सेवा करेगा और आधुनिक उपकरणों से लैस है।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 में रांची की लगातार दूसरी जीत



**रांची।** धनबाद में खेले जा रहे जेसेसीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 एलीट ग्रुप में रांची ने बोकारो को 278 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने निर्धारित 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 387 रन बनाए । विवेक कुमार ने शानदार 167 रन की पारी खेली। अनमोल राज ने नाबाद 99 रन, वत्सल तिवारी ने 70 रन का योगदान दिया। उत्तम ने 64 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में बोकारो की पूरी टीम 28.5 ओवर में 109 रन पर सिमट गई राधे श्याम ने 22 और अर्जुन प्रियदर्शी ने 16 रन का योगदान दिया। ईशान ओम ने 18 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किए, अनमोल राज ने भी 2 विकेट प्राप्त किया। विवेक की शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### पंजाबी हिंदू बिरादरी ने लाला लाजपत राय को दी श्रद्धांजलि




**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी ने मंगलवार को पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 160 वीं जयंती मनाई। बिरादरी ने महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिरादरी के पूर्व प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने उपस्थित सदस्यों को उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश मेहरा, राजेश खन्ना, अरुण चावला, रवि पराशर, विनोद माकन, अशोक माकन, आशीष भाटिया, राकेश जग्गी, प्रवीण जग्गी, वेद प्रकाश बुद्धिराजा आदि उपस्थित थे।

### मूलवासी सदान-संसद सह मिलन समारोह आज

**बेड़ो।** मूलवासी सदान मोर्चा की के तत्वावधान में बेड़ो के बारीडीह पड़हा मैदान में 29 जनवरी को 11 बजे से मूलवासी सदान -संसद सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। सदान- संसद में खुला-बहस आयोजित होगा जिसमें मूलवासी सदानों को उनके अधिकारों से सरकार क्यों वंचित वंचित कर रही है। सदान- संसद सह मिलन समारोह में भविष्य में रणनीति और आन्दोलन की रूपरेखा तैयार कर गांव-गांव तक मुखर हो कर आन्दोलन को धार देने के उद्देश्य से सदान- संसद सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षितिज कुमार राय और केंद्रीय पदाधिकारी भी शामिल होंगें। यह जानकारी मूलवासी सदान मोर्चा बेड़ो प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने दी।

### विनोद नारायण झा पहुंचे लापुंग, किया फल व कंबल का वितरण



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के सेवानिवृत्ति प्रखंड आपूर्ति सह सहकारिता पदाधिकारी विनोद नारायण झा ने अपनी सेवानिवृत्ति के बावजूद लापुंग के आदिम जनजातिय समाज के लोगों से मिलने लापुंग प्रखंड के चम्पाडीह गांव पहुंचे। उन्होंने आदिम जनजातीय लोगों के बीच पहुंच कर समस्याओं की जानकारी ली। विनोद नारायण झा ने लोगों के बीच फल एवं कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि आदिम जनजातीय लोगों को लापुंग के लोगों की सहयोग की जरूरत है।

### कुएं से एक व्यक्ति का शव बरामद

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत डोरंडा पंचायत के ग्राम करगे पहान टोली के एक कुएं से 39 वर्षीय माना मुंडा पिता पूरन मुंडा का शव बरामद किया है। परिजनों ने बताया कि मृतक माना मुंडा का शव कुएं से बरामद हुई जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसकी सूचना थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान को दिया गया। सूचना के आलोक में थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान गांव पहुंच कर पुलिसकर्मियों तथा ग्रामीणों के सहयोग से कुएं से शव को बाहर निकाला तथा शव को अपने कब्जे में ले लिया?। औपचारिकता पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद बेड़ो के उप प्रमुख मुदस्सिर हक करगे गांव पहुंच कर मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें मदद के तौर पर सहयोग राशि दी और मृतक के शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर मोद्दसिर हक ने कहा कि उप प्रमुख के तौर पर और कांग्रेस पार्टी का एक सिपाही के रूप में हमेशा आप लोगों के साथ हैं। जब अभी जरूरत होगी हमें याद कीजिएगा। समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है।

### निर्भीक व स्पष्ट वक्ता थे लाला लाजपत राय : डॉ कमलेश



**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी में मां भारती के वीर सपूत, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपतराय की जयंती सादगी पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने सभी शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से लाला लाजपत राय के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिक्षकों ने भी लाला लाजपत राय को पुष्पांजलि देकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य ने कहा कि लाला लाजपत राय निडर, निर्भीक एवं स्पष्ट वक्ता थे जिन्होंने मां भारती के लिए अंग्रेजों की न केवल लाठियां खाई बल्कि अनेक अत्याचारों को सहन करते हुए भारत माता के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

# पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी मांगने का एक और आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चान्हो थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में पीएलएफआई के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले में एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि अजहर आलम ने 17 नवंबर 2019 को मोटरसाइकिल सवार अपराधियों के विरुद्ध उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पर सोमू कंस्ट्रक्शन द्वारा किए जा रहे रोड के काम को बाधित करने और पीएलएफआई का परचा थमाने, बम फेंककर बलास्ट कर डराने, जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी मांगने के खिलाफ थाना में लिखित आवेदन दिया था। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अनुसंधान के कम में पूर्व में छह अरोपियों पर आरोप पत्र समर्पित किया गया है। हाल के दिनो में मामले में शामिल कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान द्वारा दिए गए अपराध स्वीकारोक्ति बयान में आए तथ्यों के आधार पर कांड के अभियुक्त भरत उरांव का नाम पता का सत्यापन कर गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर सोमवार की रात में गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में यातायात सुरक्षा पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने युवा छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक सूचनात्मक और इंटरैक्टिव कार्यशाला की मेजबानी की। इस कार्यशाला का नेतृत्व स्थानीय यातायात विभाग एवं पुलिस विभाग के यातायात अधिकारियों ने किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग आदतों के महत्व की जानकारी देनी थी। कार्यशाला में सड़क सुरक्षा के प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षित साइकिल चलाना, यातायात संकेतों को समझना और लापरवाह ड्राइविंग के परिणाम शामिल हैं। छात्रों को यह भी सिखाया गया कि सड़क पार करते समय कैसे सतर्क रहें और सीट बेल्ट पहनने का महत्व क्या है। मुख्य वक्ताओं में यातायात विभाग के डीएसपी, श्री प्रमोद केशरी, लालपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी श्री इम्तियाज आलम और सड़क सुरक्षा प्रभारी श्री जमाल असलम खान शामिल थे। इन्होंने इस बात पर चर्चा की कि छात्र सड़कों की सुरक्षा में सक्रिय रूप से कैसे योगदान दे सकते हैं। छात्रों को प्रश्न पूछने, व्यक्तिगत अनुभव साझा करने और लाइव प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। श्री जमाल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इससे पहले, विद्यार्थियों और अध्यापकों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया।

कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, एक से बढ़कर एक व्यंजन बनाए गए

# राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया बना चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अन्तर्गत संकुल संसाधन केंद्र ककरिया में मंगलवार को रसोईया सह सहायिका का संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के प्रतिभागी रसोईया सह सहायिकाओं ने हिस्सा लिया। ककरिया संकुल के संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता की देखरेख में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के रसोईया एवं सहायिकाओं ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन बनाकर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया को प्रथम, जबकि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चंपाडीह द्वितीय व राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खटंगा को तीसरा स्थान मिला। इस प्रतियोगिता में संकुल के दस विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सह सहायिकाओं ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस दौरान सभी न एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन बनाए । स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन के रूप में अलग-अलग प्रतिभागियों ने मडुवा के लड्डू मडुआ का पीठा, मुनगा के फूल की सब्जी, पुलाव, चावल, दाल, टमाटर की अलग-अलग प्रकार की चटनी,अंडा कड़ी, समेत कई तरह के व्यंजन बनाए गए। खाना बनाने के उपरांत अलग-अलग स्कूलों से आयें बाल संसद के बच्चों ने जज की भूमिका निभाई। बाल संसद की प्रधानमंत्री, पोषण मंत्री, स्वच्छता मंत्री, स्वास्थ्य उपकेंद्र की एएनएम सहित मुखिया बिरसमणी देवी एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महात्मा राम सहित कई लोगों ने जज की भूमिका निभाई। बाल संसद के सदस्यों ने मोटे अनाज का प्रयोग,भोजन का स्वाद, भोजन की तैयारी में नवाचार का प्रयोग, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सफाई का पालन जैसी बिन्दुओं पर अपनी जजमेंट से लोगों को खूब आकर्षित किया। रसोईया सह सहायिकाओं ने खाना को चख कर पोशाक के रूप में एप्रोन एवं अन्य ड्रेस और सफाई स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नंबर दिए गए जिसमें सबसे अधिक अंक पाने वाले स्कूल की रसोईयों विजेता बनीं ।

# सिल्ली पुलिस ने अवैध अफीम की खेती को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली थाना अंतर्गत डोमनडीह पंचायत के कादमबेड़ा एवं पूर्णागोड़ा गांव में 4 एकड़ जमीन में अवैध अफीम की खेती की गई थी। सूचना के आधार पर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर अपने संयुक्त दलबल के साथ गांव पहुंचे और अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। बताते चलें कि अफीम की खेती सिल्ली क्षेत्र में नदी किनारे अवैध रूप से जोरों पर की जा रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को सिल्ली पुलिस के द्वारा छापामारी कर लगातार नष्ट किया जा रहा है ताकि क्षेत्र को अवैध अफीम की खेती से मुक्त किया जा सके साथ ही बताया कि अफीम की खेती आने वाली पीढ़ी को बर्बाद कर रही है। इसकी खेती से पशु पक्षियों और रोगों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है एवं आने वाले पीढ़ियो के लिए हानिकारक भी सिद्ध होता है इसका दुष्परिणाम हमारे आने वाली कई पीढियां तक को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि अफीम की खेती के प्रति उदासीनता लाएं ताकि आने वाले पीढ़ी का भविष्य संवर सके एवं अफीम की खेती ना करें यह एक कानूनी अपराध है।

पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को विशेष पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** केश फिटनेस यूनिसेक्स जिम, सिल्ली ने अपने दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिम के मालिक केशव कुमार महतो द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में भारी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन श्रेणियों - स्क्वाट्स, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट के संयुक्त प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई।पुरुष वर्ग के विजेता में प्रथम स्थान निशांत, रोशन, देवराज और एम.डी. बिलाल नाम प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान में शुभम, निर्मल, सूरज और अरुण,तृतीय स्थान में अंकुर, रामजीवन, आदित्य और अमित ने प्राप्त किया।महिला वर्ग के विजेता में प्रथम स्थान शारदा,द्वितीय स्थान सुभ्रा ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निशांत अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि कुंदन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक होते हैं। जिम के मालिक केशव कुमार महतो ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह जिम सिल्ली के लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का समापन उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच हुआ।

### विश्वविद्यालय प्रांगण में 76 वां गणतंत्र दिवस मना

# गणतंत्र दिवस भारत की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का प्रतीक है : कुलाधिपति


**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



गणतंत्र दिवस के अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह , विशिष्ट अतिथि फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ,कुलसचिव प्रो (डॉ.)निर्मल कुमार मंडल , वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेट्स ने किया। झंडोतोलन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने किया इसके बाद सभी सम्मानित अतिथियों,पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियो ने परेड का निरीक्षण किया। कार्यकम शुभारंभ सम्मानित अतिथियो ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व. गोविन्द साह एवं स्व. राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव प्रो(डॉ)निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुई। अपने उद्बोधन में कहा की गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य लक्ष्य भारतीय संविधान का सम्मान करना एवं देश के स्वतंत्र वीरो को नमन, श्रद्धांजलि एवं कृतज्ञता व्यक्त करना और हमें अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लेते है । विभिन्न विभागों के विधार्थियों ने अपने मार्शल आर्ट ,देश भक्ति गीत, पंजाबी नृत्य,राजस्थानी नृत्य , हरियाणा नृत्य,देश भक्ति नाटक ,नागपुरी नृत्य, खोरटा नृत्य,कथक नृत्य, आदि विभिन्न राज्यों के भाषा ,संस्कृति द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमो से सबका मन मोह लिया। विधार्थियो की प्रस्तुति उत्साहवर्धक एवम आकर्षक रहा । विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व 76 वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा की गणतंत्र दिवस भारत की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का प्रतीक है और हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है। सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा की 26 जनवरी के दिन ही हमारे देश में नया संविधान अपनाकर नए युग का सूत्रपात किया गया था। प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी और उन्होंने कहा की हमें अपने संविधान का का पालन करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन डॉ अमरेश पांडे और डॉ पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

# विधायक ने विस के सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम से उनकी कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक ने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में कई लंबित समस्याएं हैं, जिनका समाधान तुरंत किया जाना आवश्यक है। इस बैठक में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। विधायक ने बताया कि क्षेत्र में कई सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं, जिससे लोगों को यातायात में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, जल आपूर्ति की समस्या भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है, और कई गांवों में पानी की भारी कमी है। प्रदीप प्रसाद ने सचिव से आग्रह किया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की दिशा में प्रयास किए जाएं, ताकि राज्य के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विधायक ने विधानसभा सचिव से यह भी अनुरोध किया कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और विधानसभा सचिवालय मिलकर इन समस्याओं का समाधान करेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए काम करेंगे। इस मुलाकात के दौरान, विधानसभा सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम ने विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि इन समस्याओं पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह मुलाकात क्षेत्र की जनता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और मैं हमेशा उनके हक के लिए संघर्ष करता रहूंगा।

## न्यूज बॉक्स

### स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




रामगढ़। शहर के श्री गुरु नानक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह दवाई अरदास कर की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सरदार जोगिंदर सिंह जग्गी ने झंडोतलन किया। गुरु नानक स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने स्वागत भाषण दिया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। मुख्य अतिथि जोगिंदर सिंह जग्गी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत कैसे गणतंत्र हुआ उसे पर प्रकाश डाला। मौके पर गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा, वाइस चेयरमैन सोनू कालरा,डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा, गुरुद्वारा साहिब के मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,प्राचार्य हरजाप सिंह गांधी, मीडिया चीफ करमजीत सिंह जग्गी, राजा कालरा, नर्सरी स्कूल की चेयरमैन पिंकी गांधी सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित हुए।

### समाज सेवी तुलाराम महतो की तीसरी पुण्यतिथि आज मनाई जाएगी



रामगढ़। जिले के चेटर गांव में समाजसेवी तुलाराम महतो की तीसरी पुण्यतिथि 29 जनवरी को 2:00 बजे मनाई जाएगी। कार्यक्रम में जिला के विभिन्न क्षेत्र से गणमान्य लोग शामिल होंगे। तुलाराम महतो का जीवन सादा जीवन उच्च विचार रहा करता था। वे संघर्ष को अपना मुकाम मानते थे। परंतु शिक्षा के क्षेत्र में कम पढ़े-लिखे होने के बावजूद भी अपने पूरे परिवार और समाज को ऊंचाइयों तक पहुंचने में चट्टानी एकता का परिचय देते रहे ।उसी का उदाहरण है कि उनके परिवार कई लोग नौकरी कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा से उनके गांव में 50 से अधिक शिक्षक जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत हैं। कई लोग उनके दिखाएं और बताएं रास्ते पर चलकर आज जिले के विभिन्न पदों पर प्रतियोगिता के माध्यम से अधिकारी बन रहे हैं। उन्होंने लोगों से कहा था कि परिश्रम करने से एक दिन निश्चित उसका फल मिलता है चाहे किसी भी तरह का क्षेत्र पढ़ाई लिखाई खेलकूद कृषि आदि उनके कठिन परिश्रम और उनके परिश्रम लगन और स्वभाव के कारण आज गांव ही नहीं अपितु पूरा जिला शिक्षा के क्षेत्र में अलग जगाने का काम तुलाराम महतो और उनकी धर्मपत्नी श्रावणी देवी ने मिलकर किया ।जिसके कारण आज उनका पूरा भरापूरा परिवार शिक्षित है शिक्षक के क्षेत्र में रामगढ़ और झारखंड के कई जिलों में सरकारी विभागों में कार्यरत हैं तीन पुत्र शिक्षक. एक पुत्र पेशकार .तीन पतहु शिक्षिका, छोटे भाई शिक्षक ,छोटे भाई के दोनों पुत्र शिक्षक, नतनी बैंक अधिकारी के रूप में कार्यरत है। तुलाराम महतो के बड़े पुत्र निरंजन महतो शिक्षक, दूसरे पुत्र रामप्रसाद महतो शिक्षक, तीसरे पुत्र संजीव कुमार सुधांशु पेशकार, डॉ सुनील कुमार कश्यप शिक्षक हैं। जबकि पुत्रवधु पातो देवी गृहिणी, पुत्रवधु शीला बाला शिक्षिका, पुत्रवधु कुमारी प्रतिमा शिक्षिका है। साथ ही उनके पोतो और पोतियां भी शिक्षा के क्षेत्र में अपने परिवारका नाम रौशन कर रहे हैं। स्वर्गीय तुलाराम महतो के परिवार की जिले में काफी ख्याति है।

### शिक्षकों ने यूपीएस अधिसूचना की प्रति जलाई




बरही ।नेशनल मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के आह्वान पर बरही में भी कर्मियो ने यूनाउटेड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का विरोध करते हुए अधिसूचना की प्रति जलाई. जानकारी के अनुसार सन 2004 के नियुक्ति के बाद केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन प्रणाली (ओल्ड पेंशन स्कीम -ओपीएस) के स्थान पर नई पेंशन प्रणाली लागू करने की योजना बनाई है. जिसमें कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का विकल्प लाया गया है. जो पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) का साझा लाभ प्रदान करता है. यूपीएस स्कीम के तहत कर्मचारी अंतिम वेतन का 50% पेंशन के रूप में प्राप्त करेंगे. जिसमें महंगाई भत्ता या अन्य रियायते भी शामिल होंगे. कर्मियो के अनुसार नई पेंशन स्किम कर्मचारियों के हक के विपरीत है. वर्तमान झारखंड सरकार ने राज्य ने ओपीएस लागू कर दिया है. जिसकी सुरक्षा के लिए सभी सरकारी कर्मचारीयों ने यूपीएस अधिसूचना की प्रति जलाने का काम किया. इसी क्रम में झारोटेफ के हजारीबाग जिला सचिव किशोरी महतो के नेतृत्व में शिक्षको ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय भंडारों के प्रांगण में यूपीएसएस गो बैक के नारे लगाते हुए अधिसूचना की प्रति जलाई.

# कोयलांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में भी गौरव से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा सहितआसपास के कोलियरी व ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस खास अवसर पर सभी सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों के अलावा स्कूल-कॉलेज और चौक-चौराहों में लोगों ने शान से तिरंगा फहरा कर उसे सलामी दी। विधायक रोशनलाल चौधरी ने जेएम कॉलेज और महात्मा गांधी हाई स्कूल में झंडोत्तोलन किया। वहीं फोरलेन मतकमा चौक में जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख कौशल्या देवी, दुन्दुवा में उप प्रमुख बबीता पांडेय, वन विभाग कार्यालय में रेंजर एके चौधरी, जुबिली कॉलेज में प्राचार्य डॉ एके सिंह झा, श्री अग्रसेन स्कूल में समाजसेवी रामप्रसाद जालान, एला एंगलाइज स्कूल में शिवचरण महतो, प्ले स्कूल अनमोल बचपन में हरबंस सिंह ने तिरंगा फहराया। इसी प्रकार भुरकुंडा ओपी में प्रभारी निर्भय गुप्ता, डीएम जय मां पंचबहिनी स्कूल गेगदा में प्रिंसिपल रूबी कुमारी व सचिव डोमन महतो ने तिरंगा फहरा कर गणतंत्र दिवस को यादगार बनाया।

### भारत माता के जयकारे से गूंजा भुरकुंडा कोयलांचल

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा सहित आसपास के कोलियरी व ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस खास अवसर पर सभी सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों के अलावा स्कूल-कॉलेज और चौक-चौराहों में लोगों ने शान से तिरंगा फहरा कर उसे सलामी दी। विधायक रोशनलाल चौधरी ने जेएम कॉलेज और महात्मा गांधी हाई स्कूल में झंडोत्तोलन किया। वहीं फोरलेन मतकमा चौक में जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख कौशल्या देवी, दुन्दुवा में उप प्रमुख बबीता पांडेय, जुबिली कॉलेज में प्राचार्य डॉ एके सिंह झा, श्री अग्रसेन स्कूल में समाजसेवी रामप्रसाद जालान, एला एंगलाइज स्कूल में रेंजर चेयरमैन शिवचरण महतो, प्ले स्कूल अनमोल बचपन में हरबंस सिंह ने तिरंगा फहराया। इसी प्रकार भुरकुंडा ओपी में प्रभारी निर्भय गुप्ता, भदानीनगर ओपी में प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार, बासल थाना में प्रभारी कैलाश कुमार, बेरोजार संघर्ष समिति कार्यालय में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, दोतल्ला पंचायत में मुखिया सत्यवंती देवी, चीप हाउस में मुखिया विकास पांडेय, इमलीगाछ पंचायत में मुखिया चंद्रावती ठाकुर आदि ने तिरंगा फहरा कर गणतंत्र दिवस को यादगार बनाया।

### अर्थशास्त्र विभाग ने किया संस्कृत संग्रहालय और आर्ट गैलरी का भ्रमण

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने दीपुगरहा, हजारीबाग स्थित प्रसिद्ध संस्कृत संग्रहालय और आर्ट गैलरी का एक अत्यंत समृद्ध और शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का अन्वेषण करने का अवसर प्रदान करना था, जिससे कला, इतिहास और अर्थशास्त्र के बीच के गहरे संबंधों को समझने में मदद मिल सके। इस भ्रमण में छात्रों ने संस्कृत संग्रहालय का गहन दौरा किया, जहाँ उन्होंने प्राचीन पांडुलिपियों, मूर्तियों और उन कलाकृतियों का अवलोकन किया, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत को उजागर करती हैं। गैलरी में स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की पेंटिंग और कलाकृतियों को भी प्रदर्शित किया गया, जो समय के साथ कला और संस्कृति पर आर्थिक और सामाजिक प्रभाव को दशार्ती हैं। इस शैक्षिक दौरे का नेतृत्व आर्थिक विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेंद्र सिंह ने किया।

# क्षेत्र का विकास हमारी प्राथिमता : ममता देवी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



दुलमी प्रखंड के ईचातू नीम टोला में झारखंड सरकार के जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफटी ) मद के तहत ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास संपन्न हुआ। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाना और आधारभूत संरचना को सशक्त बनाना है। शिलान्यास समारोह में रामगढ़ विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह सड़क स्थानीय ग्रामीणों के लिए यातायात को सरल बनाएगी और उनके जीवन स्तर को सुधारने में सहायक होगी। साथ ही, उन्होंने सरकार द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दिए जाने की बात भी कही। ग्रामीणों के लिए विकास की नई राहः स्थानीय ग्रामीणों ने इस परियोजना को लेकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की और विधायक सहित जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क बनने से खासकर वर्षा ऋतु में होने वाली समस्याओं का समाधान होगा और बच्चों को स्कूल जाने, किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने और आम जनता को अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन में सुविधा होगी। अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए किया जाएगा, जिससे यह टिकाऊ और मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयसीमा का ध्यान रखते हुए शीघ्र पूरा किया जाएगा। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, पुनित महतो, मेहताब राही, अल्ताफ अंसारी, निर्मल बेदिया, छोटन कुमार,मुखलाल महतो, धनेश्वर भोक्ता, प्रदीप भोक्ता, छुटू गंझु, लिलेश्वर महतो सहित कई महिलाएं मौजूद थीं।

# विधायक और पूर्व विधायक ने मृतक के परिजनों को दी सांत्वना

बरकट्ठा। प्रखंड के ग्राम बरवां निवासी सिकंदर मंडल के पुत्र अंकित कुमार का बीते दिन शुक्रवार को सड़क दुर्घटना हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार है कि अंकित कुमार शुक्रवार को सूर्यकुंड मेला देखकर आ रहा था। आने के दौरान रास्ते में सड़क दुर्घटना हो गई। जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव और पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# अनियंत्रित वाहन ने 6 को कुचला एक की मौत



**हजारीबाग।** पटना मार्ग के डीवीसी चौक के पास भारत सरकार लिखा एसयूवी वाहन 6 लोगों को कुचला घटना मंगलवार दोपहर बाद की है। इसमें इब्राहिम अंसारी(22) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार अनियंत्रित एक्सयूवी वाहन झील की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही थी। इसमें 5 अन्य अलग अलग लोगों को ठोकर मारते हुए फरार हो गई। 5 अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय हो कि बाद में वाहन को नगवां टोल प्लाजा के पास वाहन को लोगों द्वारा पकड़ लिया गया है। मृतक के परिजनों ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित ट्रैफिक थाना के पास सड़क जाम कर वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। उग्र लोगों ने कई बाइक सवार लोगों पर लाठियां भी बरसाया। उग्र लोगों द्वारा हजारीबाग यातायात पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। दो घंटे बाद पहुंची लोहसिंघना पुलिस प्रभारी संदीप मंडल, सदर सीओ मयंक भूषण सहित जवान जाम स्थल पर पहुंच कर जाम को हटा दिया।

### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

# संबंधित अधिकारी को जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मोसमात नगीया मोसफ्फिल, थाना, गुलाम सरवार कटकमसांडी क्षेत्र के निवासी ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और बरही के रहने वाले भगत कुमार सिंह ने सर्वे के रास्ते में बनी हुई नाली को मिट्टी तथा पत्थर भर दिए जाने के संबंध में निवेदन किया। राजेश्वर महतो विष्णुगढ़ ने, धान अधिप्राप्ति केंद्र में धन जमा नहीं लेने के संबंध में, मालती कुमारी ओकनी ने अपनी जमीन का बंदोबस्ती किए जाने के संबंध में निवेदन किया। विनोद कुमार सिंदूर हजारीबाग ने दाखिल खारिज को रोके जाने के संबंध में, भातु महतो बरकट्ठा एनएच 2 में अधिकृत भूमि का मुआवजा भुगतान देने के संबंध में, मो. कौशिक आलम हरहद से अपनी जमीन को दूसरे लोगों के द्वारा गलत तरीके से बेचे जाने के संबंध में उपायुक्त से गुहार लगाया। जनता दरबार में रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### अनियमितता मामले में प्रवीण कुमार सिन्हा पर हुई कार्रवाई

**रामगढ़।** एनएच 33 के चौड़ीकरण अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में वित्तीय अनियमितता संबंधित मामले में प्रवीण कुमार सिन्हा तत्कालीन प्रधान लिपिक जिला भूअर्जन कार्यालय रामगढ़ के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। संबंधित मामले में श्री सिन्हा के विरुद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके द्वारा संचालन पदाधिकारी के समक्ष समर्पित बचाव बयान एवं संचालन पदाधिकारी के मंतव्य की समीक्षोपरांत प्रमाणित आरोपों के लिए प्रवीण कुमार सिन्हा के विरुद्ध झारखंड पेंशन नियमावली के नियम 45 बी के तहत स्थाई तौर पर 10% पेंशन से राशि कटौती का दंड उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिरोपित किया गया है।

### फाइनल मुकाबले में सिल्ली लोटाकीता विजय

गोल। गोला के पुरुबडीह स्थित फुटबॉल मैदान में चल रहे पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच सोमवार को सिल्ली लोटाकीता बनाम हुप्पू के बीच खेला गया।

# आज के युवाओं को खेल के मैदान में आने की जरूरत है : ममता देवी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**




दुलमी प्रखंड के होहद में गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 'होहद प्रीमियर लीग-2025' का आयोजन किया गया। फाइनल मैच की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, समाजसेवी सेवी करदीप महतो,इकबाल अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किया । इस की मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेलकूद को युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह अनुशासन, परिश्रम और टीम वर्क की भावना भी विकसित करता है। आज के युवाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया से बाहर निकलकर खेल के मैदान में आना चाहिए। खेल से आत्मविश्वास बढ़ता है और व्यक्तित्व में निखार आता है। हमारे गांव-देहात में भी अपार प्रतिभाएं हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलें तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा खेल और युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और आने वाले समय में और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा हमारे क्षेत्र के युवा बहुत प्रतिभाशाली हैं, जरूरत है उन्हें सही अवसर और मंच देने की। मुझे खुशी है कि 'होहद प्रीमियर लीग' जैसे आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। मैं आयोजकों को बधाई देती हूं और विश्वास दिलाती हूं कि मैं हमेशा इस तरह के आयोजनों को समर्थन देती रहूंगी।

### गोला में गणतंत्र दिवस पर कई जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र में रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आम अवाम के साथ छात्र-छात्राओं में जोश देखने को मिला। चहुंओर देश भक्ति के गीतों ने लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान लोगों ने जमकर भारत माता और वंदे मातरम के नारे लगाए गए। विधायक ममता देवी ने गोला मठवाटांड़ स्थित अपने कार्यालय में झंडोतालन किया। इसके बाद सुबह 9 बजे गोला प्रखंड कार्यालय में प्रमुख गीता देवी ने, इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने, गोला थाना में थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप, बरलंगा थाना में थाना प्रभारी विकास आर्यन, सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी आशुतोष त्रिपाठी, वन विभाग के कार्यालय में रेंजर राकेश कुमार सिंह, मदरसा रहीमिया चाड़ी शरीफ में मुफ्ती नैयर रजा, न्यू मजदूर किसान यूनियन कार्यालय में चतुर्भुज कश्यप मौजूद थे।

### डेंटल कॉलेज में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# शिविर में बुनियादी उपचार बिल्कुल मुफ्त है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन मंगलवार को पेलावल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 41 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एंव आरबीएस का जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। । इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। मौके पर स्थानीय लोगों ने कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिलेगा।

# पाकरटांड़ के कार्यालय में विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत लगी जागरूकता शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को पाकरटांड़ प्रखंड कार्यालय में विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राधिकार के चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्राधिकार की चीफ एलएडीसीएस ने विधान से समाधान कानून,क्यूआर कोड एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे जानकारी दी। उन्होंने डायन प्रथा,घरेलू हिंसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा से मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि लोग समझौते योग्य मामलों के निष्पादन के लिए लोक अदालत या स्थाई लोक अदालत का सहारा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्थाई लोक अदालत में किसी तरह का कोई फीस नहीं लिया जाता है। उन्होंने 22 फरवरी को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के बारे लोगों को जानकारी देते हुए लोगों से इसका लाभ लेने की अपील की। चीफ एलएडीसीएस ने पोक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी दी एवं जेल में रहने वाले कैदियों को मिलने वाली निःशुल्क सरकारी सहायता के बारे में बताया गया। उन्होंने महिला उत्पीड़न उन्मूलन के बारे बने कानूनों के बारे में जानकारी दी। उपभोक्ता फोरम की सदस्य लता तिर्की ने उपभोक्ता फोरम से मिलने वाली सुविधा और बाहर काम करने जाने वाले श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब कोई काम करने बाहर जाए तो श्रम विभाग से जरूर रजिस्ट्रेशन करा लें। कार्यक्रम में बीडीओ ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे विस्तार से बताया। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## नगर भवन सिमडेगा में रोजगार मेला का किया जाएगा आयोजन

**सिमडेगा।** जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका लक्ष्य गरीब बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। इस रोजगार मेले में पांचवी पास से ऊपर के सभी बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर है। जो युवक युवती आई आई टी, पॉलिटेक्निक पास, नर्सिंग पास या डिप्लोमा धारी हैं वह अवश्य ही मेले में आकर लाभ लें। रोजगार मेले में आने वाली कंपनियां हायर अप्लायंसेज, अपोलो टायर्स, अरविंद लिमिटेड, टाटा इलेक्ट्रिक, एक्साइड बैट्री ,कोरोप, टाटा मोटर्स, केपीआर मिल्स, होंडा जैसी प्रसिद्ध कंपनियां भाग लेंगी। इस मेले में कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किसी भी ट्रेड के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं रोजगार मेले में आते समय अपने साथ आधार कार्ड आयु प्रमाण पत्र एवं उच्चतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से साथ लेते आएं।

# सुनील टोप्पो को बोलबा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर यूथ कांग्रेस मे खुशी


**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मे सुनील टोप्पो को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर यूथ कांग्रेस ने ख़ुशी जाहिर किया।इस मौक़े पर सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो ने कहा कि हमें बेहद ख़ुशी है कि मुझे विश्वास करके मुझे सांसद कालीचरण मुंडा ने बोलबा प्रखंड से अपना प्रतिनिधि बनाया है।मैं सांसद महोदय का आभार ब्यक्त करता हूं और समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचकर जनहित का कार्य करने का प्रयास करूँगा।वहीं विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर ने कहा विधायक प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि मिलकर बोलबा प्रखंड के विकास के लिए और भी बेहतर कार्य करने का प्रयास करेंगे. यूथ कांग्रेस क़ी टीम ने थाना प्रभारी सोनू पाठक से मिलकर क्षेत्र कि विकास पर बातचीत किया गया एवं आगामी 30 जनवरी को प्रखंड कार्यालय मे एक बैठक आयोजित करने की जानकारी दिया।इस मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, रोशन बारला, शांन्तु सिंह, थॉमस बा, संजीत बड़ाइक, संदीप तिर्की, अजित लोहरा, निरोज खलखो संदीप कुल्लू, निस्टोर कुल्लू, तुलेश्वर नायक, सुजीत सोरेंग, बेनिदिक कुल्लू एवं अन्य. लोग शामिल थे।

# सांसद कालीचरण मुंडा के जलडेगा प्रतिनिधि बने कृष्णा नाग, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा द्वारा जलडेगा कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष कृष्ण नाग को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर मंगलवार को जलडेगा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं विभिन्न संगठनों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कृष्णा नाग द्वारा सभी लोगों को मुंह मीठा भी कराया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जलडेगा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा नाग को सांसद ने अपना प्रतिनिधि बनाकर क्षेत्र की समस्याओं को उन तक पहुंचाने की दिशा में सार्थक कार्य किया है। सांसद प्रतिनिधि बनने के बाद कृष्णा नाग ने जलडेगा बीडीओ और सीओ से शिष्टाचार मुलाकात भी की। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि नेलन कंडुलना, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अवध कुमार साहु, अर्जुन होरो, प्रखंड महासचिव पंकज कुमार साहु, बीस सूत्री सदस्य रहीम खान, कमरूद्दीन खान, दिव्या लुगुन उपस्थित थे।

# जिला नियोजन कार्यालय में जिला इंटरप्राइजेज कॉयलेशन के तहत हुई कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** जिला एंटरप्राइजेज कॉयलेशन के तहत एक दिवसीय वर्कशॉप का मंगलवार को आयोजन जिला नियोजन कार्यालय, सिमडेगा एवं टीआरआई के संयुक्त तत्वाधान मे जिला नियोजनालय में किया गया। जिले के असीम सम्भावनाओं के बीच उद्यमिता की वर्तमान स्थिति, बाधाएं तथा संभावनाओं पर चर्चा की गई।जिला इंटरप्राइजेज कॉयलेशन के माध्यम से छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने के साथ उनको आने वाली समस्याओं के समाधान तथा सूक्ष्म उद्यमियों एवं बड़े उद्योगों के बीच अंतर को पहचानने की दिशा में काम किया जाएगा ।जिले की युवाओं को रोजगार स्वरोजगार एवं नौकरी के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने एवं उनके अंदर की क्षमताओं को समझ कर उद्यमिता एवं रोजगार सृजन की दिशा में सहयोगात्मक ऊर्जा को उजागर करने पर जोर दिया गया। यह सरकारी -गैर सरकारी संगठन, तथा प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ एक परस्पर सहयोग के द्वारा स्थानीय युवाओं के हित में सूक्ष्म उद्यमी बेरोजगार युवाओं को दूसरों से जुड़ने एवं खुद को अभिव्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करेगा। कार्यशाला में जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा के द्वारा रोजगार के अवसरों एवं आज के युवाओं की काम और नौकरी से अपेक्षा के संबंध में बताया गया। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कृषि एवं इससे सम्बद्ध क्षेत्र में युवाओं के हितार्थ संभावनाओं पर सार्थक चर्चा की गई। इस कार्यशाला में टीआरआई की तरफ से कौशिक ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग बोर्ड के प्रतिनिधि, आईआईटी गुरुकुल, एडीएफ , सहित अन्य ने चर्चा पर भाग लिया।

# संसाधन केंद्र कोलेबिरा में कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड विकास कार्यालय अंतर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र कोलेबिरा में पी.एम.पोषण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुकींग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कोलेबिरा डॉ केके शर्मा,अंचल अधिकारी कोलेबिरा अनुप कच्छप,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कोलेबिरा नीलीमा कुजुर,प्रखण्ड संसाधन के कर्मी और प्रतिभागी विद्यालय के शिक्षक /शिक्षिकागणों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कुकिंग प्रतियोगिता में कोलेबिरा प्रखंड के संकुल बरसलोया,बोंगराम,कंजोगा ,कोलेबिरा,लचरागढ़,लरबा,लेढ़ाटोली,टैंसरा,और टुटीकेल संकुल कल नौ संकुलों से चयनित विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागी भाग लिए और अपने कुकिंग का सामग्री बनाकर स्टाल लगाए। सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक कुकिंग आइटम बनाकर अपने कुकिंग सामग्री का प्रदर्शन स्टोल लगाकर किया।सभी अतिथियों ने बारी-बारी से स्लॉट में लगे कुकिंग आइटम का स्वाद चखा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ केके शर्मा ने कहा कि सभी विद्यालयों में साफ सफाई के साथ गुणवत्ता प्रयुक्त मध्यान भोजन बनाएं। बच्चों को पोषण युक्त भोजन प्रदान करें साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संत स्तानिसलास एम एस अघरमा संकुल लरबा वहीं द्वितीय स्थान रा० कन्या उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोलेबिराकोलेबिरा संकुल कोलेबिरा को मिला।

# बीआरसी में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** बीआरसी में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत रसोइयों का प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सात संकुल के ,संकुल स्तरीय चयनित 14 विजेता उपविजेता रसोइयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रसोइयों ने अपने हाथों से खाना बनाया । बनाये गये खाना को गठित टीम के द्वारा चख कर और सफाई स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान के लिए चयन किया गया। प्रथम स्थान जयमनी देवी चापाबारी संकुल एवं द्वितीय स्थान मगदली खलखो बाघचट्टा संकुल को घोषित किया गया।इस दौरान बीडीओ नैमन कुजूर भी पहूंचकर भोजन चखा और सराहना की और कहा कि स्कूलों में भी इसी तरह का स्वादिष्ट एवं गुणवतापूर्ण भोजन बच्चों के लिए बनायें।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में कादोपानी में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मंगलवार को दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड बोलबा के कादोपानी खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कादोपानी पंचायत के उप मुखिया बसंत खलखो ने फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में फुटबॉल, 400 मी दौड़ और लंबी कूद तथा बालिका वर्ग में कबड्डी, 200 मी दौड़ और रस्सीकुद प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड बोलबा के विभिन्न ग्रामों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका लालपा सिंह और कृष्ण सिंह के द्वारा निभाया गया। बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्वामी विवेकानंद युवा कल्ब कादोपानी अम्बाटोली की टीम एवं द्वितीय कादोपानी स्कूल टीम रहा। बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मी महिला मंडल डीपाटोली एवं द्वितीय कादोपानी स्कूल टीम ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग 400 मीटर दौड़ में प्रथम चूड़ामणि सिंह, द्वितीय मैक्सीमास समद और तृतीय अमित बिलुंग रहा। लम्बी कूद में प्रथम विक्की नायक, द्वितीय मक्सीमस समद और तृतीय चूड़ामणि सिंह ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में प्रथम प्रतिमा सोरेंग, द्वितीय रजनी कुमारी एवं तृतीय कृतिका कुमारी ने प्राप्त किया। रस्सी कूद प्रथम मोनिका कुमारी द्वितीय रेशमा कुमारी एवं तृतीय प्रियंका कुमारी रहा।

# विधायक ने जेएसएलपीएस से जुड़ी कर्मचारियों ने मंत्री दीपिका सिंह को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में जेएसएलपीएस के महिला विकास मंडल से जुड़ी कर्मचारियों ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका सिंह पाण्डेय से मुलकात कर एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से जेएसएलपीएस के साथ महिला विकास मंडल संघ के एकरारनामा का विस्तार एवं अन्य सहयोग कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि एनआरएलएम परियोजना के तहत जेएसएलपीएस के साथ अनुबंध का विस्तार 31 मार्च 2025 तक किया गया है। वर्तमान में राज्य के पांच जिले के 14 प्रखंडों में महिला संघ संचालित हैं। वर्तमान समय में संस्था से 16426 महिला मंडल के साथ दो लाख से अधिक परिवार जुड़े हैं। बताया गया कि एक अप्रैल 2025 से संघ का एकरारनामा का विस्तार नहीं होने की जानकारी प्राप्त है। कर्मचारियों ने कहा कि संघ के एकरारनामा का विस्तार नहीं होने से संस्था के कर्मचारियों के साथ साथ लाखों गरीब परिवारों का भविष्य अंधकार में पड़ जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से महिला विकास मंडल के साथ जेएसएलपीएस का एमओयू विस्तार कम से कम पांच वर्षों तक करने, संघ के सभी प्रखंडों में जेएसएलपीएस के राज्य कार्यालय द्वारा भेजे गए सभी बीपीएम, सीसी का तत्काल तबादला जेएसएलपीएस द्वारा संचालित दूसरे प्रखंडों में करने की भी मांग की है। वहीं मंत्री दीपिका सिंह पांडये ने भी हर संभव सहयोग करने का भरोसा जताया।ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष महिला विकास मंडल जिला गुमला( पालकोट ) सुषेणा लकड़ा, अध्यक्ष महिला विकास मंडल लोहरदगा प्रेम मानी कुजूर, अध्यक्ष बसिया , रायडीह तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेट पालकोट अर्जुन, मनीष कुमार पालकोट,रोशन ,प्रमोद,प्रदीप, अभिनंदन,विनोद बिपुल आदि उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा से मोबाइल बैंक के जरिए लोगों को जा रही विधिक जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत गांव गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्राधिकार द्वारा मोबाइल वैन के जरिए विभिन्न गांवों में कैंप लगाकर लोगों को विधिक जानकारी दी जा रही है। मंगलवार को मोबाइल वैन के साथ प्राधिकार की टीम पाकरटांड़ प्रखंड के बसतपुर गांव पहुंच कर लोगों को कानून की जानकारी दी। इस मौके पर प्राधिकार के असिस्टेंट एलएडीसीएस सुकोमल,पारा लीगल वोलेंटियर दीपक कुमार,अजित केरकेट्टा आदि ने ग्रामीणों को डालसा के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे बताया। सुकोमल ने बाल विवाह,बाल मजदूरी,शिक्षा का अधिकार,महिला हिंसा उन्मूलन के लिए बने कानून,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,विकलांग पेंशन,राशन कार्ड आदि के बारे जानकारी दी। सुकोमल ने 22 फरवरी को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत की जानकारी देते हुए लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की। असिस्टेंट एलएडीसीएस ने क्यू आर कोड और टॉल फ्री नंबर 15100 के बारे बताया। मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने विधिक सेवा लेने के बारे जानकारी मांगी। जिसका सुकोमल ने जानकारी दी। बताया कि लोग अपने क्षेत्र के पीएलवी के माध्यम से भी शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने मानव तस्करी रोकने के बारे भी जानकारी दी। कहा कि कोई भी काम करने बाहर जाए तो श्रम विभाग में अपना रजिस्ट्रेशन जरूर कराएं। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि 90 दिनों तक अभियान चला कर लोगों को विधिक जानकारी दी जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### एनडीआरएफ टीम की ओर से समाहरणालय में भूकंप से बचाव को लेकर हुई कार्यशाला



**सिमडेगा।** एनडीआरएफ टीम की ओर से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में भूकंप के बचाव लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान जिले के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी गण उपस्थित रहे।एनडीआरएफ की टीम ने भूकंप के बचाव, राहत कार्यों का जानकारी प्रशासन पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को दी। एनडीआरएफ टीम के डिप्टी कमांडर श्री सोहेल लखानी एवं टीम कमांडर इंस्पेक्टर श्री अमित कुमार के नेतृत्व में टीम ने भूकंप के दौरान राहत और बचाव के विभिन्न तकनीकी तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान भूकंप के दौरान होने वाले आपदाओं जैसे आगेजनी, बिल्डिंग पर फंसे पीड़ितों को कैसे रेस्क्यू करने, भूकंप के दौरान खुद को कैसे सुरक्षित बचाना साथ ही कंक्रीट के स्लैब में फंसे लोगों को बचाने और भूकंप से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू के साथ प्राथमिक उपचार कर अस्पताल पहुंचाने आदि की जानकारी दी गई। कल दिनांक 29 जनवरी 2025 को 11.30बजे पूर्वाह्न एस एस उच्च विद्यालय में मॉक ड्रिल की जाएगी। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी सहित सभी प्रशासनिक पदाधिकारी गण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### धान अधिप्राप्ति को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय केसभागार में धान अधिप्राप्ति को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी की अध्यक्षता समीक्षा बैठक हुई।बैठक में धान खरीद की लक्ष्य अनुरूप धान खरीद करने पर चर्चा की गई । मौके पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ,बी टी एम अब्दुल्ला एहरार,आकाश महतो ,श्याम कुमार, अमरेंद्र नाग ,व हुरदा व एल्ला लेम्प्स मैनेजर उपस्थित थे।

### कोलेबिरा डॉन बॉस्को स्कूल में हुई चित्रांकन प्रतियोगिता



**कोलेबिरा।** डॉन बॉस्को स्कूल जामटोली कोलेबिरा में मंगलवार को खुली पेंसिल चित्रकाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिए तथा अपने चित्रकला को प्रदर्शित किया। इस उपलक्ष्य पर स्कूल के प्रधानाध्यापक ने फादर ज्योतिष कुमार किंडो ने बच्चों को चित्रकला बारीकियों बताते हुए अपने सभी प्रकार के गुणों को विकास करे का संदेश दिया। प्रतियोगिता में सभी बच्चों को कक्षा के अनुसार टॉपिक दिया गया जिसमें बच्चों ने अपने कल्पनाओं को पेंसिल द्वारा कागजों पर गढ़े । इस प्रतियोगिता का आयोजन 2024 2025 सत्र में हुए सभी प्रकार के प्रतियोगिता के समापन के रूप में किया गया। इसे सफल बनाने में प्रिंसिपल फादर ज्योतिष कुमार किंडो,वाइस प्रिंसिपल फादर एंथोनी,फादर जॉनशिक्षक जस्टिन,संदीप, शिक्षिकामारिया,शशि,एंजेला,पम्मी,तथा सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

### सड़क चौड़ीकरण का मुआवजा कम मिलने को लेकर गोल बंद हुए ग्रामीण




**कोलेबिरा।** लचरागढ़ के ग्राम वासी मुआवजा के खिलाफ हुए गोलबंद. एनएच 330 जी के चौड़ीकरण के दौरान मंगलवार को असंतोष जनक मुआवजा मिलने से ग्राम वासी नाराज भू अर्जन सहित उपायुक्त को आवेदन देने के लिए एकजुट हुए ।ग्रामीणों ने बताया कि बिना मापदंड कहीं मुआवजा निर्धारित की गई है। तोड़ने का खर्च से भी का मुआवजा दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते हैं उनके मुआवजा में सुधार नहीं हुई तो न्यायालय का सहारा लेंगे।

### छात्रों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला गांधी फेलोशिप की पूरी जानकारी दी गई




**सिमडेगा।** गांधी फेलोशिप की जानकारी और समाज के विकास में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पीरामल फाउंडेशन की गांधी फेलोशिप टीम ने एस. के. बागे कॉलेज, कोलेबिरा, सिमडेगा के प्लेसमेंट सेल के साथ मिलकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में कॉलेज के विभिन्न संकायों के 150 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर अनुप कुमार गुप्ता, प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर संजय प्रसाद और एन. एस. एस. कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर सूचित सिन्हा ने गांधी फेलोशिप टीम का स्वागत करते हुए छात्रों को स्वयं के विकास और समाज की उन्नति के लिए प्रेरित किया।कार्यशाला के दौरान, गांधी फेलोशिप के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जैसे - गांधी फेलोशिप क्या है, इस सफर में आप खुद को कैसे पहचान सकते हैं, नेतृत्व क्षमता का विकास कैसे कर सकते हैं, इसका हिस्सा बनने की प्रक्रिया और रजिस्ट्रेशन की जानकारी। साथ ही, पीरामल फाउंडेशन द्वारा गठित युवा सेवा सदन के सदस्यों की कार्यशैली और उनके कौशल के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने सवालों के माध्यम से सक्रियता दिखाई। कार्यशाला का सफल संचालन कॉलेज परिवार और पीरामल फाउंडेशन की ओर से गांधी फेलो अंशुमान और रितेश मिश्रा ने किया।

### कोनमेरला में कार्यक्रम आयोजित कर टीबी मुक्त भारत के लिए ग्रामीणों को दिलाई शपथ



**जलडेगा।** टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कोनमेरला पंचायत भवन में टीबी जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, जन प्रतिनिधि, जलडेगा थाना के थाना प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग जलडेगा के सीएचओ डोली करिश्मा बड़ाइक, सीएचओ पिंकी समद, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार और ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जलडेगा स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के विषय में लोगों को विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। और लोगों को टीबी के लक्षणों और रोकथाम के तरीकों के बारे में बताया गया। वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम टीबी जागरूकता और रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

### तिसरी में कृषि फार्मा की जमीन की मापी हुई शुरू

# समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने उच्च न्यायालय में दायर की थी जनहित याचिका



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** लम्बे समय के बाद जिला प्रशासन एक बार फिर तिसरी के 25 एकड़ रकवा वाले कृषि फार्म की जमीन को लेकर गंभीर हुआ है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मंगलवार को जिला कृषि पदाधिकारी आशुतोष तिवारी , अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अमित बेग,तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद,क्लर्क मो. इकबाल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कर्मन चौधरी,सरकारी अमीन बिनोद रविदास, कर्मचारी जितेंद्र कुमार आदि तिसरी मुख्यालय स्थित कृषि फार्मा की मापी करने पहुंचे। हालांकि उक्त जमीन पर अधिक झाड़ियां होने के कारण मापी करने में काफी फजीहत झेलनी पडी फिर भी जमीन के दक्षिणी ओर के भाग की मापी की गई। जिला कृषि पदाधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि यह प्लॉट 25 एकड़ का है, शिकायत मिली थी कि इसका कुछ हिस्सा कुछ लोग के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व जिला कृषि पदाधिकरी द्वारा अंचल कार्यालय को उक्त जमीन की मापी कराने व अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर लिखा गया था। इसी संदर्भ में अंचल पदाधिकारी द्वारा अमीन को नियुक्त किया गया है। इधर सीओ अखिलेश्वर प्रसाद ने कहा कि समाजसेवी राजकुमार शर्मा के द्वारा इस जमीन को लेकर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर किया गया था। याचिका में कहा गया है कि कृषि फार्म के जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में मापी का निर्देश दिया गया है। कहा कि मापी में जो भी अतिक्रमण पाया जाएगा उसे प्रशासन अतिक्रमण मुक्त कराएगी। इधर जनहित याचिका दायर करने वाले समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी और सीओ के द्वारा मापी शुरू कार्रवाई गई है।

# युवक लापता, गांव के ही एक व्यक्ति पर लगा आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** तिसरी थाना क्षेत्र के सिंघो गांव का एक व्यक्ति 27 जनवरी की शाम से लापता है। लापता व्यक्ति सिंघो निवासी 42 वर्षीय विजय यादव है। इस संबंध में उसकी पत्नी गीता देवी ने तिसरी थाने में आवेदन देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर विजय को गायब करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में गीता देवी ने लिखा है कि उसका पति 27 जनवरी की शाम को गांव के ही बबुचंद यादव के साथ शराब की दुकान पर बैठा था। वहां से घर आने के क्रम में ही वो गायब हो गया। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। गीता देवी ने बाबूचंद यादव पर ही अपने पति को गायब करने का आरोप लगाते हुए तिसरी थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है।

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

**जादूगोड़ा।** जेवियर पब्लिक स्कूल डोरकसाई का 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने खूब धमाल मचाया. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि साईं सरस्वती इंग्लिश स्कूल की अध्यक्ष जयंती शांता, मुखिया कृष्णा मुंडा, विद्यालय के ग्रुप डायरेक्टर सुनील सिंह व गोविंदपुर ब्रांच की प्रधानाचार्य निभा सिंह ने संयुक्त रूप से किया. ग्रुप डायरेक्टर सुनील सिंह स्वागत भाषण दिया. उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को आधुनिक सुविधाएं व गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना हमारी पहली प्राथमिकता है.

### केंद्रीय इस्पात मंत्री ने किया सेल टासरा और चासनाला परियोजना का दौरा

# यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमार स्वामी एवं इस्पात एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा ने मंगलवार को सेल की टासरा ओपन कास्ट परियोजना एवं चासनाला वाशरी का निरीक्षण किया। इस दौरान सेल के चैयरमेन अमरेंदु प्रकाश भी उनके साथ थे। टासरा परियोजना आगमन पर धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन एवं सेल के वरीय पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वहीं सेल के महाप्रबंधक शिवराम बनर्जी ने केंद्रीय मंत्रियों को टासरा परियोजना की प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि टासरा परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है। यह परियोजना 4 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की परियोजना है, जिसमें वाशरी का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से स्थानीय क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का विकास होगा एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं केंद्रीय इस्पात मंत्री ने कोल माइन के ले-आउट आदि का निरीक्षण कर कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है एवं इस परियोजना से कोकिंग कोल के आयात में कमी आयेगी, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की बचत होगी। उन्होंने सेल एवं मेसर्स के.टी.एम.पी.एल. के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर के अन्तर्गत संचालित महिला स्वरोजगार गतिविधियों का अवलोकन किया एवं सेल के सामाजिक क्षेत्रों के कार्यों की सराहना की। इसके बाद उन्होंने सेल चासनाला वाशरी का अवलोकन कर वाशरी के कार्यों की समीक्षा की। उसके बाद केंद्रीय मंत्री ने चासनाला शहीद स्मारक पहुंच कर खान दुर्घटना में शहीद हुए श्रमिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

**Affidavit**

I, Cicilia Tirkey W/o- Late Jonas Tigga, R/o- Vill- Sogra Sukhaltoli P.O- Sikariyadanr P.S-Pakardanr Dist - Simdega. That in my Aadhar card my name is wrongly written as silo Tigga. My correct name is Cicilia Tirkey. both are same and single person for all purposes.

CF No.- 296, dated- 11.01.2025

### होचर सीए ने 65 रन से जीत दर्ज की



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ टाटीसिलवे ग्राउंड में होचर सीए बनाम डांगी सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए होचर सीए की टीम ने 30 ओवर में सात विकेट खोकर 203 रन बनाए। निशांत ने शानदार 52 रन की पारी खेली। अमित झा ने 46 व संदीप कुमार ने 30 रन का योगदान दिया। दीपेश कुमार ने 34 रन देकर 2 विकेट व पवन ने 40 रन देकर 2 विकेट व राजेश दांगी ने 59 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में डांगी सीए की पूरी टीम 28 ओवर में 138 रन पर सिमट गई। दीपेश कुमार ने 44 व दिव्यांशु सिंह ने 23 रन का योगदान दिया। अंकुर ने 7 रन देकर 3 विकेट, दीपक ठाकुर ने 26 रन देकर 3 विकेट व रोशन कुमार ने 12 रन देकर 2 विकेट लिए। होचर सीए ने 65 रन से जीत दर्ज की।

### हरमू यूथ ने 4 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में हरमू यूथ बनाम रेलवे यूथ के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे यूथ ने 27.3 ओवर में 10 विकेट खोकर 80 रन बनाया। अमन राज ने 13 रन व अभिमान ने 11 रन बनाया। वीर ने 21 रन देकर 5 विकेट व रॉयल मिंज ने 15 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी हरमू यूथ की टीम ने 13.4 ओवर में छह विकेट पर 81 रन बनाया। रिशु राज ने 42, सूर्या न 09 रन बनाया। सत्यम तिवारी ने 30 रन देकर 2विकेट व शश्मित ने 33 रन देकर 2 विकेट लिया। हरमू यूथ ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

### रॉकमैन जूनियर ने 152 रन से जीत दर्ज की



रांची। सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकरहुतु में रॉकमैन जूनियर बनाम कॉसमॉस सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी उतरी रॉकमैन जूनियर की टीम ने 30 ओवर में छह विकेट पर 233 रन बनाया। समर ने 35, श्रेयस ने 32, हिमांशु ने 27 व रौनक ने 31 रन बनाया। प्रीतम ने 53 रन देकर 3 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी कॉसमॉस सीए की टीम ने 18.5 ओरव में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अनस नजीर ने सर्वाधित 33 रन बनाए। वहीं रौनक ने 19 रन देकर 2 विकेट, पीयूष ने 25 रन देकर 2 विकेट, भव्य ने 14 रन देकर 2 विकेट व यशराज ने 12 रन देकर 2 विकेट लिया। रॉकमैन जूनियर ने 152 रन से जीत दर्ज की।

### रॉकमेन्स ब्लू 16 रन से जीत हासिल किया



**रांची।** ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट मेकॉन स्टेडियम में सेरसा रेलवे बनाम रॉकमेंस ब्लू के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉकमेंस ब्लू की टीम ने 40 ओवर में सात विकेट पर 247 रन बनाया। नकुल ने शानदार 95 रन की पारी खेली। नीतीश ने 41, दीपू ने 34, नितिन ने 28, मनीष ने 15, नंद जी पांडे ने 10 रन बनाए। कुलदीप ने 45 रन देकर 2 विकेट, उत्कर्ष ने 29 रन देकर 1 विकेट, शिवम ने 36 रन देकर 1 विकेट व गुरजीत ने 31 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी सेरसा रेलवे की टीम ने 39.4 ओवर में 231 पर ऑलआउट हो गई। राजा ने 51, सचिन ने 49, हिमांशु ने 46, आमिर ने 34, ऋषव राज ने 29 व कुलदीप ने 12 रन बनाया। नंद जी ने 61 रन देकर 3 विकेट, प्रतीक ने 45 रन देकर 3 विकेट, प्रेम ने 40 रन देकर 1 विकेट व नकुल ने 41 रन रन देकर 1 विकेट लिया। रॉकमेन्स ब्लू 16 रन से जीत हासिल किया।

### शातिर चोरों ने बर्मन ज्वेलर्स से पांच लाख के आभूषण और नकदी चुराए



**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के जामताड़ा रोड स्थित बर्मन ज्वेलर्स में हुई चोरी, स्थानीय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अज्ञात चोरों ने पहले शटर और ग्रिल गेट को तोड़ा और फिर दुकान में प्रवेश गए। इसके बाद दुकान में जमकर लूटपाट मचाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। दुकान मालिक मुन्ना बर्मन ने मंगलवार को बताया कि चोरी में लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण, जिसमे एक चैन, एक जोड़ा बाला और कुछ अंगूठियां शामिल हैं, इसके साथ 20 हजार नकद की चोरी हुई है। चोरों ने लोहे की मुख्य तिजोरी को भी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। फिलहाल निरसा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी में इस्तेमाल किए गए तरीकों से स्पष्ट होता है कि चोरों ने इस वारदात को बड़ी ही योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया है।

# गांव में शिविर लगाकर कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों को करें दूर : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान सह कुष्ठ रोग खोज अभियान पखवाड़ा चलाया जाएगा। 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाए जाने वाले अभियान को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इस दौरान राज्य समन्वयक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम डॉक्टर गौतम के द्वारा डीसी, सिविल सर्जन एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कुष्ठ रोग के उपचार और रोकथाम को लेकर सरकार गंभीर है। 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य रखा गया है। डीसी ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। डीसी ने लोगों को जागरूक करने के लिए ज्यादा से ज्यादा ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालय स्तर पर बच्चों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों एवं रोग के उपचार आदि के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने सभी को जिले को कुष्ठ मुक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ने को कहा। कुष्ठ रोगियों की यथाशीघ्र पहचान के लिए हर संभव प्रयास करने, लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिले में उपलब्ध संसाधनों का यथासंभव उपयोग करने, जो भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से ग्रसित हैं।

# प्रज्ञा केंद्र संचालक परेशान हजारों प्रमाण पत्र लंबित

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बीते एक माह से झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी सेवा झारसेवा/सर्विस प्लस का सर्वर की धीमी गति से ऑपरेटर परेशान है. जिसके कारण हजारों प्रमाण पत्र लंबित पड़ा है. विद्यार्थियों के भविष्य अधर में लटका हुआ है. अंचल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दिसंबर के अंतिम सप्ताह से इसकी गति धीमी हो गई है. एक प्रमाण पत्र निर्गत करने में तीन से चार मिनट लग रहे है. इस कारण पेंडेसी काफी बढ़ गई है. वर्तमान में सिर्फ सीओ और सीआई के लॉगिन में 900 प्लस और विभिन्न हल्का कर्मचारी के लॉगिन में 3000 प्लस प्रमाण पत्र लंबित पड़े है. इस संबंध में जिला को सूचित किया जा चुका है, पर अब तक समाधान नही हुआ है. ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धनंजय कुमार ने बताया कि समस्या से संबंधित सूचना राज्य को भेजी जा चुकी है. तकनीक टीम कार्य कर रही है. वही विभिन्न पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालकों का कहना है कि प्रमाण पत्र निर्गत नही होने से उनलोग परेशान हो रहे है. कई आवेदन डेढ़ महीने से भी अधिक समय से लंबित है. कुछ को प्रतियोगिता परीक्षा तो कुछ को छात्रवृति फॉर्म भरना है. जिसकी अंतिम तिथि करीब है.

**Department of Industries**
**Government of Jharkhand**
**3rd Floor, Directorate of Industries,**
**Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002**
**Phone. +91 651 2491844, email:jhr-doi@nic.in**

**Selection of Agency to work as Technical Support Unit at Directorate of Industries, Department of Industries, Government of Jharkhand**

**Tender Ref. No. – 183** **dated- 28.01.2025**

**Directorate of Industries, Department of Industries, Government of Jharkhand invites technical and financial proposals from reputed management consultancy firms of national and international repute to work as Technical Support Unit at Directorate of Industries, Government of Jharkhand. The document can be downloaded from the website: https://jharkhand tenders.gov.in/ nicgep/app**

Response to this tender shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications. This section provides general information about the Issuer, import ant dates and addresses and the overall eligibility criteria for the parties. The tender document cost of Rs. 11,800/- (inclusive of 18% GST) is to be submitted vide online mode.

**Notice for Inviting Tender**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | Tender Availability | 30.01.2025 by 10:00 Hours |
| 2. | Last Date of Submission | 11.02.2025 by 15:00 Hours |
| 3. | Technical Proposal Opening | 13.02.2025 by 15:00 Hours |
| 4. | Technical Presentation | 14.02.2025 at 15:00 Hours |
| 5. | Financial Bid Opening | To be announced |
| 6. | Letter of Award | After conclusion of Technical & Financial bid |
| 7. | Cost of Tender | INR 11,800 (including GST) is to be submitted through online mode(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 8. | Mode of tender | Online through https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 9. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 10,00,000 (Rupees Ten Lakhs Only) to be paid in favour of "Director, Directorate of Industries" payable at Ranchi through online mode at https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app portal. |
| 10. | Performance Bank Guarantee | 5% of the Fees of the selected bidder |
| 11. | Website for Tender Documents | https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 12. | Method of Selection | QCBS 70:30 |

*Note:*
1. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline WILL NOT be considered in this procurement process.

Sd/-
Director Industries

PR 345292 Industries(24-25).D

### फंदे से लटकर छात्रा ने की खुदकुशी

**हजारीबाग।** हजारीबाग में राजा बांग्ला स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा कोमल कुमारी ( 21 ) ने पंखे से फंदा लगाकर मंगलवार को खुदकुशी कर ली। यह हॉस्टल हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार के भाई शिवनंदन कुमार का है। उल्लेखनीय है कि अशोक कुमार पर अपनी पत्नी अनीता देवी को जलाकर मारने का आरोप है और इस मामले में शिवनंदन कुमार भी अभियुक्त हैं। कोमल कुमारी विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में स्नातक की छात्रा थी और करीब पांच महीने पहले ही इस हॉस्टल में शिफ्ट हुई थी। उनके पिता अजीत साहू हजारीबाग के एक सत्तू मिल में कार्यरत हैं। परिवार में एक बड़ी बहन और एक भाई हैं। घटना की सूचना सबसे पहले हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं ने कोमल की बड़ी बहन को दी, जिसके बाद परिवार को सूचित किया गया। पुलिस ने मृतका का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# लूट व हत्याकांड मामले में पांच आरोपित गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** दुमका पुलिस ने ज्वेलरी व्यवसायी से लूट और हत्याकांड के मामले का खुलासा करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। हालांकि अब भी नामजद समेत दो अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर किया। एसपी ने बताया कि मसलिया थाना क्षेत्र के व्यवसायी से लूट और हत्या का मुख्य कारण व्यवसायी प्रतिस्पर्धा रहा है। गिरफ्तार पेशेवर अपराधियों में जामताड़ा जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी मेहबूब अंसारी, नारायणपुर थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव निवासी साकिर अंसारी उर्फ फौजदारी एवं नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारूडीह गांव निवासी नौशाद अंसारी है। तीनों पेशेवर अपराधी जामताड़ा जिला के है। वहीं अन्य गिरफ्तार अपराधी में ज्वेलरी व्यवसायी रामचंद्र वर्मा एवं उनके पुत्र राजेश वर्मा है। एसपी ने बताया कि व्यापारिक प्रतिद्वंदीता के कारण व्यवसायी रामचंद्र वर्मा अपने पुत्रों के साथ मिलकर पेशेवर अपराधी मेहबूब अंसारी को मृतक व्यवसायी संजय राणा को ठिकाने लगाने का सुपारी दिया था। डरा-धमका कर व्यवसायी मृतक संजय राणा के मसलिया थाना क्षेत्र के आश्रम मोड़ स्थित दुकान को हटाने को लेकर साजिश रची थी। पेशेवर अपराधी मेहबूब अपने तीन अन्य साथियों के साथ घटना को अंजाम बीते 28 दिसंबर को देने पहुंचा। जहां मृतक संजय राणा के दुकान समेट घर जाने के दौरान घर से महज 500 मीटर की दूरी पर अपराधियों ने व्यवसायी को निशाना बनाना चाहा।

### आम बजट से पहले हुई धनबाद रेल मंडल कार्यालय में संसदीय समिति की बैठक

# त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस दोबारा चालू की जाए : बीडी राम



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** आम बजट से ठीक पांच दिन पूर्व मंगलवार को धनबाद रेल मंडल कार्यालय में संसदीय समिति की बैठक हुई। रेल जीएम छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में धनबाद रेल मंडल अंतर्गत पड़ने वाले सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसद या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में सांसदों और प्रतिनिधियों के जरिये अपने अपने क्षेत्र के स्टेशनों पर यात्री सुविधा बढ़ाने, नई ट्रेन चलाने और ट्रेनों का विस्तार करने की मांग रखी गई। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि बैठक में उन्होंने विशेष रूप से अपने क्षेत्र के लिए तीन मांगे रखी है, जिनमें सबसे पहला, कोरोना काल से पूर्व जो ट्रेन उनके लोकसभा क्षेत्र के स्टेशनों पर रुकती थी, उन ट्रेनों का ठहराव पुनः दिया जाए। इसके साथ ही छह अंडर पास बनाने, चंदवा में फ्लाईओवर का निर्माण और रांची-टोरी ईएमयू को चतरा तक विस्तारीकरण करने की मांग रखी गई है। वहीं बैठक में मौजूद गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि बैठक में खास तौर पर इस बात पर चर्चा हुई कि ट्रेनों की संख्या बढ़े, लेकिन ट्रेन लेट न हो, ससमय ट्रेन अपने गंतव्य तक पहुंचे। इसके साथ ही रेल ट्रैक गुजरने वाले इलाकों के लोगों की भी सुविधा का ख्याल रखने और अमृत भारत योजना के तहत रेल यात्रियों को स्टेशन पर एयरपोर्ट की तरह सुविधा मुहैया कराने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पलामू के सांसद बीडी राम ने कहा कि उनके पलामू संसदीय क्षेत्र में जो त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस चला करती थी, उसे पुनः चालू की जाए, अथवा उसकी जगह कोई अन्य ट्रेन शुरू की जाए, ताकि उनके क्षेत्र के लोग खास कर कैंसर पेसेंट का अन्य राज्यों के अस्पतालों तक पहुंच आसान हो सके। इसके साथ ही धनबाद से नासिक तक चलने वाली ट्रेन को मुंबई छत्रपति शिवाजी टर्मिनल तक विस्तारीकरण करने पर भी चर्चा की गई।

Annexure 1

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– **WRD/MID/RAMGARH F2 - 17/2024-25 (3rd Call)**

दिनांक–28.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् एवं DMFT प्रबंधकीय समिति से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 30.01.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06.02.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 08.02.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ |
| | (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 / ई–मेल | मो0–8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 17 / 20 | पतरातू | पटेल नगर | पटेल नगर पंचायत में करमाली टोला बिरसा चौक से करमाली टोला बस्ती तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 20,15,900.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 17 / 23 | रामगढ़ | बारलौंग | बारलौंग चौक से प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र बारलौंग तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 32,41,100.00 | 5,000.00 | 03 (तीन) माह |
| 17 / 25 | चितरपुर | बोरोबिंग | बोरोबिंग, ग्राम–मुरूबन्दा शिव मंदिर पुल से लेकर नायक टोला तक पी0सी0सी0 पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 7,52,800.00 | 1,250.00 | 03 (तीन) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 345288 Minor Irrigation (24-25)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

गर्व अंधा करने वाला है, यह महान आत्माओं की विशालता की दृष्टि से हमें वंचित रखता है। विनम्रता वह खुला द्वार है जिससे होकर ईश्वर की दया एवं शक्ति की दिव्य बाढ़, ग्रहणशील आत्माओं में प्रेमपूर्वक प्रवाहित होती है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### दिल्ली की रेवड़ी और भविष्य की राजनीति

दिल्ली के चुनाव में आजकल सेल चल रही है। पहले सेल में 50 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा की छूट दी जाती थी लेकिन चुनावी मौसम में चल रही सेल में 100 प्रतिशत की छूट की घोषणा यानी सब कुछ मुफ्त। सब कुछ मुफ्त देने से सरकारी खजाने को कितना नुकसान होगा इसकी परवाह किसी को नहीं है क्योंकि हर पार्टी विधानसभा में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है। सब कुछ मुफ्त देने से दिल्ली में महंगाई का क्या होगा यह सोचे बिना राजनीतिक दल गारंटियों पर गारंटियों की घोषणा किये जा रहे हैं। सब कुछ मुफ्त देने से लोगों का सशक्तिकरण होने की बजाय उनके निठल्ले बनने की संभावनाएं ज्यादा हैं लेकिन फिर भी सब कुछ फ्री देने की होड़ में राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकली जा रही हैं। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश में सबसे ज्यादा है उसके बावजूद यहां के लोगों को फ्री में सुविधाएं हासिल करने की आदत लगा दी गयी है। सरकारी खजाने को लूटो और लुटाओ की नीति के चलते दिल्ली का राजस्व नुकसान हुआ, भ्रष्टाचार के अवसर बढ़े, दिल्ली का बजट घाटा बढ़ा लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है इसीलिए यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि दिल्ली की सत्ता पाने को आतुर पार्टियां एक दो नहीं बल्कि अपने आधा आधा दर्जन घोषणापत्र जारी कर रही हैं। पहले चुनावों में किसी राजनीतिक दल का घोषणापत्र उसकी नीतियों, कार्यक्रमों और समस्याओं से निजात दिलाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता था लेकिन आज पार्टियों का घोषणापत्र उनकी सत्ता लोलुपता को प्रदर्शित कर रहा है। देखा जाये तो यह घोषणापत्र नहीं बल्कि लॉटरी पेश करने जैसा है। दिल्ली में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी की ही बात कर लें तो बिजली और पानी फ्री देने की राजनीति शुरू करने वाली इस पार्टी ने पैकेज के रूप में बिजली और पानी के साथ मौत भी फ्री ही रखी है क्योंकि इस पार्टी के राज में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के चलते हर उम्र के लोगों को तरह - तरह की बीमारियां हो गयी हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जन लोकपाल लाने का वादा किया था लेकिन भ्रष्टाचार के नये रिकॉर्ड बना दिए, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने का ढोल पीटा जबकि असल में एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देकर दारू क्रांति लाई गई। आम आदमी पार्टी आज भी सादगी और शुचिता की बात कर रही है लेकिन उसके नेता शीश महल में रहे और सुरक्षा का बड़ा अमला तथा अन्य सुख सुविधाओं को भोगते रहे। अब ''केजरीवाल की गारंटी'' शीर्षक से पार्टी का जो घोषणापत्र जारी किया गया है वह भी खजाने को लुटाने का छलावा दिखा कर मतदाताओं के मत लूटने का प्रयास लगता है। आप के घोषणापत्र में 15 गारंटी का जिक्र है, जिसमें केजरीवाल ने अपनी पहली गारंटी के रूप में दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के ''ठोस'' कदम का वादा किया है।बहरहाल, देखा जाए तो मुफ्त सुविधाएं केवल अल्पकालिक राहत प्रदान करती हैं। जबकि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल सिखाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

*हर पार्टी विस में अपनी सीटें किसी भी कीमत पर बढ़ाने का प्रयास कर रही है।*

# भारतीय सहकारी समितियां नई आशा की किरण हैं




सहकारिता रूपी नदी धाराप्रवाह बहती जा रही है। यह किसी बंधन से नहीं बांधी जा सकती है । यह जहां भी जाती है, विकास के छोटे से लेकर बड़े बीज बोती जाती है और आर्थिक समर्थन का आधार पैदा करती है। वास्तव में, इसके शाब्दिक अर्थ से कहीं अधिक, सहकारिता सामाजिक और आर्थिक उत्थान का द्योतक है। हम सभी किसी न किसी तरह सहकारिता से जुड़े हुए हैं, और इसकी यात्रा में निरंतर सहयोग कर रहे हैं। भारत की सहकारी परंपरा प्राचीन है, जिसकी जड़ें इसकी संस्कृति और आर्थिक प्रणालियों में गहरी पैठ रखे हुए है। चाणक्य के अर्थशास्त्र के अनुसार, गाँवों की वित्तीय संरचना सहकारी ढांचे, रोजगार प्रदान करने, परिवारों का समर्थन करने और सामाजिक विकास में योगदान करने को दर्शाती हैं।

हमारे स्वतंत्रता संग्राम में भी सहकारिता की भावना की प्रमुख भूमिका थी। रियासतों को एकज़ुट करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल के दूरदर्शी प्रयासों और महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो' आंदोलन ने सामाजिक सहयोग का प्रदर्शन किया। इस प्रकार, यह विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि सहकारिता हमारे राष्ट्र के लोकाचार में शुरू से ही शामिल रही है। सहकारी मॉडल की परिवर्तनकारी क्षमता पहचानते हुए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की, जो आधुनिक भारत में एक ऐतिहासिक कदम है। यह पहल समावेशी विकास और समृद्धि के लिए मोदी जी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, जो एक अनुभवी सहकारी नेता हैं, ने इस क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी नीतियों और मार्गदर्शन में भारत के सहकारी आंदोलन को एक नई दिशा मिली है, जिसमें "सहकार से समृद्धि" के सूत्र वाक्य पर जोर है। श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है और वैश्विक स्तर पर यह क्षेत्र तेजी से मान्यता प्राप्त कर रहा है।

लगभग 132 साल पहले स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन ने नवंबर 2024 में 107 से अधिक देशों के साथ भारत में अपनी पहली बैठक की। भारत के सहकारी इकोसिस्टम की बढ़ती ताकत को देखना सभी भारतीयों के लिए गर्व का पल था। नई दिल्ली में इफको द्वारा आयोजित आई. सी. ए. वैश्विक सम्मेलन की सफल मेजबानी से भारत ने सहकारी आंदोलन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

आई. सी. ए. अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया, जिसमें भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, फिजी के उप-प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका, आई. सी. ए. के अध्यक्ष एरियल ग्वार्को और 107 देशों के 1,500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, संयुक्त राष्ट्र ने सहकारिता क्षेत्र के वैश्विक प्रभाव को मान्यता देते हुए वर्ष 2025 को "अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष" घोषित किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरक दृष्टि और रणनीतिक नेतृत्व ने भारत के सहकारी आंदोलन को वैश्विक महत्व दिया है। जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण पर उनके जोर के साथ-साथ अमित शाह जी की सहकारी मॉडल की गहरी समझ ने इस क्षेत्र को दुनिया के लिए आशा की नई किरण के तौर पर पेश किया है। इस सम्मेलन की सफलता उनके अनुकरणीय नेतृत्व और वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद का प्रमाण है।

आज की बात



**दिलीप संघानी**
अध्यक्ष- एनसीयूआई, इफको व गुजकोमासोल, पूर्व सहकारिता मंत्री, गुजरात

कई अंतर्राष्ट्रीय सहकारी नेताओं ने भारत के सहकारी आंदोलन के बारे में जानने और भारत में प्रमुख सहकारी संगठनों के साथ साझेदारी की खोज करने में गहरी रुचि व्यक्त की। इस अनुभव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'वसुधैव कुटुम्बकम' (दुनिया एक परिवार है) के दृष्टिकोण की भावना को मजबूत किया, जो हमारे राष्ट्र के मूल्यों और परंपराओं से मेल खाती है।

भारत की डेयरी सहकारी समितियां 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दृष्टिकोण और सहकारिता की सफलता को आगे बढाने के लिए मजबूती से खड़ी हैं। अमूल डेयरी कोऑपरेटिव की स्वप्निल यात्रा विस्मय पैदा करने वाली है। एक छोटे स्तर पर शुरू करके यह दुनिया की सबसे बड़ी डेयरी सहकारी समितियों में से एक बन गई है। इसके अलावा, "आणंद पैटर्न" पर आधारित अमूल की सफलता, जिसमें किसान ही सह-स्वामी होने के साथ-साथ आपूर्तिकर्ता भी है, ने आय और लाभ का उचित वितरण सुनिश्चित किया है। निर्णय लेने में किसानों की प्रत्यक्ष भागीदारी से और भी बेहतर प्रबंधन हुआ है। इसकी सफलता आर्थिक विकास से परे है, और महिला सशक्तिकरण के लिए एक मंच प्रदान करती है जो इसे देश और दुनिया भर की अन्य कृषि और डेयरी सहकारी समितियों के लिए एक आदर्श खाका बनाती है। इस क्षेत्र के लिए काम करने से सहकारिता के आदर्शों के प्रति मेरी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई है। मैंने 30 साल पहले 1995 में 'वसुंधरा-अमरेली' नामक संगठन की स्थापना की थी। यह संगठन वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत को बढ़ावा देने के महान लक्ष्य से प्रेरित है। इसका उद्देश्य सभी जीवित प्राणियों के बीच प्रेम और एकता को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व से सशक्त भारत का सहकारी ढांचा विकास के लिए एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभरा है। "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर स्वीकृति मिल रही है। आई. सी. ए. वैश्विक सम्मेलन ने सहकारी नीतियों को और मजबूत करने, उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण, नेतृत्व को बढ़ावा देने, समानता सुनिश्चित करने और सहकारिता के माध्यम से न्याय को आगे बढ़ाने के लिए आधार तैयार किया है।

आज की दुनिया में एक शांतिपूर्ण क्रांति केवल सहकारी ढांचे के माध्यम से ही संभव है। दुनिया में असमानता के बढ़ते विभाजन को केवल सहकारी उपायों के माध्यम से ही कम किया जा सकता है। युवाओं और समाज के अन्य वर्गों के बीच अलगाव की बढ़ती भावना को सहकारी समितियों के बंधन से ही कम किया जा सकता है। साझा भविष्य के लिए यह अनिवार्य है कि सहकारी आंदोलन केंद्र में रहें और न्यायसंगत आर्थिक और सामाजिक विकास करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### हर बार सनातन की आस्था पर प्रहार

कुंभ भारत की सनातन संस्कृति की अद्वितीय शक्ति, आध्यात्मिकता, सहिष्णुता और एकता का प्रतीक है । यह आत्मा की शुद्धता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भारत अपनी सनातन संस्कृति के लिए विश्व भर में जाना जाता है। यह कुंभ आत्मा के शुद्धिकरण और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति का माध्यम है ।कुंभ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है । कुंभ मेला 'वसुधैव कुटुंबकम' की उस अवधारणा को चरितार्थ करता है जिसमें संपूर्ण विश्व को स्वयं में समाहित करने की शक्ति है । देश दुनिया से अनेक लोग अपने-अपने आस्था- विश्वास की डोर को हाथों में थाम कर, अपने रीति- रिवाज, संस्कार, आचार- व्यवहार को अपने साथ लेकर भारत भूमि पर आए हैं और यहां का दृश्य देख वे आश्चर्य और विस्मय से भर गए हैं । वे देख रहे हैं कि भारत की सनातन संस्कृति किस तरह से अपनी बांहे खोल उनका स्वागत कर रही है। वे देख रहे है यहां की सामाजिक समरसता को जहां लिंग, जाति, धर्म, पंथ, संप्रदाय ,मत, अमीर-गरीब, पूरब - पश्चिम के भेद का कोई अर्थ नहीं है। यहां अनेक को एकाकार होते हुए देखा जा सकता है। तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ हमारी सनातन संस्कृति की आस्था और आध्यात्मिकता की जीवंत अभिव्यक्ति है परंतु ऐसे समय में भी हमारे देश का विपक्ष राजनीति करने से,सनातन की मान्यताओं का मखौल उड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। कुंभ में भाजपा नेताओं के स्नान को डुबकी कह कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बता दिया है कि उन्हें सनातन धर्म की, उसकी परंपराओं की कितनी गहरी समझ है। वरना वे करोड़ों लोगों की आस्था को अपने शब्दों से आहत नहीं करते । उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ में हजारों रुपये खर्च कर के कंपटीशन में भाजपा नेता डुबकी लगा रहे हैं और तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक टीवी में अच्छा नहीं आ जाता। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण हो रहा है उन्होंने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है क्या इससे पेट भरता है? उनका यह बयान उस दिन आया जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाकुंभ में संगम पर पवित्र स्नान किया। वस्तुतः ऐसे ही बयान कांग्रेस और उसके नेताओं ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के समय दिये थे कि राम मंदिर बनने से क्या हो जाएगा?

देश की बात



**प्रो. मनीषा शर्मा**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# दुनिया के दवा उद्योग में भारत रच रहा है कीर्तिमान

वैश्विक स्तर पर दवाओं का अपना एक अलग साम्राज्य रहा है। यह एक ऐसा साम्राज्य है जिसकी हद में एक तरफ अरबों खरबों डॉलर का कारोबार है तो दूसरी तरफ दुनिया भर के तमाम लोग इसके संरक्षण में रहने को विवश हैं। आज यह एक ऐसा क्षेत्र बन चुका है जिसकी तुलना हथियार, पेट्रोलियम पदार्थ, रक्षा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे बड़े कारोबारों से की जा रही है। अन्य क्षेत्रों की सीमित संभावनाओं के बीच दवाओं के साम्राज्य की इस क्षमता का समय रहते पहचान करनेवाले देशों में आज भारत का नाम भी शामिल है। इस मामले में भारत के द्वारा बड़ा व गौरवशाली मुकाम हासिल करने की अपनी कहानी है। वस्तुतः यह सबकुछ इसलिए संभव हो सका क्योंकि विगत कुछ दशकों के दौरान अपनी जोरदार सक्रियता और सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण इसने कम कीमत वाली जेनेरिक दवाओं के उत्पादन और इनकी आपूर्ति करने के दम पर पूरे विश्व में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। आज इसे लेकर कोई विवाद नहीं है कि वैश्विक स्तर पर दवाओं के विशाल साम्राज्य में भारत खुद में एक बड़ा खिलाड़ी है और सिर्फ इस एक कारण से भारत को "दुनियाके दवाखाने" के तौर पर देखा जा रहा है। इस सम्मान के विपरीत भारत पर यह आरोप भी लगता रहा है कि दुनिया के इस दवाखाने में नई दवाओं के विकास की संभावनाओं पर कभी गंभीरता से कोई काम नहीं किया गया। इस मामले में कोविड महामारी की वैक्सीन बनाने में भारत के योगदान के पहले आम तौर पर भारत को संभावनाओं की तलाशी से दूर बैठे रहने वाले देश के तौर पर जाना जाता रहा। कोविड वैक्सीन ने पूरी दुनिया के इस भ्रम को तोड़ने का काम जरूर किया परन्तु यह अंतिम मुकाम नहीं था। भारत ने इस चुनौती को स्वीकार किया और लगातार नये नये कीर्तिमान स्थापित करने वाले भारत के वैज्ञानिकों ने दवाइयों के क्षेत्र में एक ऐसा कारनामा कर दिखाया कि आज दवा के वैश्विक साम्राज्य में इसकी चर्चा हो रही है। यह चर्चा इसलिए भी हो रही है कि बेअसर हो रहे एंटीबायोटिक दवाओं के दौर में भारत ने अब अपनी पहली, नई और स्वदेशी एंटीबायोटिक तैयार कर ली है। मिल रही सूचनाओं के अनुसार मुंबई के एक फार्मास्युटिकल कंपनी के द्वारा बनाया गया यह दवा 2025 के पूर्वार्द्ध में ही बाजार में उतार लिया जाएगा और इस दवा के बाजार में आते ही वयस्कों में होनेवाले कम्युनिटी-अक्वायर्ड बैक्टीरियल निमोनिया का इलाज काफी सरल हो जाएगा। विगत चौदह वर्षों के अथक प्रयासों से सामने आ रहे भारत के इस ईजाद को नैफिथ्रोमाइसिन (Nafithromycin) का नाम दिया गया है। यह एक अर्द्ध-सिंथेटिक मैक्रोलॉइड एंटीबायोटिक है और इसे दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से लड़ने के लिए ही विकसित किया गया है। लगभग पांच सौ करोड़ रुपये के खर्च के बाद अस्तित्व में आए इस एंटीबायोटिक दवा का क्लीनिकल ट्रायल खत्म हो चुका है और किये जा रहे दावों के अनुसार भारत सहित अमेरिका व यूरोप जैसे विकसित देशों तक में किए गए इसके क्लिनिकल ट्रायल में इसे अन्य एंटीबायोटिक दवाओं के मुकाबले दस गुणा तक अधिक प्रभावी पाया गया। इस दवा की खासियत यह भी बताई जा रही है कि इसे केवल तीन दिनों तक दिन में एक बार लिया जाना है और यह तेज प्रभाव के साथ लंबे समय तक फेफड़ों में क्रियाशील बना रहता है।

जानकारों का मानना है कि दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों के इलाज में यह दवा क्रांति ला सकती है। ऐसा इसलिए कि विभिन्न कारणों से एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध लंबे समय से एक बढ़ती हुई वैश्विक चिंता का विषय बनकर लगातार चुनौती देता रहा है। दुनिया भर में इससे निपटने के लिए व नई दवाएं विकसित करने का प्रयास भी वर्षों से हो रहे हैं परंतु अब जाकर भारत ने उम्मीद की एक किरण दिखाई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



आपकी बात



**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मृत्यु वरण आने लगा, यदि लोगों को रास।
कैसे मानेगा कोई, किंचित हुआ विकास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# गांवों की दशा और दिशा बदल रही स्वामित्व योजना

देश में ग्रामीण भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त की समस्या प्रमुख रही है। कई राज्यों में गांवों के आबादी क्षेत्रों के नक्शे और दस्तावेजीकरण का अभाव रहा है। आधिकारिक रिकॉर्ड की अनुपस्थिति के कारण इन क्षेत्रों में संपत्ति के मालिक अपने घरों को अपग्रेड करने या अपनी संपत्ति को ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के लिए वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग करने में असमर्थ रहे हैं, जिससे उनके लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना मुश्किल रहा। इस तरह के दस्तावेजीकरण की कमी ने 70 से अधिक वर्षों तक ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में बाधा डाली। यह स्पष्ट हो गया कि आर्थिक सशक्तीकरण के लिए कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त संपत्ति रिकॉर्ड के महत्व के आलोक में एक समकालीन समाधान की आवश्यकता थी। गांवों के आबादी क्षेत्रों के सर्वेक्षण और मानचित्रण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करने के लिए पीएम स्वामित्व योजना विकसित की गई है। इस योजना ने जल्द ही खुद को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों लाखों स्वामित्व दस्तावेज भू-मालिकों को सौंपे हैं।

पंचायतीराज मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की पहल को स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों में सुधारित प्रौद्योगिकी के साथ गांवों का सर्वेक्षण और मानचित्रण) कहा जाता है। इसे नौ राज्यों में कार्यक्रम के पायलट चरण (2020-2021) के सफल समापन के बाद 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देश भर में पेश किया गया था। यह कार्यक्रम भूमि के टुकड़ों का मानचित्रण करने और गाँव के घरेलू मालिकों को "अधिकारों का रिकॉर्ड" प्रदान करने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करता है। कानूनी स्वामित्व कार्ड, जिन्हें संपत्ति कार्ड या शीर्षक विलेख के रूप में भी जाना जाता है, तब संपत्ति के मालिकों को जारी किए जाते हैं, जो ग्रामीण आबादी वाले (आबादी) क्षेत्रों में संपत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में एक सुधारात्मक क़दम है।

सर्वे ऑफ इंडिया और सम्बंधित राज्य सरकारों के बीच एक समझौता ज्ञापन स्वामित्व योजना को लागू करने के लिए रूपरेखा द्वारा प्रदान की गई बहुचरणीय संपत्ति कार्ड निर्माण प्रक्रिया में पहला कदम है। सभी पैमानों पर राष्ट्रीय स्थलाकृतिक डेटाबेस तैयार करने के लिए, विभिन्न पैमानों पर स्थलाकृतिक मानचित्रण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है, जैसे उपग्रह इमेजरी, मानव रहित हवाई वाहन या ड्रोन प्लेटफॉर्म और हवाई फोटोग्राफी ड्रोन। समझौता ज्ञापन के पूरा होने के बाद, एक सतत संचालन संदर्भ प्रणाली स्थापित की जाती है। एक आभासी बेस स्टेशन जो लंबी दूरी की, अत्यधिक सटीक नेटवर्क आरटीके (रियल-टाइम किनेमेटिक) सुधार प्रदान करता है, संदर्भ स्टेशनों के इस नेटवर्क द्वारा प्रदान किया जाता है। अगला चरण यह निर्धारित करना है कि किन गांवों का सर्वेक्षण किया जाएगा और जनता को संपत्ति मानचित्रण प्रक्रिया के बारे में सूचित करना है। प्रत्येक ग्रामीण संपत्ति को चूना पत्थर (चुन्ना) से चिह्नित किया जाता है, जो गांव के आबादी क्षेत्र (आबाद क्षेत्र) को चित्रित करता है यह जांच / आपत्ति प्रक्रिया का समापन है, जिसे संघर्ष / विवाद समाधान के रूप में भी जाना जाता है। फिर सम्पत्ति पत्रक या अंतिम संपत्ति कार्ड / शीर्षक विलेख तैयार किए जाते हैं। आप इन कार्डों को खरीद सकते हैं।

इस कार्यक्रम के लाभों में एक समावेशी समाज शामिल है। गांवों में कमजोर आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थिति संपत्ति के अधिकारों तक उनकी पहुँच के साथ सकारात्मक रूप से सहसम्बद्ध है। स्वामित्व योजना इसे संभव बनाने का प्रयास करती है। आबादी की स्पष्ट रूप से परिभाषित सीमा की कमी के कारण भूमि-संघर्ष के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। स्थानीय स्तर पर संघर्षों के अंतर्निहित कारणों को सम्बोधित करना स्वामित्व योजना का लक्ष्य है। बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजनाएं जो उच्च-रिजॉल्यूशन वाले डिजिटल मानचित्रों का उपयोग करती हैं, सड़कों, स्कूलों, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं, नदियों, स्ट्रीटलाइट्स और अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार लाती हैं।

अलग बात



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर आज बड़ी संख्या में जुटेंगे श्रद्धालु

**एजेंसी। महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने खास तैयारी की है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इसके अलावा आपात स्थिति में मेला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और स्पेशल डॉक्टरों की टीम श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 24 घंटे तैनात की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुंभ नगर राजेश द्विवेदी ने बताया कि दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। खासकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो सजग रहें और किसी तरह की अफवाह में न फंसें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की समस्या में पुलिस का सहयोग लें। पुलिस और प्रशासन श्रद्धालुओं की मदद के लिए 24 घंटे उपलब्ध हैं।

## प्रशासन ने लोगों से की अपील, बताया- 'क्या करें और क्या नहीं'

### क्या करना है

- संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं।
- गंगा स्नान के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें।
- आने वाले श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं।
- मंदिरों में दर्शन के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें, वहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करें।
- जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें, पुलिस आपकी मदद के लिए है।
- ट्रैफिक पुलिस भी आपकी मदद के लिए तत्पर है।
- स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में जांच कराएं।
- बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी और धक्कामुक्की से बचें।
- कागज, जूट या इको फ्रेंडली बर्तनों और कुल्हड़ों का ही प्रयोग करें।
- सभी घाट संगम घाट हैं, जिस घाट पर पहुंच जाएं, वहीं स्नान करें।

### क्या नहीं करना है

- श्रद्धालु कहीं एक साथ एक स्थान पर न रुकें।
- किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने न पड़ें।
- मेले में किसी के द्वारा फैलाई गई अफवाहों से बचें।
- सोशल मीडिया पर फैलाए गए किसी भी भ्रम को सच न मानें।
- मंदिरों में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं।
- होल्डिंग एरिया के बजाय रास्तों पर न रुकें, किसी तरह का अवरोध न उत्पन्न करें।
- व्यवस्था या सुविधा को लेकर किसी के भी बहकावे में आने से बचें।
- किसी प्रकार की भ्रामक खबरों को आगे बढ़ाने से बचें।
- पवित्र स्नान के लिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें।
- प्लास्टिक की पन्नियों और बर्तनों के इस्तेमाल से बचें।

## मौनी अमावस्या पर अयोध्या में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना, श्रद्धालुओं से की गई खास अपील

**अयोध्या।** तीर्थराज प्रयाग में जारी महाकुंभ में मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु संगम नगरी पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने खास तैयारी की है। वहीं, महाकुंभ में स्नान के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने भक्तों से खास अपील की है। उन्होंने भक्तों से निवेदन करते हुए कहा है कि 15-20 दिन के बाद अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए आएं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर श्रद्धालुओं से अपील करते हुए लिखा गया है, "प्रयागराज में 29 जनवरी को महाकुंभ में मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान है। अनुमान है कि लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु 29 जनवरी को प्रयागराज में स्नान करेंगे। बहुत बड़ी संख्या में प्रयागराज से भक्तजन अयोध्या जी पहुंच रहे हैं। ट्रेन एवं सड़क दोनों प्रकार से भक्तजन प्रयाग से अयोध्या आ रहे हैं।' उन्होंने आगे लिखा, "पिछले तीन दिनों से अयोध्या जी में श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। अयोध्या धाम की जनसंख्या एवं आकार को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इतनी अधिक संख्या में भक्तों को एक दिन में रामलला के दर्शन कराना बहुत कठिन है और इसी कारण भक्तों को परेशानी हो रही है। परिणामस्वरूप, किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोकने के लिए आवश्यक हो गया है कि व्यवस्थाओं में उपयुक्त परिवर्तन किए जाएं। भक्तों को अधिक पैदल भी चलना पड़ रहा है। हमारा यह निवेदन है कि पास-पड़ोस के भक्तजन 15-20 दिन के पश्चात दर्शन करने हेतु अयोध्या जी पधारें, ताकि बहुत दूर से आने वाले भक्त अभी सुविधा से प्रभु के दर्शन कर सकें। इससे सभी को सुविधा होगी।"

## मौनी अमावस्या के स्नान से पहले प्रशासन ने बंद की गलियां, श्रद्धालुओं के लिए हर जगह होर्डिंग्स

**महाकुंभ नगर।** योगी सरकार का अनुमान है कि मौनी अमावस्या के दिन होने वाले दूसरे अमृत स्नान में 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करेंगे। दूसरे अमृत स्नान से पहले प्रशासन की तरफ से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दरअसल, प्रयागराज पुलिस-प्रशासन ने जिले में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। इसके अलावा प्रशासन की तरफ से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर में जगह-जगह होर्डिंग्स भी लगवाए गए हैं, जिनमें महाकुंभ मेला क्षेत्र की ओर जाने वाले मार्ग के बारे में जानकारी दी गई। प्रशासन के इस कदम की स्थानीय लोगों ने भी प्रशंसा की है। स्थानीय निवासी उमेश प्रताप सिंह ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि प्रशासन की पहल सराहनीय है। उनकी तरफ से जो इंतजाम किए गए हैं, वह यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लाभकारी साबित होंगे। सनातन धर्म भी यही सिखाता है कि हर किसी की सेवा भाव से मदद करनी चाहिए। गली-मोहल्लों को बंद करने का सभी लोग समर्थन करते हैं, क्योंकि हम भी चाहते हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। स्थानीय निवासी अमित गुप्ता ने कहा कि पुलिस द्वारा गली-मोहल्लों में बैरिकेडिंग करने का फैसला सही है। मैं प्रशासन के निर्णय को सही मानता हूं, क्योंकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखा जाना चाहिए। एक अन्य निवासी ने कहा कि प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में बैरिकेडिंग की है, जो एक अच्छा कदम है। इससे कोई भी श्रद्धालु गलियों में भटक नहीं पाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मौनी अमावस्या का स्नान काफी शुभ माना जाता है, इसलिए लाखों की तादाद में लोग संगम नगरी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए लगातार पहुंच रहे हैं।

## जो सनातन को गंदी गाली देते हैं, उन्हें महाकुंभ समझ में नहीं आएगा : आचार्य प्रमोद कृष्णम

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संगम में डुबकी लगाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तंज कसते हुए कहा था कि 'क्या गंगा नहाने से गरीबी खत्म हो जाएगी।' खड़गे के इस बयान पर सियासी घमासान जारी है। इसी बीच, कल्कि धाम के पीठाधीश्वर एवं पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। इस दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा। खड़गे के बयान पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि भारत के गृह मंत्री ने बड़ी श्रद्धा, विश्वास और आस्था के साथ महाकुंभ में स्नान किया। यह उनकी आस्था का विषय है। किसी भी पार्टी और नेता को किसी की व्यक्तिगत आस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे उनकी डुबकी और स्नान पर अगर प्रश्न उठाते हैं, तो यह आस्था पर हमला है। खड़गे के सुपुत्र सनातन को डर्टी वर्ल्ड कहते हैं, गंदी गाली देते हैं, जो सनातन को गंदी गाली देते हैं और गंदा समझते हैं, उन्हें महाकुंभ समझ में नहीं आएगा। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए ये भी कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के बाद अमित शाह पहले ऐसे गृह मंत्री हैं, जिन्होंने इस राष्ट्र की एकता के लिए बहुत बड़े-बड़े फैसले लिए हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि सनातन को गाली देने का काम कौन करता है? जो लोग सनातन को गाली देते हैं, वहीं महाकुंभ पर सवाल उठा रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि गृह मंत्री अमित शाह ने डुबकी कब, कैसे, कितनी बार और कहां लगाई? सवाल यह है कि भारत के गृह मंत्री ने बड़ी श्रद्धा, विश्वास और आस्था के साथ महाकुंभ में स्नान किया है।

# पूर्वी भारत देश का विकास इंजन ओडिशा है अहम हिस्सा : पीएम

### प्रधानमंत्री ने उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम को किया संबोधित

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों को भारत की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा, "मुझे बताया गया है कि यह ओडिशा के इतिहास में सबसे बड़ा निवेशक शिखर सम्मेलन है - 5 से 6 गुना अधिक निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं। मेरा मानना है कि पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भारत का वैश्विक विकास में बहुत बड़ा योगदान था, तो भारत के पूर्वी हिस्से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार का मुख्य केंद्र हुआ करते थे।उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कोई भी इंडस्ट्री अत्यधिक तकनीक के बिना आगे नहीं बढ़ सकती है। हमारी सरकार अर्थव्यवस्था की गति को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। हम लगातार एक ऐसी दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे हमारे उद्योगों को फायदा पहुंचे। हमें पूरा विश्वास है कि ओडिशा समृद्ध होगा। इस दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। यहां हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति पाई जाती है। यह राज्य विकास और विरासत का अद्भुत मॉडल है। इस भाव के साथ ही हम लोगों ने जी-20 में कई तथ्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उत्कर्ष ओडिशा में हमें पर्यटन उद्योग से जुड़े तथ्यों को प्रस्तुत करना है। हमें इको-टूरिज्म को विस्तृत करना है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "आज के समय में अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता है। सरकार अनुसंधान के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए काम कर रही है और इसके लिए एक विशेष फंड भी तैयार किया गया है। उद्योगों को आगे आना चाहिए और सरकार के साथ काम करना चाहिए, यह सभी की अपेक्षा है। उन्होंने कहा, "आज की तारीख में बड़े-बड़े निवेशक और कलाकार भारत की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। आप सभी दुनिया भर में यात्रा करते हैं और दुनिया भर के लोगों से मिलते हैं। आज, भारत को समझने की जिज्ञासा बढ़ रही है, जिसे आप हर जगह अनुभव करते हैं। भारत को समझने के लिए ओडिशा एक आदर्श स्थान है। इसमें हजारों साल की विरासत और इतिहास है। आध्यात्मिकता, घने जंगल, पहाड़ और महासागर, सब कुछ एक ही स्थान पर अनुभव किया जा सकता है।

### मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं



"2025 की शुरुआत में जनवरी में ओडिशा की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कुछ दिन पहले, मैं प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम का हिस्सा था, और आज मैं यहां उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव में हूं। मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, "जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर थे, तो उन्होंने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में है। ओडिशा के पास एक विरासत है, जो इसे दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ती है। इस सदी में ओडिशा फिर से उस विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा, "ओडिशा में हमारी सरकार लगातार नई-नई संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। यहां हमारी हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं। हमारी सरकार ओडिशा को उद्योगों का हब बनाने की कोशिश कर रही है। ओडिशा ब्लू इकोनॉमी के नाम पर भी देश के शीर्ष राज्यों में शामिल होने जा रहा है। हम भारत में एक ऐसी सप्लाई चेन बनाएंगे जिससे विश्व में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर न पड़े।"

## नायब सैनी ने 'पानी में जहर के दावे' पर केजरीवाल को घेरा



**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के 'पानी में जहर के दावे' पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सैनी ने उनसे कुछ सवालों का जवाब मांगा है। और जवाब न देने पर मानहानि का दावा करने की चेतावनी दी है। सैनी ने कहा कि केजरीवाल बताएं कि हरियाणा ने दिल्ली के पानी में कौन सा जहर मिलाया? पानी रोकने के लिए कौन दीवार बनाई? सैनी ने मंगलवार को वीडियो जारी करके केजरीवाल को इस मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल कहते हैं कि दिल्ली जल बोर्ड के इंजीनियरों ने पानी को दिल्ली आने से रोक दिया, क्योंकि उन्हें पता लगा कि इसमें जहर है। नायब सैनी ने सवाल किया कि इंजीनियरों ने किस तरह निष्कर्ष निकाला कि इस पानी में जहर है? केजरीवाल बताएं कि कौन सा जहर डाला गया और कितने टन जहर डाला गया है। अगर पानी जहरीला था तो कितनी मछलियां मरी हैं? मुख्यमंत्री ने कहा कि झूठ की राजनीति करने में केजरीवाल का कोई सानी नहीं। केजरीवाल ने उस माटी का अपमान किया जहां वे पैदा हुए हैं। हरियाणा के लोग यमुना को पवित्र नदी मानते हैं।

### यमुना के पानी को लेकर सियासत तेज, भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** यमुना नदी के पानी को लेकर अरविंद केजरीवाल के हरियाणा सरकार पर लगाए गए आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार करते हुए इसे हार की हताशा करार दिया है। हालांकि दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ ने इन आरोपों का खंडन किया है। मंगलवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को झूठे आरोप लगाने और भागने की आदत है। अब उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं, इतने गंभीर आरोप वो भी बिना किसी आधार के। खुद दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ ने इन आरोपों का खंडन किया है। लोग देख रहे हैं कि केजरीवाल राजनीति में कितना नीचे गिर गए हैं। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल से छुटकारा पाने का मन बना लिया है, इसीलिए अरविंद केजरीवाल झूठे बयान दे रहे हैं। हार की हताशा साफ दिखाई दे रही है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## महाकुंभ में स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**एजेंसी। सागर**

मध्य प्रदेश के सागर जिले में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की कार सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार धार जिले के धर्मपुरी निवासी छह युवक कार से प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार मंगलवार की सुबह सागर जिले के राहतगढ़ थाना क्षेत्र से गुजर रही थी तभी मसुरयाई मोड़ पर सामने से आ रहे कंटेनर से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार अजय जायसवाल, पप्पू उर्फ अरविंद और देवेंद्र सिंह की मौके पर मौत हो गई है जबकि उनके तीन अन्य साथी आशीष जायसवाल, सनी जायसवाल और दिनेश केवट घायल हुए हैं। इन सभी को उपचार के लिए राहतगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया गया है कि यह हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## गाजियाबाद : ऑनलाइन गेम में पैसे हारने के बाद युवक ने रची लूट की साजिश, गिरफ्तार

**एजेंसी। गाजियाबाद**

गाजियाबाद पुलिस ने एक युवक को लूट की झूठी सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक को झूठी कहानी बनाने के तीन घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करके उसकी साजिश का खुलासा कर दिया। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन गेमिंग ऐप में लाखों रुपए हारने के बाद युवक ने अपने साथ लूट की झूठी योजना बनाई थी। दरअसल, गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह दूध का डिस्ट्रीब्यूशन करने वाले अक्षय कुमार ने डायल 112 पर सूचना दी कि उसके साथ 2,75,000 रुपए की लूट की घटना को बाइक सवार बदमाशों ने अंजाम दिया है। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने एफआईआर लिखकर जब मामले की जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी को खंगाला तो इस घटना से जुड़े चौंकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस के मुताबिक जब आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया और लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं है।

## केजरीवाल को पता चल चुका है दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से निकल चुकी है: कृष्ण मिड्ढा

**एजेंसी। पंचकूला**

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने मंगलवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को पता चल गया है कि उनके हाथ से दिल्ली की सत्ता निकल चुकी है, इसलिए उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वे क्या करूं।

डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि ये अरविंद केजरीवाल की बौखलाहट है, उन्हें साफ पता चल चुका है कि दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से निकल चुकी है, वे पगला चुके हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि मैं क्या करूं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली के पूर्व सीएम ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे जनता को स्पष्ट नजर आ रहा है कि उन्हें पहले भी लोगों को बहकाने का काम किया है, जिसकी वजह से उन्होंने सत्ता को संभाला। ये सब अब लोगों को समझ आ चुका है और आप को उखाड़ फेंकने का काम कर रहे हैं। हरियाणा पर जहरीला पानी देने का आरोप लगा रहे हैं। जैसे आप वैसे उनके अफसर हैं, जो इस तरीके की बातें कर रहे हैं कि पानी में जहर मिला हुआ है। अरविंद केजरीवाल पहले खुद देखें कि यमुना का दिल्ली में क्या हाल हो चुका है? केजरीवाल अपनी कमियों को छुपाने का काम कर रहे हैं और इल्जाम दूसरों पर लगा रहे हैं।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को माफी मांगनी चाहिए। नहीं तो हम जो कर सकते हैं वो करेंगे। बता दें कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर पांच फरवरी को मतदान होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित होंगे।

# बिहार के मुजफ्फरपुर में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के खिलाफ परिवाद पत्र दायर

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महाकुंभ स्नान को लेकर की गई एक टिप्पणी को लेकर बिहार के मुजफ्फरपुर की एक अदालत में परिवाद पत्र दायर किया गया है। इस परिवाद पत्र में आरोप लगाया गया है कि खड़गे के जानबूझकर दिए गए इस बयान से हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंची है। मुजफ्फरपुर न्यायालय के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में स्थानीय अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने परिवाद पत्र दायर किया है। दायर परिवाद पत्र में कहा गया है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि गंगा में डुबकी लगाने से क्या गरीबी दूर हो जाएगी? उनके इस बयान से करोड़ों हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर ऐसा बयान दिया गया है, जो हिंदुओं का अपमान है। गंगा को हम मां मानते हैं और जो लोग स्नान कर रहे हैं या महाकुंभ जा रहे हैं, उनकी भावना आहत हुई है। अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजनीतिक लाभ के लिए सनातनी हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। विभिन्न धाराओं के तहत यह परिवाद पत्र दायर किया गया है, जिसमें आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निवेदन किया गया है।



### मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर भड़के बिहार के मंत्री संतोष सुमन

**पटना।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महाकुंभ पर दिए गए बयान पर बिहार के मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता संतोष सुमन ने पलटवार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि महाकुंभ आस्था का पर्व है। कहा जा रहा है कि यहां कई करोड़ लोग आएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष का बयान इन सभी लोगों का अपमान है, उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। बिहार के मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि लोकतंत्र में सभी लोगों को अपना धर्म मानने की स्वतंत्रता है और लोग महाकुंभ में पहुंच रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हो सकता है वह ईसाई धर्म से प्रभावित हों, कांग्रेस के सर्वेसर्वा भी इससे प्रभावित हैं। इस कारण वह सोचते होंगे कि यहां सनातन धर्म नहीं बढ़े, इस कारण वह ऐसी बातें कर रहे होंगे। उन्होंने आगे कहा, "वैसे, ऐसी बातें करने से उन्हें कोई लाभ होने वाला नहीं है। धर्म ही है जो हम लोगों को एक करता है। अपने-अपने धर्म के अनुसार यहां सभी लोग अपनी पद्धति को अपनाते हैं।" उन्होंने आगे कांग्रेस नेता खड़गे को नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति करने आए हैं, तो राजनीतिक बातें करें। वह अपनी नाकामी को छुपाने के लिए इस तरह की बातें कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि गंगा में डुबकी लेने से गरीबी दूर होती है क्या, आपके पेट को क्या इससे खाना मिलता है? इधर, बिहार के मंत्री सुमन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न दिए जाने की उठ रही मांग पर कहा कि जिस तरह से नीतीश कुमार ने बिहार में काम किया है और अशांत बिहार को शांति की तरफ ले आए।

### वरुण चक्रवर्ती की मेहनत पर फिरा पानी

# इंग्लैंड ने थामा भारत का विजय रथ, 26 रन से जीता मैच



इंग्लैंड ने की टीम ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 9 विकेट के नुकसान पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया था

भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना पाई।

वरुण चक्रवर्ती ने टीम इंडिया के लिए चार ओवर के स्पेल में 24 रन देकर 5 विकेट झटके।

**एजेंसी। राजकोट**

पांच टी20 मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 26 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सीरीज में खुद को बरकरार रखा है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मैच में राजकोट के निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतने के बाद पहले फील्डिंग करने का फैसला किया था। मुकाबले में इंग्लैंड ने की टीम ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 9 विकेट के नुकसान पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना पाई। भारत के लिए तीसरे टी20 मैच में कोई भी बल्लेबाज अपना कमाल नहीं दिखा सके। हार्दिक पांड्या जरूर कुछ देर के लिए क्रीज पर समय बिताया, लेकिन इंग्लैंड की कसी हुई गेंदबाजी के वह बेबस नजर आए। हार्दिक पांड्या 35 गेंद में 40 रनों की पारी खेली, जिसमें उन्होंने 2 छक्के और 1 चौका शामिल रहा। टी20 में टीम इंडिया के लिए हार्दिक की यह सबसे धीमी पारियों में से एक थी। इसके अलावा अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन भी कुछ खास नहीं कर पाए जबकि दूसरे टी20 में जीत के हीरो रहे तिलक वर्मा 18 रन बनाकर बोल्ड हो गए। भारत के लिए इस मुकाबले में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कमाल की गेंदबाजी की। वरुण ने इस टी20 में अपना पंजा खोला। हालांकि, उनकी यह यह मेहनत टीम इंडिया के लिए काम नहीं आई। वरुण चक्रवर्ती ने टीम इंडिया के लिए चार ओवर के स्पेल में 24 रन देकर 5 विकेट झटके। वरुण के अलावा हार्दिक पांड्या ने भी दो विकेट हासिल किए।वहीं रवि बिश्नोई और अक्षर पटेल ने भी अपनी फिरकी-फिरकी से एक-एक सफलता हासिल की। इसके अलावा 436 दिन बाद टीम इंडिया के लिए मैदान पर वापसी करने वाले मोहम्मद शमी ने तीन ओवर की गेंदबाजी की जिसमें उन्हें एक भी हासिल नहीं हुआ है। इस तरह गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन का फायदा टीम इंडिया के बल्लेबाज नहीं उठा पाए।

## रोहित, जायसवाल, अय्यर मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मुकाबले में नहीं खेलेंगे



**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने साथियों यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर के साथ गुरुवार से शुरू हो रहे मेघालय के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई के लिए नहीं खेलेंगे। अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली मुंबई फिलहाल ग्रुप ए में छह मैचों में 22 अंकों के साथ जम्मू-कश्मीर और बड़ौदा के बाद तीसरे स्थान पर है। रोहित के घरेलू क्रिकेट में वापसी करने पर उन्हें जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। रोहित, जायसवाल और अय्यर की तिकड़ी 6 फरवरी से नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी वनडे सीरीज की तैयारी करेगी, जो पिछले रणजी ट्रॉफी दौर के निर्धारित समापन के चार दिन बाद होगी। रोहित और जायसवाल, जो टेस्ट मैचों में भी साथ में ओपनिंग करते हैं, ने अपने पिछले रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए शीर्ष पर साझेदारी की थी। घरेलू क्रिकेट में उनकी वापसी बीसीसीआई के नए दिशानिर्देशों के बाद हुई है, जिसमें खिलाड़ियों को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य किया गया है। यह निर्देश भारत की न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार टेस्ट सीरीज में हार के बाद आया था , जिससे उनकी लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं, जिसका मुख्य कारण बल्लेबाजी इकाई का संघर्ष है।

## सूरमा हॉकी क्लब शीर्ष पर चल रही टीम से भिड़ेगा, नजर सेमीफाइनल पर

**राउरकेला,(आईएएनएस)।** पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 अपने निर्णायक चरण में पहुंच रही है, ऐसे में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब बुधवार को शीर्ष पर चल रही टीम श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष पांच टीमों के बीच सेमीफाइनल के लिए जगह अभी भी खाली है, ऐसे में यह मैच दोनों टीमों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। 20 जनवरी को हुई पिछली भिड़ंत को याद करते हुए, जिसमें सूरमा ने प्रभजोत सिंह और मनिंदर सिंह के गोल की बदौलत 2-1 से जीत हासिल की थी, मुख्य कोच जेरोन बार्ट ने टीम के लचीलेपन और रणनीतिक क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, पिछली बार टाइगर्स के खिलाफ मामूली अंतर से जीत हासिल करने के लिए हमारे खिलाड़ियों ने असाधारण दृढ़ संकल्प दिखाया था। उस जीत को हासिल करना महत्वपूर्ण था, लेकिन हम जानते हैं कि आगामी मैच एक नई चुनौती पेश करता है और हम कल के मैच में भी यही रवैया दिखाने के लिए तैयार हैं।"टाइगर्स नौ मैचों में 18 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। रूपिंदर पाल सिंह और जुगराज सिंह उनके लिए बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने क्रमशः पांच और आठ गोल किए हैं। इसलिए, पेनल्टी कॉर्नर डिफेंस सूरमा के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र होगा।



# भारतीय महिला हॉकी टीम की कैप्टन सलीमा और डिफेंडर निक्की का रांची में होगा आशियाना

**रांची(आईएएनएस)।** शायद यकीन कर पाना मुश्किल है, लेकिन यह सच है कि भारतीय महिला हॉकी टीम की कैप्टन सलीमा टेटे और स्टार ओलंपियन निक्की प्रधान के लिए एक अदद पक्का मकान बड़ा सपना रहा है। कच्चे मकानों में पली-बढ़ी इन दोनों हॉकी स्टार का जल्द ही रांची के पॉश इलाके में अपना आशियाना होगा।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित झारखंड मंत्रालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में दोनों खिलाड़ियों को रांची की हरमू हाउसिंग कॉलोनी में सरकार की ओर से दिए जाने वाले प्लॉट के पेपर सौंपेंगे।



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और तीरंदाजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नंबर वन प्लेयर की रैंकिंग हासिल करने वाली दीपिका कुमारी को भी पूर्व में इसी कॉलोनी में सरकार की ओर से प्लॉट उपलब्ध कराए गए थे। हॉकी स्टार सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को भी रांची में प्लॉट उपलब्ध कराने की घोषणा कुछ साल पहले हुई थी, लेकिन इस पर अब तक अमल नहीं हो पाया था। झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने 14 अगस्त 2024 को अपनी 74वीं बैठक में दोनों खिलाड़ियों को हरमू हाउसिंग कॉलोनी में 3,750 वर्ग फीट जमीन का प्लॉट आवंटित करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों को प्लॉट आवंटन की कागजी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। बताया गया कि सलीमा टेटे को कॉलोनी में प्लॉट संख्या 10 बी और निक्की प्रधान को प्लॉट संख्या 10 ए आवंटित किया जाएगा।

इसके लिए होने वाले कार्यक्रम को लेकर झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार को अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में दोनों खिलाड़ियों के परिजनों और प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। झारखंड के सिमडेगा जिले के एक छोटे से गांव बड़की छापर की रहने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की कैप्टन सलीमा टेटे का परिवार अब भी कच्चे मकान में रहता है।

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

शिवम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर
कोलेबिरा।

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रखंड परिवार सह अंचल परिवार
ठेठईटांगर।

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
HILLVIEW PUBLIC SCHOOL SIMDEGA
Samtoli Kurdeg Road, Simdega, Jharkhand - 835 223
Tel.: 8292322292, 8294792292 E-mail : hillviewpss@gmail.com
Run and Managed by : Ramawtar Ji Memorial Trust
CBSE Affiliation No : 3430725 SCHOOL CODE 66946 (UPTO SECONDARY LEVEL)
HSAT - 2025
Hillview Scholarship cum Admission Test 2025
Admission Open for Session 2025-26
Class I to Class IX
on 16th February 2025
MEGA WALK IN INTERVIEW FOR TEACHERS - 2ND FEB 2025


76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अंकिता केरकेट्टा
मुखिया शाहपुर पंचायत, कोलेबिरा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

मुनेश्वर तिर्की
भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री, सिमडेगा।

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रॉक ड्रिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
सिमडेगा।

राष्ट्रीय यक्षमा उन्मूलन कार्यक्रम, NTEP
जिला यक्ष्मा केन्द्र, सिमडेगा।
सदर अस्पताल परिसर, सिमडेगा
E-mail -DTOJHSDG@mtcp.org

जन-जन का रखे ध्यान, टी० बी० मुक्त भारत अभियान

100 Days Campaign for TB Elimination

100 Days Campaign के अन्तर्गत हमें सामान्य लक्षणों के साथ-साथ उन समस्त असुरक्षित (Vulnernble) संदेहास्पद यक्ष्मा रोगियों का X-Ray एवं NAAT (Nucleic Acid Amplification Test) जाँच करेंगे :-

- जिनका उम्र 60 वर्ष से अधिक होगा।
- जिनका इटक(Body Mass Index) 185 से कम होगा।
- पिछले पाँच वर्ष के दौरान जिन्हे टी० बी० हुआ हो।
- पिछले तीन वर्षों के दौरान टी० बी० रोगी के घरवाले।
- शराब पीने वाले।
- धुम्रपान करने वाले (Alcohlic)
- डायबिटीज

टी0 बी0 रोग एवं इसके उपचार के संदर्भ में

- टी० बी० (यक्ष्मा) समाज के सभी वर्गों में पाई जाने वाली संक्रामक बीमारी है।
- एक टी० बी० रोगी 10 से 15 स्वस्थ्य व्यक्तियों में टी० बी० फैला सकता है।
- दो सप्ताह से ज्यादा खाँसी टी० बी० हो सकता है। टी० बी० के अन्य लक्षणों में वजन में कमी, गंभीर बीमारी आदि है।
- जिला के सभी सभी सरकारी अस्पताल जाकर खखार/बलगम की जाँच करायें।
- टी० बी० का सम्पूर्ण जाँच एवं इलाज प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपलब्ध है।
- टी० बी० की बीमारी पकड़ में आने पर मरीजों को सभी सरकारी अस्पतालों में दवाईयाँ मुफ्त में दी जाती है।
- ये दवाईयाँ सहिया/आँगनबाड़ी कार्यकर्ता / भोलेन्टियर की देखरेख में नियत समय तक के लिए दी जाती है।
- सम्पूर्ण इलाज नहीं लेने पर टी० बी० रोग जानलेवा एवं बहुऔषधि प्रतिरोधक MDR (Multi-Drug Resistant) हो सकता है।
- जिला यक्ष्मा केन्द्र सिमडेगा में सामान्य संदेहास्पद टी० बी० की जाँच Fluoroscent Microscope / TrueNat द्वारा एवं संदेहास्यद MDR TB की जाँच कम्प्युटराईज्ड CBNAAT द्वारा की जाती है।
- निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक यक्ष्मा मरीज को पौष्टिक आहार हेतु 1000 रू (एक हजार रू) प्रति माह चिकित्सा अवधि तक के लिए एवं साथ ही मरीज की चिकित्सा के दौरान एकमुश्त 750 रू (सात सौ पचास रु) दी जाती है।
- टी० बी० से होने वाली मौतों को रोकियों।
- Yes, We can end TB.

*बलगम /खखार की जाँच से लेकर पूरी अवधि तक सहिया / आँगनबाड़ी कार्यकताओं की देखरेख टी० बी० का मुफ्त इलाज।*

जिला यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, सिमडेगा द्वारा जनहित में जारी
Yes! We Can End TB

पत्रांक 147 (N) / सिमडेगा, दिनांक 25/01/2015

कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# बीते पांच वर्षों में दोगुनी हुई क्रेडिट कार्ड की संख्या, लेनदेन भी बढ़ा : आरबीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में क्रेडिट कार्ड की संख्या बीते पांच वर्षों में दिसंबर 2024 तक दोगुनी होकर 10.80 करोड़ हो गई है, जो कि दिसंबर 2019 में 5.53 करोड़ थी। यह जानकारी आरबीआई की रिपोर्ट में दी गई। इसके विपरीत डेबिट कार्डों की संख्या अपेक्षाकृत स्थिर रही है, जो दिसंबर 2019 में 80.53 करोड़ से मामूली बढ़कर दिसंबर 2024 में 99.09 करोड़ हो गई है।



आरबीआई की रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में क्रेडिट कार्ड से 447.23 करोड़ लेनदेन हुए और इनकी वैल्यू 20.37 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, डेबिट कार्ड से 173.90 करोड़ लेनदेन हुए और इनकी वैल्यू 5.16 लाख करोड़ थी। रिपोर्ट में बताया गया कि हाल के वर्षों में डेबिट कार्ड का इस्तेमाल घटा है, जबकि क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़ा है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्ड की संख्या दिसंबर 2019 के अंत तक 122.6 लाख से बढ़कर दिसंबर 2024 के अंत तक 257.61 लाख हो गई है, जो 110 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी क्षेत्रों के बैंकों द्वारा दिसंबर 2024 के अंत तक 766 लाख कार्ड्स जारी किए जा चुके हैं। साथ ही कहा कि शहरी और समृद्ध वर्ग के ग्राहक को-ब्रांडेड और डिजिटल सॉल्यूशंस की तरफ झुके हुए हैं।

विदेशी बैंकों द्वारा जारी किए गए कार्डों की संख्या में गिरावट देखी गई है और दिसंबर 2024 तक इनकी संख्या 45.94 लाख रह गई है, जो कि दिसंबर 2019 में 65.79 लाख थी। इस दौरान बाजार हिस्सेदारी भी 11.9 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई है।

आरबीआई की अन्य रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 83 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2019 में 34 प्रतिशत थी। समीक्षा अवधि में अन्य पेमेंट सिस्टम्स जैसे आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड की हिस्सेदारी 66 प्रतिशत से गिरकर 17 प्रतिशत रह गई है।

व्यापक स्तर पर यूपीआई लेनदेन की वॉल्यूम बढ़कर 2024 में 17,221 करोड़ हो गई है, जो कि 2018 में 375 करोड़ थी। इस दौरान कुल लेनदेन की वैल्यू 5.86 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 246.83 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

## टीवीएस मोटर का मुनाफा तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत गिरा

**मुंबई।** टीवीएस मोटर कंपनी ने मंगलवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी का मुनाफा तिमाही आधार पर 6.66 प्रतिशत गिरकर 618.48 करोड़ रुपये रहा है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी को 662.62 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी की आय 1.48 प्रतिशत गिरकर 11,134.63 करोड़ रुपये रह गई है, जो कि पिछली तिमाही में 11,301.68 करोड़ रुपये थी। हालांकि, कंपनी के शुद्ध मुनाफे में सालाना आधार पर 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह अधिक बिक्री और परिचालन दक्षता होना है। टीवीएस मोटर की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ी है, जो कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 9,097 करोड़ रुपये थी। टीवीएस मोटर का ऑपरेटिंग ईबीआईटीडीए वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,081 करोड़ रुपये हो गया, जो कि पिछले साल इसी अवधि में यह 924 करोड़ रुपये था।

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रोहित कुमार सिंह
झारखंड प्रदेश अध्यक्ष-अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद
सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जनता का प्यार और समर्थन ही हमारी ताकत है। क्षेत्र विकास करने एवं आपकी समस्याओं को दूर कराने में हमे हिम्मत देती हैं।
दीपक लकड़ा
कोनपाला पंचायत पूर्व उपमुखिया सह समाज सेवी
सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मुकेश श्रीवास्तव
भाजपा जिला महामंत्री
सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

एनआरईपी विभाग
सिमडेगा

# धान बिक्री सिस्टम से अन्नदाता परेशान, खरीदी कम और परेशानी ज्यादा

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू (हि.स.)।** पलामू के अन्नदाता इन दिनों काफी परेशान हैं। उनकी परेशानी धान बिक्री को लेकर बनी हुई है। पेचिदा सरकारी व्यवस्था किसानों की नींद हराम करके रखी हुई है। बिक्री के लिए धान लेकर किसान पैक्सों में मारे-मारे फिर रहे हैं। जो किसान धान बेच चुके हैं, उठाव नहीं होने से उन्हें 15 दिन बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। अच्छी पैदावार के बाद भी धान फसल किसानों की परेशानी का सबब बनी हुई है। जिले में अक्सर सुखाड़ एवं अकाल की काली छाया मंडराते रहती है। पिछले साल अच्छी बारिश होने के कारण धान की पैदावार बढिया हुई है। यही कारण है कि जिले में दो लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 41 धान अधिप्राप्ति केन्द्र खोले गए हैं। 15 दिसंबर से धान की खरीददारी की जा रही है। 75 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीद हो गयी है। 2300 रूपए प्रति क्विंटल धान की खरीद तय किया गया है। अलग से 100 रूपए एमएसपी देने का प्रावधान है।

बिक्री की व्यवस्था पेचिदा, मिलर की संख्या एक से अधिक नहीं रहने एवं अधिकारियों की जवाबदेही बेहतर नहीं रहने के कारण किसानों की परेशानी बढी हुई है। बिक्री किए गए धान का उठाव नहीं होने के कारण अधिकतर पैक्सों में खरीददारी बंद है।

पैक्सों की गोदाम क्षमता के अनुसार धान खरीदने का लक्ष्य दिया गया है। कई पैक्स क्षमता के अनुसार धान की खरीद कर लिए हैं। ऐसे में पैक्सों की ई-पॉश मशीन बंद हो गयी है। जब इन पैक्सों पर किसान धान बेचने के लिए पहुंच रहे हैं तो उन्हें निराशा हाथ लग रही है। किसान पैक्स अध्यक्षों से भिड़ जा रहे हैं। तिखी नोक झोक हो रही है। किसानों को समझ आ रहा है कि पैक्स अध्यक्ष उनके पैदावार को खरीदना नहीं चाहते एवं अनावश्यक दौड़ा रहे हैं। किसान धान खरीदने का दबाव बना रहे हैं। सिस्टमेटिक धान खरीदने का नियम होने के कारण पैक्स अध्यक्ष हाथ खड़े कर दे रहे हैं।

यहां यह भी बता दें कि पलामू जिले में एक मात्र मिलर को धान उठाव के लिए अधिकृत किया गया है। उठाव की प्रक्रिया काफी सुस्त रहने के कारण पैक्सों में पड़े-पड़े धान बर्बाद हो रहे हैं। लगातार धान सूख रहे हैं और चूहे बोरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे पैक्स अध्यक्षों को भारी आर्थिक नुकसान होगा।

धान खरीद को लेकर बनी विकट स्थिति के बीच कई किसानों से बात की गयी। धान बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे किसानों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि अच्छी बारिश होने के कारण धान की खेती बेहतर हुई है, लेकिन बिक्री नहीं होने से वे परेशान हैं। किसानों का कहना है कि अगर सरकारी व्यवस्था यही स्थिति रही तो वे मजबूरन बाजार में धान बेच देंगे। धान बेच चुके एक किसान ने बताया कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। आधा पैसा और बोनस की राशि मिलर द्वारा धान उठाव के बाद मिलने का प्रावधान है। धान का उठाव नहीं होने से ऐसी स्थिति बनी है। मात्र एक मिलर को उठाव के लिए अधिकृत करना सरकार की बड़ी नाइंसाफी है। मिलरों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा कि धान खरीद के बाद उठाव कार्य में तेजी लाने को लेकर डीएसओ से आज ही बात की गयी है। मिलरों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया गया है। 1000 क्विंटल की खरीद के बाद ई-पॉश मशीन बंद हो जाती है। ऐसे में धान खरीद नहीं होने से परेशानी बनी हुई है।

हुसैनाबाद व्यापार मंडल सह पलामू जिला पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति कार्य में मिलर के जरिये धान उठाव की प्रक्रिया बिल्कुल धीमी है। यह बड़ा ही दुर्भाग्य है।

# स्वास्थ्य विभाग ने बेटी बचाओ अभियान चलाया

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा बेटी बचाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रैली निकाली गई। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चलकर बालूमाथ मुख्य मार्ग होते हुए गली मोहल्ले आदि को भ्रमण कर वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संपन्न हुई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ के बुलंद नारे लगा लोगो को जागरूक किया।इस रैली कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, बीपीएम योगेंद्र राम, बिटी टी दिलिप डांगी, सहिया और नर्स ने उपस्थित थे। साथ ही पीसीपीएनडीटी कार्यक्रम के तहत सीएचसी बालूमाथ के सभागार में सहियाओं और नर्स की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,

## पेज एक के शेष

### सतत एवं समावेशी...

इसके लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है, उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए। अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इस पर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाए हैं, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है। ऐसे में एसेट तैयार करने के क्रम में उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का ध्यान रखना जरूरी है। इस दिशा में हमें नकरात्मक पहलुओं को दूर करने के लिए बेहतर प्रबंधन करना होगा। बजट 2025-26 में विभिन्न सेक्टर को मजबूत और उन्नत बनाने के लिए क्या-क्या प्रावधान किए जाने चाहिए, इसे लेकर देशभर से आए अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स ने कई अहम सुझाव रखे। इनमें यूनिसेफ के पूर्व एजुकेशन स्पेशलिस्ट विनोबा गौतम ने शिक्षा, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च के प्रोफेसर एस चंद्रशेखर ने डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स, एनआईईपीए के प्रोफेसर सुधांशु भूषण ने उच्च शिक्षा, आईआईएम उदयपुर की डॉ निधि अग्रवाल ने कृषि तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली के प्रोफेसर वीएन आलोक ने पब्लिक फाइनेंस को लेकर कई सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने बजट निर्माण को लेकर अहम सुझाव देने वाले इन विशेषज्ञों को सम्मानित किया। बजट पूर्व संगोष्ठी में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, सचिव प्रशांत कुमार, राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल के साथ विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव तथा अन्य अधिकारी एवं देशभर से आए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ शामिल थे।

### लातेहार में दो...

संगठन के लिए काम करने वाले जमुआ थाना इलाके के गनियाडीह गांव के निवासी तालेश्वर हंसदा उर्फ सेरमा और उसकी पत्नी मालती मुर्मू उर्फ गुडी उर्फ गुड़िया को गिरफ्तार किया। गिरिडीह के एएसपी अभियान सुरजीत कुमार और एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि एसपी कुमार विमल को सूचना मिली थी कि यह दंपति मधुबन थाना क्षेत्र के टेसाफुली जंगल के पहाड़ी इलाके में नक्सली संगठन के शीर्ष नेताओं से मिलने जा रहा है। इस पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और दोनों को जंगली इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

### लातेहार में उग्रवादी...

उग्रवादियों ने भट्ठा मालिक से रंगदारी की मांग को लेकर वहां काम करने वाले मजदूरों की पिटाई शुरू कर दी। उन्होंने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की। इसके बाद वे लोग वहां से एक मोटरसाइकिल लेकर भागने लगे। इस बीच, भट्ठा मजदूरों ने हल्ला मचाते हुए स्थानीय ग्रामीणों को जुटा लिया और उग्रवादियों को घेर लिया। उन्होंने उग्रवादियों की जमकर पिटाई की। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम ने तत्काल घेराबंदी करते हुए पिटाई से घायल उग्रवादी किशोर नायक उर्फ अभय के साथ-साथ दो अन्य उग्रवादियों को हिरासत में ले लिया। किशोर नायक की स्थिति गंभीर रहने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लातेहार के एसपी कुमार गौरव ने घटना की पुष्टि की है। गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, किशोर नायक को लातेहार जिला प्रशासन ने जिला बदर कर रखा था। उसके खिलाफ लातेहार जिले के कई थाना क्षेत्रों में आपराधिक मामले दर्ज थे। उसका गिरोह क्षेत्र में दहशत फैलाकर व्यवसायियों और ठेकेदारों से रंगदारी वसूलता था। उसने पूरे इलाके में आतंक फैला रखा था।

### स्पोर्ट्स भारत के...

खेल बजट तीन गुना हो गया है। ह्यटारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीमह्ल के माध्यम से देश के एथलीटों में महत्वपूर्ण वित्तीय संसाधनों का निवेश किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, ह्यखेलो इंडियाह्ल कार्यक्रम के तहत पूरे देश में अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। आज देश में कई टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स की वजह से युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिला है। यूनिवर्सिटी गेम्स, यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को नए अवसर दे रहे हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स से पैरा एथलीट नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। प्रधामंत्री मोदी कहा, भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। अगर ओलंपिक भारत में आयोजित होता है, तो इससे देश के खेल क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। ओलंपिक सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं है, यह देश के कई अन्य क्षेत्रों में भी विकास को बढ़ावा देता है। जब भारत में ओलंपिक होगा, तो वह भारत के खेल के स्तर को एक नए आसमान पर ले जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा के सैकड़ों सांसद नए टैलेंट को आगे लाने के लिए अपने क्षेत्रों में सांसद खेलकूद स्पर्धा करा रहे हैं। उनके अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में करीब-करीब ढाई लाख युवाओं को खेलने का मौका मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज खेलों को देश के विकास से जोड़ा जा रहा है। हम इसे युवाओं के आत्मविश्वास से जोड़ रहे हैं। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। खेल इसका एक बड़ा हिस्सा बने, यही हमारा प्रयास है। पूरी दुनिया के खिलाड़ी जिन अलग-अलग खेल उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं, भारत उनकी गुणवत्ता का निमार्ता रहा है। मेरठ में खेल उपकरण बनाने वाली 35 हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां काम कर रही हैं। पीएम मोदी उन्होंने कहा कि कुछ समय दिल्ली में उनके आवास पर भारतीय ओलंपिक दल से मुलाकात के दौरान 'एक मित्र' ने प्रधानमंत्री की नई परिभाषा बताई। उन्होंने कहा कि देश के खिलाड़ी उन्हें प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि अपना 'परम मित्र' मानते हैं। उन्होंने उत्तराखंड में इस शानदार आयोजन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।

**यूसीसी माताओं-बहनों के गरिमापूर्ण जीवन का बनेगा आधार :** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में मंगलवार को 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए राज्य की धामी सरकार की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया कह रही है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के बाद मेरे मुंह से और दिल से अचानक ही निकला था कि यह दशक उत्तराखंड का दशक है। मुझे खुशी हो रही है कि उत्तराखंड तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बना है, जिसने यूसीसी लागू की है। मैं कभी-कभी इसे 'सेकुलर सिविल कोड' भी कहता हूं। यूसीसी हमारी माताओं-बहनों के गरिमापूर्ण जीवन का आधार बनेगी। साथ ही लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना को मजबूती मिलेगी।

# अवैध बालू लेकर आ रहे दो ट्रैक्टरों में अपराधियों ने लगाई आग



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू (हि.स.)।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले के रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामार जंगल में अज्ञात अपराधियो ने कनहर नदी से अवैध बालू लेकर आ रहे दो ट्रैक्टरों में आग लगा दी। दोनों ट्रैक्टर के इंजन, चक्के आदि जल गए। ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी गुडडू अंसारी एवं सऊद अंसारी के बताए गए हैं। इस संबंध में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से बालू के अवैध कारोबार में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि बीती रात्रि गुडडू एवं सऊद अंसारी के ट्रैक्टर बेलवादामार स्थित कनहर नदी से अवैध बालू लेकर आ रहे थे। इसी क्रम में दूधवल-बांदू मुख्य सड़क के बेलवादामर जंगल के पास एक अपाची बाइक से तीन अपराधी आए एवं गाड़ी रोक कर चालकों को मौके से हटाकर ट्रैक्टर के इंजन में आग लगा दी। आग से ट्रैक्टर के इंजन, टायर आदि जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलने पर रंका के एसडीपीओ रोहित रंजन, इंस्पेक्टर सुभाष कुमार, थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आग पर काबू पाया। दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया। डीएसपी ने मंगलवार शाम बताया कि अज्ञात अपराधियों के जरिये दोनों ट्रैक्टरों में आग लगा देने की घटना को अंजाम दिया गया है। एक बाइक से तीन अपराधी आए थे। पुलिस जांच में जुटी है। बहुत जल्द अपराधी सामने होंगे। इस संबंध में अज्ञात तीन अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

# पलामू-गढ़वा के रेलवे से जुड़े 23 मामले उठाए गए

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू (हि.स.)।** धनबाद मंडल कार्य समिति की बैठक पलामू सांसद वीडी राम की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। इसमें मुख्य रूप से पलामू और गढ़वा जिले में रेलवे से जुड़े कई विषयों पर चर्चा की गई। 23 मामलों पर चर्चा करते हुए इससे होने वाली कठिनाइयों और निर्माण के बाद फायदे के बारे में बताया गया। बैठक में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, गिरिडीह के चन्द्रप्रकाश चौधरी के अलावा हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, धनबाद के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, एडीआरएम विनीत कुमार सहित कई रेलवे पदाधिकारी उपस्थित थे।

23 मामलों में कई एक्सप्रेस ट्रेन का फेरा बढ़ाने, पुनः प्रारंभ करने, विस्तार करने, वंदे भारत ट्रेन को रांची से लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, नई दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस को सप्ताह में बुधवार की जगह शुक्रवार को चलाने, नगर उंटारी में ठहराव कराने, गया, शेरघाटी, इमामगंज, डालटनगंज रेलवे लाइन का निर्माण एवं बरवाडीह-चिरमिरी अंबिकापुर तक रेल लाइन का निर्माण करने सहित अन्य मामलों पर चर्चा की गई और इसमें तेजी से कार्य करने का आग्रह किया गया। कई जगहों पर आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए एलएचएस बनाने पर चर्चा की गई।

सांसद ने कहा कि रांची से डालटनगंज-गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन होते अयोध्या तक नई ट्रेन चलाने, त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने, पलामू एक्सप्रेस का रजहरा में एवं गरीबरथ का मोहम्मदगंज में ठहराव, रांची-वाराणसी इंटरसिटी एवं हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस को क्रमशः गोरखपुर एवं मुम्बई तक विस्तार करने, रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में कोच की संख्या बढाने, नई मेमू ट्रेन का परिचालन करने, लालगढ एवं पंजरीकला में आरयूबी के निर्माण कार्य में तेजी लाने, अमृत भारत योजना के तहत चयनित रेलवे स्टेशनों पर होने वाले कार्यों की समीक्षा करने, डाली, सोनपुरवा, अहिरपुरवा, कजरात, नावाडीह, बुढवापिपर, बखारी, कुंभी, लहरबंजारी, बेगमपुरा, सतबहिनी में आरयूबी या एलएचएस बनाने आदि मामले रखे गए।

# चौकीदार भर्ती में 11 अभ्यर्थियों ने किया फर्जीवाड़ा, एफआईआर की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता




**पलामू (हि.स.)।** पलामू में चौकीदार भर्ती प्रक्रिया के दौरान फजीर्वाड़ा करने वाले 11 अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की तैयारी है। यह खुलासा वीडियोग्राफी की जांच में हुआ। आठ अभ्यर्थियों ने अपनी जगह दूसरों को दौड़ में भेजा, दो अभ्यर्थी बीच ट्रैक से लौट गए और एक अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन में गैर मौजूद रहा। इसे लेकर जिला प्रशासन गंभीर हो गया है और डीसी शशि रंजन ने कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आनंद को सभी 11 आरोपित अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आंनद ने मंगलवार शाम इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दस्तावेज मिलते ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने 15 से 17 जनवरी तक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों और दौड़ की वीडियो की जांच की। इस दौरान 11 अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित नहीं हो सकी। आठ अभ्यर्थियों ने लिखित में स्वीकार किया कि उनकी जगह कोई और दौड़ा था। गड़बड़ी करने वाले अभ्यर्थियों में सुरेंद्र कुमार, दिनेश चौधरी, विवेक कुमार यादव, मनोहर यादव, संदीप कुमार यादव, आनंद कुमार, विकास यादव और अरविंद यादव शामिल हैं, जो खुद नहीं दौड़े। रवींद्र साहू और प्रियांशु शेखर तिवारी दौड़ बीच में छोड़कर चले गए, जबकि सुरेंद्र उरांव दस्तावेज जांच में नहीं आया।

इस भर्ती में कुल 155 पदों के लिए 125 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। पदों का आरक्षण विभाजन सामान्य वर्ग के लिए 78, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 13, अनुसूचित जनजाति के लिए 30, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 10 और पिछड़ा वर्ग के लिए 24 सीटें हैं।

# पत्नी को पिस्तौल सटाने वाले के घर से हथियार बरामद

**पलामू (हि.स.)।** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढवा जिले के मेराल थाना पुलिस ने ओखरगाड़ा गांव से पत्नी को पिस्तौल सटा कर गोली मारने की धमकी वाले के घर से लोडेड देसी कट्टा के साथ पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत के अनुसार ओखरगाड़ा गांव निवासी अजय प्रसाद गुप्ता ने अपनी पत्नी कौशल्या देवी के साथ मारपीट करते हुए कनपटी में पिस्टल सटा कर गोली मार देने की धमकी देते हुए घर से चला गया था। यह घटना पत्नी के साथ गांव की ही एक महिला के साथ चल रहे उसके अवैध संबंध के कारण हुआ।कौशल्या देवी घटना के बाद काफी डरी-सहमी हुई है। उसने घटना की सूचना अपने मायके वालों को दी। इसके बाद उनलोगों के जरिये घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी।

# दो एकड़ में लगे अफीम की खेती को पुलिस-प्रशासन ने किया नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा (हि.स.)।** प्रशासन की टीम ने अफीम माफियाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। अफीम की खेती को लेकर मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीओ विजय दास के नेतृत्व में गठित पुलिस-प्रशासन और वन? विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार शाम कार्रवाई करते हुए टंडवा के धनगडा पंचायत के बोंगागढ़ा के जंगली इलाके में करीब दो एकड़ जमीन पर लगे अफीम की फसल को लाठी-डंडे से पीटकर नष्ट कर दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि पुलिस-प्रशासन के जरिये अफीम की खेती को लेकर जारी सख्ती और लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बावजूद कुछ लोगों के जरिये अफीम की खेती की गई थी। जिसे टीम के द्वारा नष्ट किया गया है। इस अभियान में टंडवा थाना के सशस्त्र बल के आलावे वन विभाग की टीम शामिल थी।

# रेल लाइन निर्माण में लगे संवेदक ने छह घरों पर चलाया बुलडोजर



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा (हि.स.)।** दटंडवा अंचल क्षेत्र के बुकरू मौजा स्थित एक भुखंड पर बने लगभग छह घरों पर रेलवे प्रबंधन ने प्रशासन के मौजुदगी में डोजर चलाकर घरों को ध्वस्त कर दिया। इससे घरों मे निवास कर रहे लोगों को हजारो रुपये की आर्थिक क्षति होने के साथ घर में रखे समान मलवे मे दब जाने से बर्बाद हो गया।

रेल लाइन निर्माण में लगे संवेदक के जरिये इस कार्रवाई से रैयतों में नाराजगी है। भुक्त भोगियों मे मसो टहली देवी, लक्ष्मण साव, भोला साव, दामोदर साव, रमन साव, रोहन साव आदि ने बताया कि हमलोग को घर तोड़े जाने की सूचना रेलवे प्रबंधन या स्थानीय प्रशासन के जरिये नहीं दी गई। लोगों ने बताया कि जमीन का मुआवजा भुगतान होने के बाद उसी पैसे से अन्यत्र घर बना कर रह रहे है। इसका फायदा उठाते हुए संवेदक ने प्रशासन की मौजूदगी में सभी के घर तोड़ दिया। भुक्त भोगियों का यह भी आरोप है कि हमलोगों को घर पर रखे सामान को निकालने तक का मौका नही दिया। लोग गिड़गिड़ाते रहे पर किसी ने भुक्तभोगियों की बात सुनने को तैयार नहीं थे। भुक्तभोगियों का आरोप है कि जिन रैयतों को घर एवं जमीन का मुआवजा मिल चुका है उनके घरों को नहीं तोड़ा गया है। इस संबंध में भुक्तभोगियों ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक उज्जल दास से न्याय की गुहार लगाई है।

# प्रधानाध्यापक पढ़ाई छोड़ शौचालय निर्माण में बने मजदूर, बालू लाने का वीडियो वायरल

नवीन मेल संवाददाता






**पलामू (हि.स.)।** जिले के तरहसी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परसाईं में बन रहे शौचालय के निर्माण कार्य में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार की मंगलवार को एक आपत्तिजनक स्थिति सामने आई है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में प्रधानाध्यापक विद्यालय अवधि में साइकिल से बालू लाते हुए दिख रहे हैं। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि जिन शिक्षकों को बच्चों को शिक्षा देने के लिए नियुक्त किया गया है, वे इस तरह की अनैतिक गतिविधियों में क्यों लिप्त हैं?

इस वीडियो में प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार साइकिल पर बालू बोरी लादे विद्यालय की तरफ जाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य स्पष्ट रूप से यह दशार्ता है कि शिक्षा के नाम पर जिम्मेदारी संभालने वाले एक शिक्षक कैसे सरकारी निर्माण कार्यों में बिना किसी शर्म या लज्जा के लिप्त हो सकते हैं। विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के बजाय वह शिक्षा के नाम पर शौचालय जैसे निर्माण कार्य में मजदूर बनकर व्यस्त हैं। उस वक्त स्कूल के बच्चे खुले में पढ़ाई कर रहे थे। वीडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू से इस मामले में प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि वीडियो को गंभीरता से लिया गया है और मामले की जांच की जाएगी। साहू ने यह भी कहा कि यदि प्रधानाध्यापक की भूमिका सही नहीं पाई जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# द कोरिया में भारी बर्फबारी से थम गया है जनजीवन


दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप के माउंट हल्ला पर 130 सेंटीमीटर बर्फ जमा

**सियोल (हि.स.)**

दक्षिण कोरिया में हो रही बर्फबारी से जनजीवन थम गया है। इसका सबसे ज्यादा असर सड़क और रेलमार्ग पर पड़ा है। बर्फबारी ने चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाने वाले लोगों के कदमों पर ब्रेक लगा दिया है। सोमवार शाम चार बजे तक जेजू के दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप के माउंट हल्ला पर 130 सेंटीमीटर बर्फ गिर चुकी है। द कोरिया टाइम्स के अनुसार देश के पूर्वी प्रांत गैंगवॉन की कुछ काउंटियों में इसी अवधि में 40 सेंटीमीटर बर्फ जमा हो गई है। राजधानी सियोल से लगभग 60 किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्योंगगी प्रांत के अनसेओंग और प्योंगटेक शहरों में लगभग 25 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। सियोल में ग्वानक के दक्षिण-पश्चिमी वार्ड में 13.7 सेमी बर्फबारी हुई। कोरिया मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को जेजू के पहाड़ी इलाकों में 5 से 15 सेंटीमीटर, चुंगचेओंग और जिओला प्रांत में लगभग 5 से 10 सेंटीमीटर बर्फ गिरने का अनुमान जताया है।

## थल सेना, नौसेना, वायुसेना और सीएपीएफ के बैंड देंगे प्रस्तुति

# विजय चौक पर 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह आज

- गणतंत्र दिवस के समापन कार्यक्रम में बजाई जाएंगी 30 भारतीय धुनें

**नई दिल्ली (हि.स.)**

रायसीना हिल्स पर 29 जनवरी को डूबते सूरज के साथ 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन को चिह्नित करते हुए 'बीटिंग रिट्रीट' कार्यक्रम होगा। राजसी पृष्ठभूमि में होने वाले समारोह के दौरान विजय चौक भारतीय धुनों में डूब जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अन्य केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और विशिष्ट दर्शकों के सामने भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बैंड 30 भारतीय धुनें बजाएंगे। समारोह की शुरुआत सामूहिक बैंड की धुन 'कदम कदम बढ़ाए जा' से होगी, जिसके बाद 'अमर भारती', 'इंद्रधनुष', 'जय जन्म भूमि', 'नाटी इन हिमालयन वैली', 'गंगा जमुना' जैसी मनमोहक धुनें बजाई जाएंगी। पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड 'वीर सियाचिन' और सीएपीएफ बैंड 'विजय भारत', 'राजस्थान ट्रूप्स', 'ऐ वतन तेरे लिए' और 'भारत के जवान' धुन बजाएंगे। वायु सेना का बैंड 'गैलेक्सी राइडर', 'स्ट्राइड', 'रूबरू' और 'मिलेनियम फ्लाइट फैंटेसी' जैसी धुनें बजाएगा। नौसेना का बैंड 'राष्ट्रीय प्रथम', 'निष्कर्ष निष्पद', 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्प्रेड द लाइट ऑफ फ्रीडम', 'रिदम ऑफ द रीफ' और 'जय भारती' धुन बजाएगा। इसके बाद भारतीय सेना का बैंड 'वीर सपूत', 'ताकत वतन', 'मेरा युवा भारत', 'ध्रुव' और 'फौलाद का जिगर' धुनें बजाएगा। इसके बाद सामूहिक बैंड 'प्रियम भारतम', 'ऐ मेरे वतन के लोगों' और 'ड्रमर्स कॉल' जैसे गीत बजाएंगे। कार्यक्रम का समापन बिगुलर्स के सदाबहार लोकप्रिय गीत 'सारे जहां से अच्छा' के साथ होगा। समारोह के मुख्य संचालक कमांडर मनोज सेबेस्टियन होंगे। सेना बैंड के संचालक सूबेदार मेजर (मानद कैप्टन) बिशन बहादुर होंगे, जबकि एम एंटनी, एमसीपीओ एमयूएस-2 के नेतृत्व में नौसेना का बैंड अपनी प्रस्तुति देगा। इसी तरह वारंट ऑफिसर अशोक कुमार वायु सेना बैंड के संचालक होंगे। सीएपीएफ बैंड के संचालक हेड कांस्टेबल जीडी महाजन कैलाश माधव राव होंगे। पाइप्स एवं ड्रम्स बैंड सूबेदार मेजर अभिलाष सिंह के निर्देशन में बजेगा, जबकि बिगुलर्स नायब सूबेदार भूपाल सिंह के नेतृत्व में प्रस्तुति देंगे।

'बीटिंग रिट्रीट' समारोह के लिए मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल नई दिल्ली के विजय चौक पर हुई, जिसमें भारत की सैन्य परंपराओं की भव्यता को दर्शाया गया। सेना, नौसेना, वायु सेना और सीएपीएफ के बैंड ने शानदार धुनें बजाकर मुख्य कार्यक्रम के लिए मंच तैयार किया।


फाइल फोटो

### डेनमार्क आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ाएगा सैन्य उपस्थिति

**हेलसिंकी (आईएएनएस)।** डेनमार्क ने आर्कटिक क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाने का ऐलान किया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार डेनमार्क के स्वामित्व वाले क्षेत्र 'ग्रीनलैंड' को हासिल करने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं। डेनमार्क के रक्षा मंत्री ट्रॉल्स लुंड पॉल्सन ने सोमवार देर रात घोषणा की कि सरकार ग्रीनलैंड, आर्कटिक सागर और उत्तरी अटलांटिक की रक्षा को मजबूत करने के लिए 14.6 बिलियन डेनिश क्रोन (लगभग 2 बिलियन डॉलर) आवंटित करेगी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला डेनिश राजनीतिक दलों के बीच एक समझौते के बाद लिया गया।

### नेतन्याहू अगले सप्ताह कर सकते हैं व्हाइट हाउस का दौरा

**वाशिंगटन (हि.स.)।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगले सप्ताह व्हाइट हाउस का दौरा कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद उनसे मिलने वाले पहले विदेशी नेता होंगे। सीएनएन की खबर के अनुसार, अमेरिका और इजराइल की कूटनीति को करीब से समझने वाले कुछ अधिकारियों ने ऐसे संकेत दिए हैं। हालांकि, बेंजामिन नेतन्याहू की यात्रा की योजना को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है और ना ही आधिकारिक तौर पर यात्रा के लिए किसी तारीख का चयन किया गया है। अमेरिका और इजरायली अधिकारियों ने यात्रा की योजना को प्रारंभिक चरण बताया है।

### माइक्रोसॉफ्ट कर सकती है टिकटॉक का अधिग्रहण

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि माइक्रोसॉफ्ट जल्द ही चीन की सोशल मीडिया कंपनी टिकटॉक का अधिग्रहण कर सकती है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका मानना है कि माइक्रोसॉफ्ट, टिकटॉक का अधिग्रहण करने के लिए चर्चा कर रहा है। उन्होंने एयर फोर्स वन में साथ यात्रा कर रहे संवाददाताओं से कहा कि इसकी बोली दिलचस्प होगी। सीएनएन की खबर के अनुसार, कानून के अनुसार टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंधित किया जाना है। ट्रंप ने सीधेतौर पर पूछे जाने पर कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इस ऐप हासिल करने के लिए चर्चा कर रहा है? ट्रंप ने इस सवाल के जवाब में कहा, 'मैं हां कहूंगा।' उन्होंने कहा, 'टिकटॉक में बहुत रुचि है।

### बांग्लादेश में रेल हड़ताल से हजारों यात्री मझधार में

**ढाका (हि.स.)।** बांग्लादेश में देशव्यापी हड़ताल के कारण सोमवार आधी रात से रेलगाड़ियों के पहिये थमने से हजारों मुसाफिर बीच मझधार में फंस गए हैं। कई जगह तो ड्राइवर ट्रेन छोड़कर ही भाग गए। हड़ताल से अनजान कई यात्री मंगलवार सुबह ढाका के कमलापुर स्टेशन पर रेलगाड़ियों का इंतजार करते रहे। घंटों बाद उन्हें पता चला कि रेलवे कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। इसके बाद कुछ घरों को लौट गए। सैकड़ों यात्रियों ने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का सहारा लिया। प्रमुख बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार रेलवे रनिंग स्टाफ की हड़ताल के कारण देशभर में ट्रेनों का चक्का जाम है।

## ह्यूमन राइट्स वॉच की नवीनतम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के निशाने पर हिंदू समुदाय

- अहमदिया समुदायों पर भी कर रहे हमले
- सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही पुलिस

**ढाका (आईएएनएस)**

कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाले समूह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदू और अहमदिया समुदायों पर हमला कर रहे हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। रिपोर्ट में पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटाए जाने के बाद देश में सुरक्षा बलों के गलत इस्तेमाल के 'एक परेशान करने वाले पैटर्न' को भी उजागर किया गया, जिसमें अवामी लीग के समर्थकों और पत्रकारों को निशाना बनाया जा रहा है।

'मानसून क्रांति के बाद : बांग्लादेश में सुरक्षा क्षेत्र में स्थायी सुधार के लिए रोडमैप' शीर्षक वाली 50 पन्नों की रिपोर्ट में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को कई सिफारिशें दी गई हैं। रिपोर्ट में हसीना सरकार के पतन के बाद से हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों का उल्लेख किया गया है, जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता पैदा हुई है। कई टिप्पणीकारों ने एचआरडब्ल्यू को बताया कि हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर इसलिए हमला किया गया, क्योंकि वे पारंपरिक रूप से शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी का समर्थन करते थे। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 'हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसक हमलों के बार-बार आरोप लग रहे हैं और पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करने में नाकाम रही है। इसमें हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को भी बांग्लादेश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए 'एक और चिंताजनक संकेत' बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया, दास की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है, जब हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर चिंता बढ़ रही हैं। अंतरिम सरकार ने पुष्टि की है कि 5 अगस्त से 22 अक्टूबर के बीच सांप्रदायिक हिंसा के कम से कम 88 मामले दर्ज किए गए और 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया। हिंदू समूहों का कहना है कि हिंदू व्यवसायों, घरों और पूजा स्थलों को निशाना बनाकर तोड़फोड़ की सैकड़ों घटनाएं हुई हैं।

न्यूयॉर्क स्थित मानवाधिकार संगठन ने यह भी सुझाव दिया कि अंतरिम सरकार को तुरंत यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी को भी मनमाने ढंग से या गैरकानूनी तरीके से हिरासत में न लिया जाए।



**400 पूर्व मंत्रियों, संसद सदस्यों और अवामी लीग के अन्य पदाधिकारियों को 1,170 से अधिक मामलों में नामजद किया गया**

6 अगस्त से 25 सितंबर के बीच बांग्लादेश पुलिस ने 92,486 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए, जिनमें से अधिकांश हत्या से संबंधित थे। लगभग 400 पूर्व मंत्रियों, संसद सदस्यों और अवामी लीग के अन्य पदाधिकारियों को 1,170 से अधिक मामलों में नामजद किया गया, जिनमें सैकड़ों अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। शेख हसीना के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि नवंबर तक ढाका में अधिकारियों ने 'छात्र क्रांति' पर रिपोर्टिंग के संबंध में कम से कम 140 पत्रकारों के खिलाफ हत्या के आरोप दर्ज किए और आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए आवश्यक 150 से अधिक प्रेस मान्यताएं रद्द कर दी हैं। एचआरडब्ल्यू ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सलाह दी कि वह स्थायी परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में प्रस्ताव लाए। इसमें कहा गया है कि यह रिपोर्ट बांग्लादेश में गहन शोध के साथ-साथ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, अंतरिम सरकार के सदस्यों, वर्तमान और पूर्व कानून प्रवर्तन और सैन्य अधिकारियों के साथ हाल के साक्षात्कारों पर आधारित है।

## रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द कर सकते हैं भारत का दौरा

- कहा, रूस और भारत के संबंध विशेष
- अभी नहीं हुआ है तारीखों का ऐलान


**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बहुत जल्द भारत का दौरा कर सकते हैं। उन्होंने भारत के साथ संबंधों के और मजबूत होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा है कि रूस और भारत के संबंध विशेष रणनीतिक साझेदारी पर आधारित हैं। पुतिन ने उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों देश मिलकर ये प्रयास करते रहेंगे कि सभी क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत होते रहें, जिससे दोनों देशों को लाभ हो।

पुतिन ने कहा कि रूस और भारत के संबंध विशेष हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे द्विपक्षीय संबंध प्रगाढ़ होते रहेंगे। दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध से हमारे मूलभूत हित पूरे होंगे और ये अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के भी अनुरूप होगा। पुतिन ने रिपब्लिक डे के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुभकामना संदेश में कहा कि 75 साल पहले अस्तित्व में आए भारत के संविधान में भारत के लोकतांत्रिक विकास की नींव रखी। तभी से आपके देश ने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और अन्य क्षेत्रों में सार्वभौमिक सफलता हासिल की और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में पहचान बनाई है।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन जल्द ही भारत का दौरा भी कर सकते हैं। हालांकि, इसकी तारीखों का ऐलान अभी नहीं किया गया, लेकिन ये कहा जा रहा है कि ये दौरा जल्द हो सकता है। वहीं, पीएम मोदी पिछले साल जुलाई में रूस के दो दिवसीय दौरे पर गए थे। वे रूस-भारत समिट में हिस्सा लेने मॉस्को गए थे। इसके बाद वे ब्रिक्स समिट के लिए रूस के कजान शहर भी गए थे। इसमें सबसे अहम बात ये है कि पुतिन की ओर से ये बयान ऐसे वक्त में आया है, जब अमेरिका रूस पर लगातार दवाब बना रहा है।

ट्रंप किसी भी हाल में रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने का मन बना चुके हैं। इसके लिए वे कोई भी कदम उठाने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि वे जितनी जल्दी हो सके, रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करना चाहते हैं। उनके यूक्रेन के साथ समझौता भी करना चाहते हैं। उन्होंने अपने काउंटर पार्ट को यूक्रेन में युद्ध खत्म करने या हाई टैरिफ या कड़े प्रतिबंध का सामना करने की चेतावनी दी थी।



# चेन्नई में एनआईए ने आईएसआईएस से जुड़े अल्फाजिथ को किया गिरफ्तार

**चेन्नई (आईएएनएस)**




- आतंकवादी संगठन में लोगों की भर्ती करने समेत अवैध गतिविधियों में शामिल था

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आईएसआईएस आतंकवादी संगठन के लिए लोगों की भर्ती करने के आरोप में एक प्रमुख आरोपी अल्फाजिथ को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। एनआईए को तमिलनाडु के विभिन्न जिलों से प्रतिबंधित संगठनों में लोगों की भर्ती किए जाने की जानकारी मिली थी, जिसके बाद पिछले कुछ हफ्तों से चेन्नई और मयिलादुथुराई में छापेमारी की जा रही थी। मंगलवार के तड़के 3 बजे से एनआईए ने चेन्नई और मयिलादुथुराई के 15 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी की। इसी दौरान, अल्फाजिथ को चेन्नई के पुरसाईवक्कम इलाके में एक बहुमंजिला इमारत से गिरफ्तार किया गया। 25 वर्षीय अल्फाजिथ मयिलादुथुराई जिले का निवासी है और चेन्नई के पुरसाईवक्कम में कस्तूरी एंबुलेंस सेवा में ड्राइवर के रूप में काम करता था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह आईएसआईएस के लिए लोगों की भर्ती करने समेत अवैध गतिविधियों में शामिल था। फिलहाल जांच जारी है।

बता दें कि इससे पहले एनआईए ने मंगलवार को तमिलनाडु के मयिलादुथुराई और चेन्नई के भी कई जिलों में छापेमारी की। जांच एजेंसी ने 20 स्थानों पर छापेमारी की। इनमें से मयिलादुथुराई के 15 जगहों और चेन्नई के पांच जगहों पर यह छापेमारी की गई। इस छापेमारी में केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु की टीमों के साथ तमिलनाडु पुलिस भी शामिल थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई प्रतिबंधित इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े स्थानों पर की गई थी। एनआईए ने इससे पहले भी तमिलनाडु के तंजावुर, तिरुचि, कोयंबटूर और मदुरै जैसे स्थानों पर पीएफआई के खिलाफ छापेमारी की थी। इस कार्रवाई का संबंध 2019 में तंजावुर में पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) नेता रामलिंगम की हत्या से है।

## कई सभ्यताओं की धरती गाजा पट्टी सालों से नरक की तरह

# ट्रंप ने दोहराया, गाजा को कराना है 'खाली'

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



- बोले अमेरिकी राष्ट्रपति, वे ऐसे क्षेत्र में रहें, जहां हिंसा नहीं हो
- फिलिस्तीनी ग्रुप हमास और इस्लामिक जिहाद इसे कर चुके हैं खारिज

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक बार फिर गाजा को खाली करने का अपने विचार दोहराया। उन्होंने इस क्षेत्र में रहने वाले फिलिस्तीनियों के बारे में कहा, मैं चाहता हूं कि वे ऐसे क्षेत्र में रहें, जहां वे बिना किसी रुकावट, क्रांति और हिंसा के रह सकें। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप ने कहा, जब आप गाजा पट्टी को देखते हैं, तो पाते हैं कि यह कई सालों से नरक की तरह है..., इस पट्टी पर कई सभ्यताएं रही हैं। यह अभी शुरू नहीं हुआ है। इसकी शुरुआत हजारों साल पहले हुई थी और इसके साथ हमेशा हिंसा जुड़ी रही है। आप लोगों को ऐसे इलाकों में ले जा सकते हैं, जो अधिक सुरक्षित हैं और शायद ज्यादा बेहतर और आरामदायक।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, गाजा के लगभग 90% निवासी विस्थापित हो चुके हैं। कई लोगों को बार-बार, कुछ को तो 10 से भी अधिक बार, विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को कहा था कि वह चाहते हैं कि जॉर्डन और मिस्र गाजा से लोगों को ले जाएं। उन्होंने सुझाव दिया, 'हम उस पूरी जगह को बस खाली कर दें।'

ट्रंप ने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला के साथ अपनी कॉल के बारे में बताते हुए यह बात कही थी। उनके मुताबिक, मैंने उनसे कहा कि मैं चाहूंगा कि आप और अधिक काम करें, क्योंकि मैं अभी पूरे गाजा पट्टी को देख रहा हूं और यह एक गड़बड़ है, एक वास्तविक गड़बड़ है। मैं चाहूंगा कि वह लोगों को ले जाए। उन्होंने कहा कि वह बाद में मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी से बात करेंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से बात की है, लेकिन उन्होंने सीधे तौर पर यह कहने से इनकार कर दिया कि क्या राष्ट्रपति की अतिरिक्त फिलिस्तीनी शरणार्थियों को लेने के बारे में क्या राय है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं ऐसा करना पसंद करूंगा। मैं चाहता हूं कि वे कुछ ले जाएं, हम उनकी बहुत मदद करते हैं, और मुझे यकीन है कि वह हमारी मदद कर सकते हैं, वह मेरे दोस्त हैं।

## एच5एन1 का बढ़ता जोखिम समूची दुनिया के लिए चिंता का कारण

# मानवों के लिए महामारी के रूप में एक बड़ा खतरा

- विज्ञान पत्रिका 'नेचर' के नवीनतम अंक में छपा आलेख कर रहा है सावधान

**चेन्नई (हि.स.)**



**धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है एच5एन1 का जोखिम**


एमोरी यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन की इन्फ्लूएंजा वायरोलॉजिस्ट डॉक्टर सीमा लकड़वाला ने कहा कि धीरे-धीरे एच5एन1 का जोखिम बढ़ता जा रहा है। खासकर पिछले कुछ महीनों में गंभीर संक्रमण फैलने की जानकारियां मिली हैं। बीमारी की रोकथाम के मामले में विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए वैश्विक स्तर पर समन्वय कर रहा है।

एवियन इन्फ्लूएंजा ए (एच5एन1), यानी बर्ड फ्लू महामारी का बढ़ता जोखिम समूची दुनिया के चिंता का कारण बनता जा रहा है। इस वायरस से लाखों पक्षियों की मौत हो चुकी है। अमेरिका के छह राज्यों में बड़ी संख्या में मवेशी संक्रमित हैं। यह वायरस मानवों के लिए महामारी के रूप में एक बड़ा खतरा हो सकता है। बर्ड फ्लू महामारी के खतरे के बीच वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) से अलग होने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की घोषणा से पूरे विश्व के चिकित्सा वैज्ञानिक और पशु चिकित्सक बहुत चिंतित हैं।लंदन से प्रकाशित वैज्ञानिक अनुसंधान पर आधारित साप्ताहिक पत्रिका 'नेचर' के नवीनतम अंक में छपे एक आलेख के अनुसार बर्ड फ्लू महामारी, यानी एच5एन1 का बढ़ता जोखिम समूची दुनिया के लिए चिंता का कारण है। चिंता जताई गई है कि क्या एच5एन1 मानव महामारी को जन्म दे सकता है? इससे समूची दुनिया में इसका जोखिम बढ़ रहा है। एच5एन1 जंगली पक्षियों से फैलने वाला वायरस गायों एवं अन्य पशुओं को भी आसानी से संक्रमित कर सकता है। उत्तरी अमेरिका में कम से कम 68 लोग इससे बीमार हुए हैं और एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। आलेख के मुताबिक अमेरिकी गायों में बर्ड फ्लू का प्रकोप बहुत गंभीर चिंता का विषय है। चिकित्सा वैज्ञानिक और पशु चिकित्सक बहुत चिंतित हैं। इस वायरस से लाखों पक्षियों की मौत चुकी है। अब अमेरिका के छह राज्यों के मवेशी भी इससे संक्रमित हो चुके हैं। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा है कि मानव जाति के लिए इसका खतरा फिलहाल पशुओं से किसी मामले में कम नहीं है। आलेख में दावा किया गया है कि वायरस के विभिन्न प्रकार गायों और अन्य स्तनधारियों के अनुकूल होने के कारण इसका खतरा गंभीर स्थिति में पहुंच रहा है। यह वायरस पक्षियों से सीधे मनुष्यों में फैल सकता है।

### सेना को नया रूप देंगे ट्रंप, किए 4 कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सेना को नया रूप देने पर केंद्रित कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। सोमवार को देर रात हस्ताक्षरित एक आदेश सेना में विविधता, समानता और समावेश (डीईआई) पहलों पर प्रतिबंध लगाता है। एक अन्य आदेश में 8,000 से अधिक सेवा सदस्यों को बहाल किया गया, जिन्हें कोविड-19 वैक्सीन लेने से इनकार करने के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। व्हाइट हाउस ने कहा कि तीसरे कार्यकारी आदेश में अधिकारियों को ट्रांसजेंडर सैनिकों पर नीति बनाने का काम सौंपा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस आदेश में ट्रांसजेंडर सर्विस मेंबर पर तुरंत प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

# जापान में चौराहे पर सड़क धंसी, गड्ढे में समा गया ट्रक



**टोक्यो (हि.स.)**

जापान के सैतामा प्रांत के याशियो में एक चौराहे पर मंगलवार को एक बड़े गड्ढे में एक ट्रक समा गया। इस घटना में एक व्यक्ति को बचा लिया गया। पुलिस को दिन में करीब 9:50 बजे एक आपातकालीन कॉल में कहा गया कि चौराहे पर अचानक जमीन धंस गई और इससे लगभग 10 मीटर चौड़ा और 6 मीटर गहरा गड्ढा बन गया है। इस दौरान गुजर रहा एक ट्रक इसमें समा गया। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार बचाए गए व्यक्ति की हालत ठीक है। वह आराम से बातचीत कर रहा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार चौराहे के आसपास से एक सीवर प्रणाली गुजरती है।